# देश प्राण

सच की ताकत

रांची

**सोमवार, 6 अप्रैल, 2026**

वैशाख, कृष्ण पक्ष, चतुर्थी, संवत् 2083

स्थापितः 1991, संस्थापक : बलबीर दत्त

वर्षः 35, अंकः 139, मूल्यः ₹3

पृष्ठः 1, कुल पृष्ठः 12

contact@deshpran.in | Desh Pran | Desh Pran | Desh Pran | @deshpran | @deshpran | Desh Pran | www.deshpran.com


## सुविचार

ऐसे देश को छोड़ देना चाहिए जहां धन तो है लेकिन सम्मान नहीं।

**देश प्राण** के सोशल मीडिया अकाउंट से जुड़ने के लिए ऊपर क्यूआर कोड स्कैन करें।

## इतिहास के पन्नों में

### 6 अप्रैल



**जन्म दिवस**

**सुचित्रा सेन**

जन्म : 6 अप्रैल 1931 ई.

मृत्यु : 17 जनवरी, 2014 ई.

सुचित्रा सेन हिन्दी एवं बांग्ला फिल्मों की एक अभिनेत्री थीं। वह मुनमुन सेन की मां थी। विशेषकर उत्तम कुमार के साथ अभिनय करने के कारण वे सारे पश्चिम बंगाल में अत्यन्त जनप्रिय हुईं। उत्तम-सुचित्रा की जोड़ी आज भी बांग्ला चलचित्र की श्रेष्ठ जोड़ी मानी जाती है। वे प्रथम भारतीय अभिनेत्री हैं जिनको किसी अंतर्राष्ट्रीय चलचित्र महोत्सव में पुरस्कार प्रदान किया गया। उन्होंने 1963 के मॉस्को फिल्म फेस्टिवल में अपनी फिल्म 'सात पाके बांधा' के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का पुरस्कार जीता था।

# असम के आदिवासियों के न्याय का मुद्दा राजनीति से ऊपरः हेमंत सोरेन



**गुवाहाटी, 05 अप्रैलः** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने रविवार को एक्स पोस्ट के जरिए कहा - असम की धरती पर एक ऐसा सच दबा दिया गया है, जिसे जितना कहा जाए, सबको बताया जाए, उतना कम है।

असम के चाय बागानों में पीढ़ियों से रह रहे आदिवासी समाज को आज तक एसटी का संवैधानिक दर्जा नहीं मिला। यह सामान्य चूक नहीं है, यह राष्ट्रीय स्तर का अन्याय है। एक ऐसा अन्याय, जिसे इतिहास कभी माफ नहीं करेगा।

उन्होंने कहा कि सोचिए, जिन लोगों को अंग्रेजों ने उनके घरों से दूर लाकर इस मिट्टी से बांध दिया, जिन्होंने अपने खून-पसीने से असम की अर्थव्यवस्था खड़ी की, उन्हीं को आज तक उनके अस्तित्व की मान्यता नहीं दी गई।

आजादी के बाद भी दशकों तक सरकारें बदलती रहीं, नेतृत्व बदलता रहा, लेकिन इस समाज का दर्द नहीं बदला। सबसे पीड़ादायक बात यह है कि जिन्होंने बड़े-बड़े वादे किए, उन्होंने भी इस मुद्दे को अपनी प्राथमिकता नहीं बनाया।

यहां तक कि सत्ता में बैठी पार्टियों ने भी इसे अपने घोषणापत्र तक में जगह नहीं दी।

मुख्यमंत्री श्री हेमंत सोरेन ने कहा क्या यह सवाल नहीं उठना चाहिए कि आखिर एक पूरे समाज को उसके संवैधानिक अधिकार से वंचित क्यों रखा गया?

**जब तक न्याय अधूरा है, तब तक लोकतंत्र भी अधूरा है**

मुख्यमंत्री ने तीखे शब्दों में कहा कि मैं यह स्पष्ट कहना चाहता हूं - यह मुद्दा राजनीति से ऊपर है। यह न्याय, सम्मान और पहचान का सवाल है। असम के आदिवासी समाज को अब और इंतजार नहीं कराया जा सकता। उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज को उनका अधिकार मिलना ही चाहिए - पूरा अधिकार, संवैधानिक अधिकार, और सम्मान के साथ। अब समय आ गया है कि देश इस अन्याय को स्वीकार करे और उसे ठीक करे। क्योंकि जब तक न्याय अधूरा है, तब तक लोकतंत्र भी अधूरा है।

मुख्यमंत्री ने अंत में देश से अपील करते हुए कहा कि अब समय आ गया है कि इस ऐतिहासिक अन्याय को स्वीकार कर इसे दूर किया जाए ताकि आदिवासी समाज को उनका अधिकार और सम्मान मिल सके।

उल्लेखनीय है कि असम में आगामी 9 अप्रैल को वोट डाले जाएंगे।

### मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के लाभुकों को सम्मान राशि का भुगतान

**रांची,05 अप्रैल (हि.स.):** राज्य सरकार के महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना अंतर्गत रांची जिले में लाभुकों के मध्य मार्च महीने की सम्मान राशि का भुगतान कर दिया गया है। इस योजना के तहत जिले की कुल तीन लाख 89 हजार 296 महिलाओं के बैंक खातों में आधार बेस्ड डीबीटी माध्यम से 2500 रुपये प्रति लाभुक की दर से कुल 97 करोड़ 32 लाख 40 हजार रुपये की राशि का भुगतान कर दिया गया है। इनमें अनगड़ा 16,701 लाभुक, अरगोड़ा शहरी क्षेत्र 13360 लाभुक, बड़गाईं शहरी क्षेत्र 9,683 लाभुक, बेड़ो 20,571 लाभुक, बुण्डू 8,440 लाभुक, बुण्डू नगर पंचायत 3,502 लाभुक, बुढ़मू 17816 लाभुक, चान्हो19,699 लाभुक, हेहल शहरी क्षेत्र 15,245 लाभुक, ईटकी10,334 लाभुक, कांके 31,548 लाभुक, कांके शहरी क्षेत्र 1,313 लाभुक, खलारी 9,580 लाभुक, लापुंग 11,342 लाभुक, मांडर 23,079 लाभुक, नगड़ी17,856 लाभुक, नगड़ी शहरी क्षेत्र 8250 लाभुक, नामकुम 17847 लाभुक, नामकुम शहरी क्षेत्र 9489 लाभुक, ओरमांझी 18,147 लाभुक, राहे 9,522 लाभुक, रातू 18,545 लाभुक, सिल्ली 21,120 लाभुक, सोनाहातू 13,036 लाभुक, तमाड़18,491 लाभुक, सदर शहरी क्षेत्र 24,780 लाभुक शामिल है।

**गैस की किल्लत, एजेंसियों के चक्कर काट रहे लोग**

## रांची में गैस रिफिलिंग गिरोह का भंडाफोड़, रेस्त्रां से 9 सिलेंडर बरामद

**रांची, 05 अप्रैलः** झारखंड की राजधानी रांची के ओरमांझी क्षेत्र में अवैध गैस सिलेंडर रिफिलिंग और कालाबाजारी के खिलाफ जिला प्रशासन ने कार्रवाई करते हुए एक संगठित गिरोह का खुलासा किया है। उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री के निर्देश पर जिला स्तरीय टीम ने ईरवा स्थित एक बिरयानी दुकान में छापेमारी की और वहां से एलपीजी सिलेंडर बरामद की।

ओरमांझी के प्रखंड विकास पदाधिकारी के नेतृत्व में एक गुप्त सूचना के आधार पर हुई इस कार्रवाई के दौरान दिल्ली दरबार नामक बिरयानी दुकान से कुल नौ व्यवसायिक गैस सिलेंडर बरामद किए गए। इनका कुल वजन लगभग 19.02 किलोग्राम था, जिनमें एचपी और इंडेन के सिलेंडर शामिल हैं। जांच में पाया गया कि कुछ सिलेंडर सील थे, जबकि कुछ का उपयोग अवैध रिफिलिंग के लिए किया जा रहा था।

दुकान संचालक से पूछताछ में खुलासा हुआ कि सिलेंडर एक बिचौलिए के माध्यम से कार से सप्लाई किए जाते थे। यह बिचौलिया अवैध रूप से सिलेंडरों की रिफिलिंग कर उन्हें ऊंचे दामों पर बेचता था और मुनाफे में हिस्सेदारी भी तय थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए टीम ने गिरफ्तार व्यक्ति की निशानदेही पर ओरमांझी थाना क्षेत्र में आरोपित के घर पर भी छापेमारी की।

इस दौरान एक 19.02 किलोग्राम क्षमता का एचपी गैस सिलेंडर बरामद किया गया, जिसमें करीब 10 किलोग्राम गैस भरी हुई थी और उस पर रिफिलिंग नोजल लगा हुआ था। साथ ही एक इलेक्ट्रॉनिक तराजू भी जब्त किया गया, जिससे इस अवैध कारोबार के व्यवस्थित तरीके से संचालित होने की पुष्टि हुई। हालांकि मुख्य आरोपित छापेमारी के दौरान फरार हो गया, जिसकी तलाश जारी है।

प्रशासन ने बताया कि इस प्रकार की गतिविधियां आपूर्ति और वितरण विनियमन आदेश, 2000 (रेगुलेशन ऑफ सप्लाई एंड डिस्ट्रीब्यूशन ऑर्डर-2000) और आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के तहत गंभीर अपराध की श्रेणी में आती हैं। इस संबंध में ओरमांझी थाना में प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

## राहुल दुबे गैंग के सात अपराधी हथियार समेत गिरफ्तार



**रामगढ़, 05 अप्रैल (हि.स.):** रामगढ़ पुलिस ने राहुल दुबे गैंग के सात अपराधियों को हथियारों के साथ गिरफ्तार कर लिया है। इस बड़ी कार्रवाई के बाद राहुल दुबे गैंग को बड़ा झटका लगा है। रामगढ़ एसपी अजय कुमार ने रविवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर इस उपलब्धि की जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि हजारीबाग और रामगढ़ जिले के सीमावर्ती इलाकों में छुपकर रहने वाले अपराधियों ने एमजीसीपीएल कंपनी को टारगेट किया था। वह सभी अपराधी राहुल दुबे गैंग के लिए काम कर रहे थे। गिरफ्तार अपराधियों में हजारीबाग जिले के गिद्दी थाना क्षेत्र अंतर्गत रेलीगढ़ा पक्का धौड़ा निवासी तुषार सिंह, रेलीगढ़ा निवासी मिथुन कुमार, बादल सिंह, सुमित पांडे, रेलीगढ़ा मस्जिद के पास रहने वाले सन्नी बेदिया, शिवम सिंह और भुरकुंडा ओपी के रिवरसाइड निवासी अमन अंसारी शामिल हैं।

गिरफ्तार लोगों के पास से एक रिवाल्वर, एक देशी पिस्तौल, चार जिंदा कारतूस, एक आई-20 कार, एक लैपटॉप, एक आईफोन और 7 एंड्राइड फोन जब्त किए गए हैं।

## रांची समेत कई जिलों में बारिश, ओलावृष्टि का अलर्ट

**रांची, 05 अप्रैल (हि.स.):** झारखंड की राजधानी रांची सहित राज्य के विभिन्न जिलों में पिछले 24 घंटों के दौरान मध्यम दर्जे की बारिश दर्ज की गई। इस दौरान सबसे अधिक 21 मिलीमीटर बारिश रामगढ़ में रिकॉर्ड की गई, जबकि रांची में 18.8 मिमी वर्षा दर्ज की गई।

राज्य के अन्य इलाकों में भी हल्की से मध्यम बारिश दर्ज की गई। इनमें बरही में 12.4 मिमी, चाकुलिया में 8.6 मिमी, बुढ़मू में 7.8 मिमी, बोकारो थर्मल में 6.8 मिमी, मांडर में 6.6 मिमी, चाईबासा में 6.1 मिमी, मुरहू में 6 मिमी और कोडरमा डीवीसी में 5.8 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई। मौसम विभाग के अनुसार 6, 7 और 8 अप्रैल को राज्य के कई जिलों में गरज-चमक के साथ हल्की बारिश, वज्रपात और ओलावृष्टि की संभावना है। इस दौरान 50 से 60 किलमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा चलने का भी अनुमान है। इसे देखते हुए विभाग ने ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। वहीं 9 अप्रैल तक कुछ इलाकों में हल्की बारिश, वज्रपात और ओलावृष्टि को लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है।

पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य में सबसे अधिक तापमान जमशेदपुर में 39.5 डिग्री सेल्सियस और सबसे कम तापमान लातेहार में 16.2 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। रविवार को रांची और आसपास के क्षेत्रों में सुबह से बादल छाए रहे, हालांकि दोपहर में आसमान साफ हो गया और तेज धूप निकल आई। तड़के हुई बारिश के कारण लोगों को ठंडक का एहसास हुआ।

तापमान की बात करें, तो रांची में अधिकतम 34.8 डिग्री और न्यूनतम 18.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

### मालदीवः मुइज्जू सरकार की जनमत संग्रह और मेयर चुनावों में हार

**माले, 05 अप्रैलः** मालदीव में हुए अहम चुनावी मुकाबले में सत्ताधारी दल को बड़ा झटका लगा है। संवैधानिक जनमत संग्रह और मेयर चुनावों में विपक्षी मालदीवियन डेमोक्रेटिक पार्टी(एमडीपी)ने मजबूत प्रदर्शन करते हुए बढ़त बनाई है, जिससे सरकार की स्थिति कमजोर होती दिख रही है। इन नतीजों को मोहम्मद मुइज्जू के नेतृत्व वाली सत्ताधारी पार्टी पीपल्स नेशनल कांग्रेस(पीएनसी)के लिए एक बड़ी राजनीतिक परीक्षा माना जा रहा था।

### नेपालः पूर्व पीएम ओली की जमानत याचिका पर आज से सुनवाई

**काठमांडू, 05 अप्रैलः** पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली और पूर्व गृहमंत्री रमेश लेखक द्वारा दायर जमानत याचिका पर सुनवाई के लिए आज सर्वोच्च अदालत में सुनवाई निर्धारित की है। सुनवाई के लिए न्यायाधीश विनोद शर्मा और सुनिल पोखरेल की संयुक्त पीठ में पेशी तय की गई है। जेन जी आंदोलन की जांच के लिए गठित आयोग की रिपोर्ट को लागू करते हुए, ओली और लेखक को 28 मार्च से पुलिस हिरासत में रखा गया है।

## पश्चिम एशिया संकट के बीच ऑनलाइन एलपीजी सिलेंडर बुकिंग 95 तक प्रतिशत बढ़ी

**नई दिल्ली, 05 अप्रैल (हि.स.):** पश्चिम एशिया में तेजी से बदलते घटनाक्रमों और होर्मुज जलडमरूमध्य के आसपास की स्थिति को देखते हुए देश में शनिवार को 51 लाख से अधिक घरेलू एलपीजी सिलेंडर वितरित किए गए, जबकि उद्योग के आधार पर ऑनलाइन एलपीजी सिलेंडर बुकिंग में 95 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय के अनुसार केंद्र सरकार ने देश की ऊर्जा सुरक्षा और नागरिकों की सुरक्षा के लिए मिशन मोड में काम शुरू कर दिया है।

पेट्रोलियम मंत्रालय से लेकर विदेश मंत्रालय तक सभी विभाग सुचारू संचालन सुनिश्चित करने के लिए तत्पर हैं। सरकार ने स्पष्ट किया है कि देश में पेट्रोल, डीजल और एलपीजी का पर्याप्त भंडार है। आपूर्ति श्रृंखला को मजबूत करने के लिए कई कदम उठाए गए हैं।

इस दौरान वितरण में पारदर्शिता के लिए डिलीवरी ऑथेंटिकेशन कोड का दायरा फरवरी के 53 प्रतिशत से बढ़ाकर 90 प्रतिशत कर दिया गया है। इसके अलावा एलपीजी पर निर्भरता कम करने के लिए पीएनजी नेटवर्क का विस्तार किया जा रहा है। मार्च से अब तक 3.6 लाख नए पीएनजी कनेक्शन चालू किए जा चुके हैं।


रक्षा मंत्रालय और सड़क परिवहन मंत्रालय ने पाइपलाइन बिछाने की मंजूरी के लिए 'त्वरित अनुमोदन ढांचा' अपनाया है। आवासीय स्कूलों, हॉस्टलों और सामुदायिक रसोई को 5 दिनों के भीतर पीएनजी से जोड़ने के निर्देश दिए गए हैं। समुद्र में भारतीय हितों की रक्षा के लिए जहाजरानी मंत्रालय अलर्ट पर है।

पश्चिमी फारस की खाड़ी में मौजूद सभी 460 भारतीय नाविक और 17 जहाज पूरी तरह सुरक्षित हैं। पिछले 24 घंटों में कोई अप्रिय घटना दर्ज नहीं हुई है। भारत के सभी प्रमुख बंदरगाहों पर कामकाज सामान्य रूप से चल रहा है। महानिदेशक (शिपिंग) और भारतीय मिशन लगातार स्थिति की निगरानी कर रहे हैं।

विदेश मंत्रालय लगातार खाड़ी देशों के संपर्क में है, ताकि वहां रह रहे भारतीयों के हितों की रक्षा की जा सके। एयरलाइन परिचालन में सुधार के साथ 28 फरवरी से अब तक 7,02,000 से अधिक यात्री भारत लौट चुके हैं।

### भारत-पाकिस्तान सीमा के पास डेनमार्क का युवक गिरफतार

**बीकानेर, 05 अप्रैल:** भारत-पाकिस्तान सीमा के नजदीक खाजूवाला क्षेत्र में डेनमार्क के एक युवक को संदिग्ध परिस्थितियों में घूमते हुए पकड़ा गया। वह करीब सात महीने पहले एक साल के टूरिस्ट वीजा पर भारत आया था। पुलिस के अनुसार खाजूवाला बाजार के हॉस्पिटल रोड पर स्थानीय लोगों ने एक विदेशी युवक को संदिग्ध अवस्था में घूमते देखा। सीमावर्ती क्षेत्र में आमतौर पर विदेशी नागरिकों की आवाजाही नहीं होने के कारण लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही एएसआई किशन सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम मौके पर पहुंची और युवक को हिरासत में लिया। थानाधिकारी सुरेन्द्र प्रजापत ने बताया कि प्राथमिक पूछताछ में युवक ने खुद को डेनमार्क का निवासी बताया और कुछ सवालों के जवाब अंग्रेजी में दिए, लेकिन बाद में वह चुप हो गया। थाने लाए जाने पर युवक भावुक हो गया और रोने लगा, जिससे मामला गंभीर हो गया। घटना की संवेदनशीलता को देखते हुए सीमा सुरक्षा बल सहित अन्य सुरक्षा एजेंसियों को भी मौके पर बुलाया गया।



**अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का दावा, ईरान ने किया खारिज**

## 'अमेरिका ने ईरान से अपने पायलट को सुरक्षित निकाला'



**वॉशिंगटन, 05 अप्रैल (हि.स.):** पश्चिम एशिया में सैन्य संघर्ष के बीच अमेरिकी एफ-15ई जेट के लापता पायलट को अमेरिका ने जटिल बचाव अभियान को अंजाम देते हुए ईरान की जमीन से सुरक्षित निकाल लिया। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इसकी पुष्टि करते हुए इसे अमेरिकी इतिहास के सबसे साहसी बचाव अभियान बताया।

अमेरिकी एफ-15 ईगल जेट के लापता पायलट को सुरक्षित बचा लिया गया है। राष्ट्रपति ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर लिखा 'हमने उन्हें सुरक्षित निकाल लिया! पिछले कुछ घंटों में अमेरिकी सेना ने इतिहास के सबसे साहसी बचाव अभियानों में से एक को सफलतापूर्वक अंजाम दिया। हमारे अद्भुत क्रू मेम्बर अधिकारी, जो एक सम्मानित कर्नल हैं, अब पूरी तरह सुरक्षित हैं।'

ट्रंप ने लिखा कि अमेरिकी सेना ने उन्हें बचाने के लिए दुनिया के सबसे शक्तिशाली हथियारों से लैस दर्जनों विमान भेजे। अधिकारी घायल हैं लेकिन पूरी तरह ठीक हो जाएंगे। यह साबित करता है कि हमने ईरानी आसमान पर पूर्ण वायु श्रेष्ठता और प्रभुत्व हासिल कर लिया है।

गौरतलब है कि अमेरिकी एयरफोर्स के एफ-15 ईगल जेट शुक्रवार को ईरान के दक्षिणी इलाके में दुर्घटनाग्रस्त हुआ था, जिसमें दो क्रू मेंबर थे- एक पायलट और दूसरा वेपन सिस्टम्स ऑफिसर। दोनों ने समय रहते इजेक्ट कर एक-दूसरे से संपर्क बनाए रखा। पायलट को कुछ घंटों में बचा लिया गया लेकिन दूसरे क्रू मेंबर को ढूंढ़ना चुनौतीपूर्ण था। लेकिन अमेरिका ने इस जटिल अभियान को अंजाम दिया।

### ट्रंप के दावों पर ईरान ने कहा, रेस्क्यू करने आए कई विमान नष्ट कर दिए गए

**तेहरान, 05 अप्रैल:** ईरान की धरती से अमेरिकी पायलट को सुरक्षित निकाले जाने के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दावों पर ईरान ने कहा है कि पायलट बचाव अभियान के दौरान कई अमेरिकी विमानों को नष्ट कर दिया गया। ईरान इंटरनेशनल ने ईरानी सैन्य एवं सुरक्षा एजेंसियों का हवाला देते हुए अपनी रिपोर्ट में कहा कि दक्षिणी इस्फहान प्रांत में फंसे अपने एक पायलट को बचाने के लिए किए गए अमेरिकी अभियान के दौरान दुश्मन के कई विमान नष्ट कर दिए गए। ईरान की समाचार एजेंसी तसनीम के अनुसार खातम अल-अनबिया केंद्रीय मुख्यालय के प्रवक्ता ने बताया कि जिन विमानों को निशाना बनाया गया, उनमें एक अमेरिकी सी-130 सैन्य परिवहन विमान और दो ब्लैक हॉक हेलीकॉप्टर शामिल थे। तसनीम ने रिवोल्यूशनरी गार्ड्स के हवाले से यह भी कहा कि गार्ड्स, जमीनी बलों, पुलिस और अन्य इकाइयों के संयुक्त अभियान में दुश्मन के विमान नष्ट कर दिए गए। इससे पहले अमेरिकी राष्ट्रपति ने आज सुबह बताया था कि लापता पायलट को अमेरिका ने जटिल बचाव अभियान में ईरानी जमीन से सुरक्षित निकाल लिया।

# रांची में भाजपा का मिलन समारोह, बड़ी संख्या में युवाओं ने ली पार्टी की सदस्यता

देश प्राण संवाददाता

**रांची, 05 अप्रैल :** झारखंड की राजधानी रांची में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश कार्यालय में रविवार को आयोजित मिलन समारोह में बड़ी संख्या में युवाओं ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। हटिया विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत रांची ग्रामीण पश्चिमी जिला से युवा समाजसेवी सुमित साहू के नेतृत्व में सैकड़ों लोगों ने भाजपा का दामन थामा।

इस अवसर पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू और झारखंड विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने सभी नए सदस्यों को पार्टी का पट्टा पहनाकर उनका स्वागत किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आदित्य साहू ने कहा कि भाजपा एक विचारधारा आधारित पार्टी है और युवा देश की सबसे बड़ी ताकत हैं। उन्होंने कहा कि देश और राज्य के विकास की जिम्मेदारी युवाओं के कंधों पर है। जितना समाज का हर वर्ग भाजपा को मजबूत करेगा, उतना ही उज्ज्वल भविष्य का निर्माण होगा। उन्होंने कहा कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाना ही पार्टी का मूलमंत्र है, जिसे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पिछले कई वर्षों से साकार कर रहे हैं।



आदित्य साहू ने झारखंड सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि राज्य में कानून-व्यवस्था की स्थिति खराब है और सरकार जनता की समस्याओं पर ध्यान देने के बजाय अन्य मुद्दों में उलझी हुई है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार और पुलिस का ध्यान सुधार की बजाय वसूली पर केंद्रित है।

नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने इस मौके पर कहा कि पार्टी के स्थापना दिवस से ठीक पहले इतने बड़े पैमाने पर युवाओं का भाजपा में शामिल होना इस बात का संकेत है कि पार्टी लगातार मजबूत हो रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार में झारखंड में सड़क, बिजली और आधारभूत ढांचे के क्षेत्र में उल्लेखनीय काम हुए हैं।

मरांडी ने वर्तमान राज्य सरकार की आलोचना करते हुए कहा कि यह सरकार हर मोर्चे पर विफल साबित हुई है और राज्य में कानून-व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार विकास के बजाय भ्रष्टाचार और लूट में व्यस्त है।

कार्यक्रम में हटिया के विधायक एवं विधानसभा में मुख्य सचेतक नवीन जायसवाल ने कहा कि भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है और युवाओं का इस ओर आकर्षित होना स्वाभाविक है। उन्होंने कहा कि नए सदस्यों के जुड़ने से न केवल हटिया बल्कि पूरे राज्य में पार्टी को मजबूती मिलेगी।

भाजपा की सदस्यता लेने वाले सुमित साहू ने इसे सौभाग्य बताते हुए कहा कि भाजपा ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जो राष्ट्रहित और जनहित की बात करती है।

## संक्षिप्त समाचार

### मदुकमपीड़ी में तीन दिवसीय रामचरितमानस कथा प्रवचन का आयोजन

**अड़की :** रविवार को प्रखंड अंतर्गत मदुकमपीड़ी गांव में तीन दिवसीय रामचरितमानस कथा प्रवचन सुबह कलश यात्रा के साथ शुभारंभ की गई। रामचरितमानस कथा के प्रथम दिवस पर गांव की माताएं, बहनें और भक्तों के द्वारा गेरुआ वस्त्र धरण किए एवं हाथों में पताका लेकर जय श्री राम, जय बजरंगबली की नारा लगाते हुए नदी से कलश में जल लेकर मंदिर पहुंचे । तत्पश्चात मंदिर में स्थापित देवी देवताओं की प्राण प्रतिष्ठा के बाद पूजा अर्चना की गई । गांव में रामचरितमानस कथा, चौपाईयों के माध्यम से प्रवचन , एवं भजन कीर्तन का आयोजन से प्रखंड क्षेत्र राममय में हो गई । तीन दिवसीय कथा प्रवचन में विद्याधर गोस्वामी एवं सहयोगी और गांव की भक्तों के साथ मंगलवार को सामूहिक प्रसाद वितरण,हवन के बाद संपन्न होगी ।

### वीर शहीद रघुनाथ महतो की शहादत दिवस पर दी गई श्रद्धांजलि

**रांची :** चुआड़ विद्रोह के महानायक वीर शहीद रघुनाथ महतो की 248 वीं शहादत वर्षगांठ पर लोटा किता स्थित शहादत स्थल पर रविवार को श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर जेएलकेएम के केंद्रीय उपाध्यक्ष देवेन्द्र नाथ महतो ने शहीद वेदी पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम के दौरान शहीद स्मारक समिति की ओर सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि देवेन्द्र नाथ महतो ने कहा कि शहीद रघुनाथ महतो ने अंग्रेजी हुकूमत के अत्याचारों के खिलाफ विद्रोह का बिगुल फूंका था। उन्होंने अपना गांव, अपना राज, दूर भगाओ अंग्रेज राज का ऐतिहासिक नारा दिया, जो आज भी आंदोलन और स्वशासन के लिए प्रेरणास्त्रोत बना हुआ है।

# खलारी में भाजपा का दो दिवसीय कार्यकर्ता प्रशिक्षण शिविर संपन्न

देश प्राण संवाददाता

**खलारी/डकरा :** भारतीय जनता पार्टी द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर चलाए जा रहे 'पंडित दीन दयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महा अभियान' के तहत खलारी मंडल का दो दिवसीय आवासीय कार्यकर्ता प्रशिक्षण शिविर रविवार को सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, डकरा में संपन्न हो गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष अनिल गंझू ने की। चार अप्रैल से प्रारंभ हुए इस प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन भाजपा के वरिष्ठ नेता स्वामी देवेंद्र प्रकाश ने फीता काटकर किया। शिविर में मंडल के बूथ एवं शक्तिकेंद्र स्तर के कार्यकताओं के साथ-साथ मंडल पदाधिकारियों ने भाग लिया। प्रशिक्षण कार्यक्रम को कुल आठ सत्रों में विभाजित किया गया था। इसमें संगठन के वैचारिक



अधिष्ठान, कार्य पद्धति, संगठन का इतिहास एवं विकास, बूथ प्रबंधन, कार्य विस्तार, सोशल मीडिया के उपयोग एवं उसके प्रभाव, केंद्र सरकार की उपलब्धियां तथा एसआईआर से संबंधित विषयों पर विस्तार से जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के उपरांत कार्यकताओं ने संगठन द्वारा आयोजित डिजिटल क्विज प्रतियोगिता में भाग लिया। इसमें सफल प्रतिभागियों को अंक के आधार पर मेधा प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष प्रीतम साहू, जिला कार्यसमिति सदस्य अरविंद सिंह, उत्पलनाथ शाहदेव, जिला आईटी सेल सह संयोजक आनंद सिंह, मंडल अध्यक्ष अनिल गंझू, महामंत्री कार्तिक पाण्डेय सहित श्याम सुंदर सिंह, रामसूरत यादव, शशि साहू, शत्रुंजय सिंह, जिला पार्षद सरस्वती देवी, सरोजिनी देवी, ममता केसरी, संगीता सिंह, नीरा देवी, दीपशिखा देवी, अजीत पांडे, भारत रजक, आनंद झा, शैलेन्द्र शर्मा, किरण देवी समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# 12 पड़हा सरना प्रार्थना सभा गुड़ गुड़ जाड़ी मे सेमिनार का आयोजन



देश प्राण संवाददाता

**मांडर :** मांडर प्रखंड के ग्राम गुड़ गुड़ जाड़ी मे 12 पड़हा सरना प्रार्थना सभा गुड़ गुड़ जाड़ी के तत्वाधान मे राजी पड़हा सरना प्रार्थना सभा का एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया जिसमे आदिवास्सी धार्मिक, सामाजिक, पड़हा व्यवस्था, रुढ़ी प्रथा, सामाजिक दुसप्रभाव , सामाजिक चेतना, को सेमेनार के माध्यम से बताया गया इस सेमिनार मे कैम्बो, बंझीला दर्जी जाड़ी, सरगँव, मांडर, सकरा, मुजीर्ली, कंजिया, महुवा जाड़ी, बांस जाड़ी के प्रार्थना सभा के टीम शामिल हुए। धूमकुरिया टीम के दिलीप उराव, गोबिंद उराव, राजी पड़हा प्रार्थना सभा ,चंगनी के सुकरा उराव, उदय उराव, टांगर बसली के बिश्वास उराव,मुख्य अतिथि राजी पड़हा सरना प्रार्थना सभा रांची जिला के पूर्व सचिव सहदेव उराव,संचालन मंगा उराव ओर रामबिलाश उराव ने किया मौके पर रामु उराव, अखिलेश भगत, सोमनाथ उराव, महादेव उराव, वार्ड सदस्य बिरसा उराव, कंजिया से पंचायत समिति सदस्य संदीप उराव,मंगरू उराव, जगदेव उराव, पहान मनोज उराव, प्रियंका उराव, बैली उराव, रेबका कुजूर, सेवन्ति उराव, शुभाष उरावउपस्थित थे।

## खबरकोना

### फुलखुन्दी के साथ सम्पन्न हुआ हतवाल मे मंडा पूजा, छऊ नृत्य का आयोजन ने लोगों का मनमोह लिया

**ओरमांझी :** शिव मंडा पूजा समिति हतवाल के द्वारा शनिवार को शिव मंदिर के परिसर मे फूलखुंदी कर मंडा पूजा संपन्न हो गया। शनिवार की रात भगवान शिव के भक्त भोक्ता और सोकताईनों ने दहकते अंगारों पर नंगे पाव चल कर फुलखुन्दी किया।



फुलखुन्दी के दौरान भक्तों की भक्ति देखते बन रहा था। फूलखुंदी शुरू होने से पहले अंगारों पर चलने वाले सभी शिव भक्त पूजा-अर्चना किया। इससे पहले भोक्ता और सोकताईन दिनभर निर्जला उपवास रख कर पूजा पाठ करने के बाद शिव भक्त भगवान शिव का ध्यान लगाकर अंगारों पर चल कर मण्डा पूजा को पूर्ण किया। इससे पूर्व लोटन किया गया। फूलखूंदी को देखने के लिए गांव और आस पास के गांव के ग्रामीण मण्डा स्थल पहुचे। मण्डा पूजा के अवसर पर रात्रि में छऊ नृत्य का आयोजन किया गया। छऊ नृत्य का भगवान शिव के भक्तों के साथ साथ ग्रामीण भी खुब आनन्द लिया। छऊ नृत्य के कलाकारों के द्वारा दिखाया गया नृत्य ने लोगों का मनमोह लिया।

### हूंठ गांव में दो दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का शुभारंभ

**अड़की:** प्रखंड अंतर्गत हूंठ ग्राम में रविवार को दो दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का भव्य शुभारंभ किया गया। खेल मैदान में आयोजित इस प्रतियोगिता को लेकर



ग्रामीणों और खिलाड़ियों में खासा उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में झामुमो के जिला प्रवक्ता सह विधायक प्रतिनिधि मनोज मंडल उपस्थित हुए। मुख्य अतिथि के द्वारा टूनामेंट का विधिवत उद्घाटन किया। इसके बाद उन्होंने सभी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि खेल युवाओं को अनुशासन, टीम भावना और स्वस्थ जीवन की ओर प्रेरित करता है। इस अवसर पर हूंठ पंचायत के मुखिया सोमा शोले, झामुमो के केंद्रीय सदस्य भोला लाल, जिला उपाध्यक्ष अर्जुन मुंडा, प्रखंड कोषाध्यक्ष जगदीश मंडा सहित कई जनप्रतिनिधि और गणमान्य लोग मौजूद रहे। वहीं सैकड़ों की संख्या में ग्रामीणों ने मैदान में उपस्थित होकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। टूनामेंट के सफल आयोजन में खेल समिति के सदस्यों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। आयोजनकर्ता बलेदास सोए, रतन मुंडा, राहुल शोले, फागु मुंडा और बुधराम मुंडा प्रतियोगिता को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई।

### राष्ट्रीय उत्सव के रूप में शहीद विश्वनाथ शाहदेव को दी गई श्रद्धांजलि

**रांची :** देशव्यापी कार्यक्रम के अंतर्गत आजादी के नायकों को श्रद्धांजलि स्वरूप प्रत्येक माह के पहले रविवार को राष्ट्रीय उत्सव के रूप में आयोजित किया गया। 11 वें स्मृति कार्यक्रम के तहत रविवार को अमर शहीद ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव चौक सेक्टर तीन गोलचक्कर एचईसी, धुर्वा रांची में आयोजित किया गया। इस अवसर पर परम्परागत रुप अमर



शहीद मुंडल सिंह और अमर शहीद बख्तर साय और अमर शहीद ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव को माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में प्रमुख अमर शहीद ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव के परिवार के वैधानिक प्रतिनिधि उतराधिकारी वंशज और झारखंड सरकार की और से गठित झारखंड सेनानी कोष के सदस्य ठाकुर प्रवीर नाथ शाहदेव, वार्ड परिषद सुचिता रानी राय, स्वतंत्रता सेनानी स्वर्गीय नागेश्वर प्रसाद के वंशज रवी दत्त, समारोह समिति के सदस्य पप्पू चक्रवर्ती,सजल बनर्जी, निपुण कुमार, राजेश कुमार, बन्धन उरांव, संध्या सिंह सहित अन्य मौजूद थे। साथ ही 16 अप्रैल को होनेवाले अमर ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव के शहादत दिवस समारोह के आयोजन के संदर्भ में विचार विमर्श किया गया। सर्वसम्मति से निर्णय किया गया कि सामुहिक प्रयास से शहीद दिवस समारोह को सफलता पूर्वक संपन्न किया जाएगा।

### सांदीपनि विद्यालय में स्थापना दिवस समारोह मनाया गया



**पिस्का नगड़ी :** प्रखंड के चिपका रोड स्थित सांदीपनि विद्यालय में स्थापना दिवस समारोह बड़े उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। विद्यालय की स्थापना के अवसर पर लगातार संबंधी के मुख्य कार्यकारी आचार्य चन्द्र भूषण शर्मा विद्यालय के बच्चों को निःशुल्क पाठ पुस्तक, कपडे, जूते एवं दूसरे रूप में सहायता करते रहे हैं। आज के कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि डॉ. विभा पांडे, विद्यालय के निदेशक एवं अभिभावकों द्वारा संयुक्त रूप से पारंपरिक दीप प्रज्वलन के साथ हुई। इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्या ने मुख्य अतिथि को अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया तथा सभी शिक्षकों ने मिलकर पौधा भेंट कर उनका स्वागत किया। शांति उपेंद्र फाउंडेशन फॉर डेवलपमेंट इनीशिएटिव के तत्वाधान में आयोजित इस कार्यक्रम में प्री-नर्सरी से कक्षा 7 तक के लगभग 200 छात्र-छात्राओं को निःशुल्क स्कूल-वस्त्र एवं स्कूल-जूते वितरित किए गए। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि डॉ. विभा पांडे ने शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज वे जिस पद पर हैं, उसमें उनके विद्यालयी शिक्षा का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। विद्यालय शिक्षा छात्रों के समग्र विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उन्होंने झारखंड सरकार द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की भी जानकारी दी। विद्यालय के निदेशक संजय कुमार ने बच्चों के संज्ञानात्मक एवं शारीरिक विकास के लिए अभिभावकों को प्रेरित करते हुए स्वच्छता, स्वास्थ्य एवं पोषण के महत्व पर विशेष जोर दिया। कार्यक्रम का सफल संचालन विद्यालय की शिक्षिका सुश्री शोभा एवं उषा कुमारी ने संयुक्त रूप से किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन प्राचार्या सुश्री रूपा कुमारी ने किया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकगण बेली, शांति कुमारी, मिनी कुमारी, मोहिनी कुमारी (रूपा), दीपिका टोप्पो, खुशबू कुमारी, बंटी प्रिया खलखो, ईशा कुमारी, लवली दी एवं सावित्री दी सहित सैकड़ों अभिभावक एवं दर्शक उपस्थित रहे।

# श्रीमद् देवी भागवत कथा भक्तिभाव, श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ संपन्न

देश प्राण संवाददाता

**पिस्का नगड़ी :** पूणार्हुति हवन और भक्त भंडारा के साथ ही पिछले सात दिनों से चला आ रहा श्री मद् देवी भागवत कथा ज्ञान बड़े ही भक्तिभाव, श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ रविवार को संपन्न हो गया। पिछले सोमवार को कलश यात्रा के साथ आरंभ हुए इस ज्ञान यज्ञ में सुबह गौरी गणेश और मां देवी की पूजन अर्चन तथा अपराह्न से संध्या तक स्वामी आशुतोषानंद जी का प्रवचन हुआ। प्रवचन सुनने के लिए प्रतिदिन पंडाल नर नारियों से खचाखच भरा रहता था। स्वामी जी ने रामायण, महाभारत, वेद पुराण से संबंधित प्रसंगों को बड़े ही सारगर्भित और आकर्षण ढंग से बतलाया। भजन और संगीत के माध्यम से आधुनिक कार्य कलापों की सुंदर व्याख्या की, मानव को आदर्श रूप से रहना, आचार विचार से संबंधित जानकारी दी। पूर्व दिवस



में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद सह झारखंड प्रदेश भाजपा अध्यक्ष आदित्य साहु ने कहा कि हमारा भारत ऋषि मुनियों का देश है यहां के मंदिर मठ सदियों से खड़े रहकर हिंदू धर्म का मौन संदेश दे रहे हैं। विश्व का सबसे प्राचीन सनातन है इसके रीति रिवाज न केवल धार्मिक है वरण वैज्ञानिक भी है। अन्य अतिथियों में जोहार पार्टी के अध्यक्ष कुशवाहा विजय कुमार, श्री राम टीचर्स ट्रेनिंग कालेज के सचिव विकास सिन्हा, विजय दान, सुबोध सिंह गुड्डु, प्रमोद महतो, अमरनाथ महतो, वन? बिहारी भगत सहित कई अतिथि उपस्थित हुए। सभी अतिथियों को स्वामी जी ने चुनरी ओढ़ाकर सम्मानित किया।

संपूर्ण कार्यक्रम के संचालित करने में तपेश्वर केशरी, हेमंत केशरी, मनोज महतो, दौलत राम केशरी, अजय महतो, रवि कुमार केशरी, चूड़ामणि महतो, कमलेश केशरी (आकर्षण),अजय महतो, ओम प्रकाश महतो, शंकर चौधरी केदार महतो, गिरधारी गोप सहित समिति के सभी पदधारियो का सराहनीय योगदान रहा।

# सिल्ली प्रखंड कांग्रेस कमिटी ने एक दिवसीय संवाद कार्यक्रम किया आयोजित

देश प्राण संवाददाता

**सिल्ली :** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निदेर्शानुसार सिल्ली प्रखंड कांग्रेस कमिटी अध्यक्ष कार्तिक चन्द्र महतो द्वारा दा विलेज रिसोर्ट सुलुमजुड़ी सिल्ली में बीएलए टु ट्रेनिंग, मनरेगा और पेशा कानून का संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में आए हुए अतिथि ने संबोधित करते हुए कार्यकताओं को कहा कि अपने अपने क्षेत्र में ग्रामीणों के बीच जाकर इस बीएलए प्रशिक्षण के बारे में बताएं एवं साथी साथ ग्रामीणों को जागरूक करें। कार्यक्रम में सिल्ली प्रखंड कांग्रेस पदाधिकारीगण मंडल अध्यक्ष, पंचायत पदाधिकारीगण एवं बीएलए टु और कांग्रेस वरिष्ठ नेतागण शामिल हुए। इस कार्यक्रम का उद्देश्य बीएलए टु ट्रेनिंग के माध्यम से पार्टी के कार्यकताओं को प्रशिक्षित करना और मनरेगा तथा पेशा कानून के बारे में जानकारी दी गई।



इस कार्यक्रम के मुख्य रुप से रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष सोमनाथ मुंडा, पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ राकेश किरण महतो, कांग्रेस नेता सुनील सहाय, स्टेट कॉर्डिनेटर विनोद साहू, बीएलए मास्टर मो हुसैन, धर्मेन्द्र, नगेन्द्र नाथ गोस्वामी, नागेश्वर महतो, साथ ही सिल्ली विधानसभा युवा कांग्रेस अध्यक्ष विकाश रजक, सिल्ली प्रखंड कांग्रेस उपाध्यक्ष निशाकर महतो, महासचिव मंजूर मोमिन, सैय्यद कमर आलम, भगीरथ महतो प्रकाश मुंडा, शमशेर आलम भगीरथ महतो, श्रीप्रसाद बढ़ाईक,रामपद मुंडा,सिल्ली पूर्वी मंडल अध्यक्ष देवाशीष दत्ता, पश्चिमी मंडल अध्यक्ष गुहीराम महतो, पंचायत अध्यक्ष लालू कोइरी, मोहन उपाध्याय, हरिचरण करमाली, दीपक कर, गोपाल मुंडा, शालिग्राम पांडेय, दुर्गाचरण यादव, बिंदेश्वर महतो, रोहित मुंडा, सदानंद सोनार, रामु मोदक, भूतनाथ मंडल, दशरथ कुम्हार, सिदाम महतो, हबील अंसारी, अनिल कुमार महतो, मनोहर यादव, इदरीश अंसारी, सहदेव मांझी, शामेश्वर करमाली, बालक राम बेदिया, शिशुपाल रजक, दुर्गा चरण मांझी, महादेव मुंडा, बुधराम लोहरा , मोहताब आलम इत्यादि सैकड़ो कांग्रेस जन संवाद कार्यक्रम में उपस्थित थे।

# राय कोलयरी महाविद्यालय में मनाया गया शहीद रघुनाथ महतो का शहादत दिवस

**1857 से पहले ही अंग्रेजी सत्ता को ललकार चुके थे चुहाड़ विद्रोह के अग्रणी जननायक**

देश प्राण संवाददाता

**पिपरवार, 5 अप्रैल :** चुहाड़ विद्रोह के प्रथम जननायक शहीद रघुनाथ महतो का शहादत दिवस रविवार को सरदार वल्लभभाई पटेल महाविद्यालय, राय कोलयरी में श्रद्धा, सम्मान और ऐतिहासिक स्मरण के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत शहीद रघुनाथ महतो के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। इस अवसर पर उपस्थित शिक्षकों, विद्यार्थियों और पदाधिकारियों ने उनके संघर्ष, बलिदान और स्वतंत्रता चेतना को नमन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य रूपलाल महतो ने कहा कि शहीद रघुनाथ महतो केवल एक समुदाय विशेष के नेता नहीं थे, बल्कि वे भारतीय स्वाभिमान, प्रतिरोध और स्वशासन की भावना के प्रारंभिक प्रतीक थे। उन्होंने कहा कि रघुनाथ महतो ने 1857 की प्रथम स्वतंत्रता संग्राम से लगभग 90 वर्ष पूर्व ही अंग्रेजी सत्ता के विरुद्ध जनचेतना और संगठित प्रतिरोध का बिगुल फूंक दिया था।

प्राचार्य ने उनके जीवन-वृत्त पर प्रकाश डालते हुए बताया कि रघुनाथ महतो का जन्म 21 मार्च 1738 को तत्कालीन जंगल महल (वर्तमान झारखंड के सरायकेला-खरसावां जिला) के घुटियाडीह गांव में एक कुड़मी परिवार में हुआ था। वे एक दूरदर्शी रणनीतिकार, निर्भीक योद्धा और अपनी मातृभूमि के प्रति पूर्णतः समर्पित जननायक थे।

उन्होंने कहा कि 1765 में जब अंग्रेजों को बंगाल, बिहार और उड़ीसा की दीवानी प्राप्त हुई, तब ईस्ट इंडिया कंपनी ने जंगल महल क्षेत्र में शोषणकारी राजस्व नीतियां लागू कर दीं। भारी लगान, किसानों की उपज पर कर का बढ़ता बोझ, पारंपरिक जमींदारों एवं पाइकों की जमीनों पर कब्जा तथा स्थानीय स्वशासन और प्रकृति-आधारित जीवनशैली में हस्तक्षेप ने ग्रामीण और आदिवासी समाज में व्यापक असंतोष पैदा कर दिया।

वक्ताओं ने कहा कि यह नारा भारतीय स्वतंत्रता चेतना के शुरूआती दौर के सबसे प्रभावशाली उद्घोषों में से एक था। रघुनाथ महतो ने केवल वैचारिक प्रतिरोध ही नहीं किया, बल्कि एक सशक्त छापामार दस्ता भी तैयार किया। उनके नेतृत्व में विद्रोहियों ने ब्रिटिश रसद व्यवस्था, कर वसूली तंत्र और प्रशासनिक ढांचे पर योजनाबद्ध प्रहार शुरू किए।

कार्यक्रम में यह भी बताया गया कि अंग्रेज अधिकारियों ने जंगल महल क्षेत्र के संघर्षरत समुदायों– कुड़मी, भूइया, घटवार, भूमिज और मुंडा– को अपमानित करने के उद्देश्य से 'चुहाड़' शब्द का प्रयोग किया। किंतु रघुनाथ महतो ने इसी अपमानजनक शब्द को प्रतिरोध और क्रांति की पहचान में बदल दिया। समय के साथ उनका प्रभाव क्षेत्र मानभूम, सिंहभूम और मेदिनीपुर तक फैल गया। वक्ताओं ने कहा कि रघुनाथ महतो का आंदोलन केवल तत्कालीन दमनकारी नीतियों के खिलाफ विद्रोह नहीं था, बल्कि वह स्थानीय स्वायत्तता, सामाजिक अस्मिता और आर्थिक न्याय के लिए संगठित संघर्ष था। उनका नेतृत्व आगे चलकर कोल विद्रोह और संथाल हूल जैसे बड़े जनआंदोलनों के लिए प्रेरणा-स्त्रोत बना।

# 25 केवीए ट्रांसफार्मर का उद्घाटन, ग्रामीणों में खुशी



**अड़की :** रविवार को प्रखंड अंतर्गत बालालौंग पंचायत के सिगिद ग्राम स्थित कुडुंबा टोली में 25 केवीए के नए ट्रांसफार्मर का विधिवत उद्घाटन किया गया। बिजली आपूर्ति की समस्या से जूझ रहे इस गांव में तमाड़ विधायक विकास कुमार मुंडा के निर्देश पर विधायक प्रतिनिधि सह जिला प्रवक्ता मनोज मंडल एवं बुद्धिजीवी मंच के जिला उपाध्यक्ष महावीर सिंह मुंडा ने संयुक्त रूप से फीता काटकर ट्रांसफार्मर का उद्घाटन किया। अपनी समस्या को लेकर ग्रामीणों ने स्थानीय विधायक विकास सिंह मुंडा को आवेदन सौंपकर ट्रांसफार्मर लगाने की मांग की थी। गांव में ट्रांसफार्मर लगने के बाद गांव में खुशी का माहौल है। ग्रामीणों ने बताया कि अब उन्हें नियमित बिजली मिल सकेगी, जिससे उनके दैनिक जीवन में काफी सुधार आएगा। इस पहल के लिए ग्रामीणों ने विधायक के प्रति आभार व्यक्त किया। मौके पर बुधन मुंडा, बीरेंद्र सिंह मुंडा, घासी देवी, शशि कला देवी, रघुनाथ हजाम, भोलानाथ हजाम, लखन मुंडा, सुखराम मुंडा, शिव हजाम, अशोक प्रमाणिक, सेकेन पातर सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।

देश प्राण
स्वतंत्र हिन्दी दैनिक
4, तारा टावर, रेडियम रोड, कचहरी चौक, रांची-834001, फोन : 0651-2361181/82
contact@deshpran.in | www.deshpran.com | www.deshpran.in
Desh Pran | Desh Pran | Desh Pran
@deshpran | @deshpran | Desh Pran
सुनी-सुनाई नहीं
केवल प्रामाणिक खबर


**मौसम**

| अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|
| 32.7° | 18.0° |
| प्रातः | सायं |
| 35% | 49% |

### विराट हिंदू सम्मेलन 15 को कांके में, तैयारियां शुरू

**रांची :** कांके में 15 अप्रैल को विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। सामाजिक कार्यकर्ता विवेक प्रताप सिंह ने रविवार को बताया कि यह कार्यक्रम हिंदू समाज में जनजागरण और एकता को मजबूत करने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। सम्मेलन के माध्यम से लोगों को पंच परिवर्तन के संकल्प से जोड़ा जाएगा। इसमें स्वदेशी अपनाना, नागरिक कर्तव्यों का पालन, पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक समरसता और परिवार सशक्तीकरण जैसे मुद्दों पर विशेष बल दिया जाएगा। सम्मेलन में संत-महात्माओं की ओर से धार्मिक और सांस्कृतिक मूल्यों को लेकर मार्गदर्शन किया जाएगा। साथ ही नशा मुक्ति, गो संरक्षण, मतांतरण, पारंपरिक हिंदू व्यवसायों पर बढ़ते कब्जे से सचेत करना और सामाजिक कुरीतियों पर भी जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए कांके, बुढ़मू और ओरमांझी प्रखंडों में जनसंपर्क अभियान चलाया जा रहा है। राम भक्तों की टोली गांव-गांव जाकर लोगों को सम्मेलन से जोड़ेगी।

### जूनियर डॉक्टरों की अनिश्चितकालीन हड़ताल आज से

**रांची :** राज्य के मेडिकल कॉलेजों में जूनियर डॉक्टरों के स्टाइपेंड को लेकर चल रहा विवाद अब हड़ताल में बदलने जा रहा है। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन झारखंड और झारखंड स्टेट हेल्थ सर्विस एसोसिएशन ने 6 अप्रैल से प्रस्तावित अनिश्चितकालीन हड़ताल को समर्थन देने की घोषणा की है। इस हड़ताल का असर रिम्स सहित राज्य के सभी मेडिकल कॉलेजों में देखने को मिलेगा। ओपीडी सेवाएं पूरी तरह प्रभावित रहने की संभावना है, जबकि इमरजेंसी सेवाओं को जारी रखने की बात कही गई है। इसके कारण मरीजों को इलाज में परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। डॉक्टरों की मांग है कि जूनियर रेजिडेंट और इंटर्न का स्टाइपेंड बढ़ाया जाए और हर तीन साल में इसका संशोधन सुनिश्चित किया जाए। फिलहाल डॉक्टर काले बैज लगाकर विरोध जता रहे हैं, लेकिन मांगें पूरी नहीं होने पर अब आंदोलन को तेज करने का फैसला लिया गया है।

# तेजस्वी यादव का रांची में शक्ति प्रदर्शन, बोले—राजद को फिर बनाएंगे राष्ट्रीय पार्टी

**देश प्राण संवाददाता**

**रांची, 05 अप्रैल :** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष तेजस्वी यादव का रविवार को रांची के कार्निवल बैंक्वेट हॉल में भव्य अभिनंदन किया गया। इस मौके पर उन्होंने पार्टी को फिर से राष्ट्रीय स्तर पर स्थापित करने का संकल्प दोहराया और संगठन को मजबूत करने पर जोर दिया। अभिनंदन समारोह को संबोधित करते हुए तेजस्वी यादव ने कहा कि राजद देशभर में अपने विस्तार की दिशा में काम कर रही है। उन्होंने बताया कि पार्टी केरल में तीन सीटों पर चुनाव लड़ रही है और वहां लेफ्ट अलायंस के साथ गठबंधन में है। उन्होंने कहा कि जहां-जहां पार्टी की ताकत है, वहां चुनाव लड़ा जाएगा और संगठन को मजबूत करना प्राथमिकता है।

झारखंड के पार्टी नेताओं और कार्यकताओं को संबोधित करते हुए तेजस्वी ने हर जिले और हर विधानसभा क्षेत्र के




प्रत्येक बूथ पर मजबूत तैयारी करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि झारखंड की सभी 81 विधानसभा सीटों पर तैयारी रखनी चाहिए, ताकि गठबंधन की स्थिति में भी पार्टी मजबूत स्थिति में रहे। उन्होंने पिछली बार के चुनाव का जिक्र करते हुए कहा कि सीमित सीटों, पांच पर लड़ने के बावजूद राजद ने अच्छा प्रदर्शन करते हुए चार सीटों पर जीत हासिल की थी।

तेजस्वी यादव ने कहा कि देश और राज्य में फिर्कापरस्त ताकतों को रोकना राजद की पहली प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि बिरसा मुंडा की धरती पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को रोकने के लिए झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो), कांग्रेस और अन्य सहयोगी दलों के साथ मिलकर काम किया जाएगा। हालांकि, उन्होंने स्वीकार किया कि गठबंधन में समझौते करने पड़ते हैं, लेकिन संगठन मजबूत होगा तो ज्यादा सीटों की मांग भी संभव होगी। बिहार विधानसभा चुनाव में हार का जिक्र करते हुए तेजस्वी यादव ने कहा कि पार्टी जनता के वोट से नहीं हारी, बल्कि 'मशीन तंत्र और धनतंत्र' के कारण हार का सामना करना पड़ा। उन्होंने बताया कि 2025 के चुनाव में राजद को 1 करोड़ 90 लाख वोट मिले, जो पिछले चुनाव की तुलना में 20 लाख वोट अधिक हैं। उन्होंने दावा किया कि जनता का समर्थन पार्टी के साथ बना हुआ है।

तेजस्वी यादव ने कहा कि राजद लालू प्रसाद की विचारधारा पर चलने वाली पार्टी है और इसे कोई तोड़ नहीं सकता। उन्होंने कहा कि कुछ नेताओं के पार्टी छोड़ने से संगठन पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा है। उन्होंने भरोसा जताया कि राजद ईडी-सीबीआई जैसी चुनौतियों के बावजूद वापसी करेगी और भविष्य में बिहार व केंद्र में सत्ता में आएगी।

## रानी सती मंदिर परिसर में रक्तदान शिविर का किया गया आयोजन

**देश प्राण संवाददाता**

**रांची :** मारवाड़ी युवा मंच रांची शाखा एवं श्री रानी सती मंदिर कमेटी के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को श्री हनुमान बक्स पोद्दार सत्संग भवन, रानी सती मंदिर परिसर, रातू रोड में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और रक्तदान कर समाज सेवा का संदेश दिया। शिविर में कई लोगों ने पहली बार रक्तदान किया। फर्स्ट टाइम डोनर ने बताया कि रक्तदान करने से किसी प्रकार की परेशानी नहीं होती, बल्कि रक्तदान करने के बाद उन्हें अच्छा महसूस हुआ और उन्हें काफी खुशी हुई। उन्होंने कहा कि रक्तदान से डरने की जरूरत नहीं है। मंच के अध्यक्ष विकास अग्रवाल ने कहा कि रक्तदान महादान है और इससे कई जरूरतमंद मरीजों की जान बचाई जा सकती है। समाज के लोगों और युवाओं की सक्रिय भागीदारी



से यह शिविर सफल रहा। सचिव मुकेश शर्मा ने कहा कि मंच हमेशा समाज सेवा के कार्यों में अग्रणी रहा है और आगे भी इस तरह के सेवा कार्य आयोजित किए जाते रहेंगे। इस कार्यक्रम के रक्तदान प्रभारी युवा विष्णु अग्रवाल एवं युवा सुमित अग्रवाल तथा सह संयोजक युवा निशांत मोदी ने शिविर के सफल आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम संयोजक ने सभी रक्तदाताओं, सेवा सदन की टीम एवं सहयोग करने वाले सभी लोगों का आभार व्यक्त किया। शिविर को सफल बनाने में नागरमल मोदी सेवा सदन की टीम का महत्वपूर्ण योगदान रहा। डॉक्टर, नर्स एवं अन्य सदस्यों ने मिलकर पूरी व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालित किया। रक्तदान शिविर मे पूर्व अध्यक्ष सुभाष पटवारी, मनीष लोधा, विकाश अग्रवाल, निकुंज पोद्दार,पिंकेश खंडेलवाल अनीश सरावगी, सैंकी रायका, तरुण अग्रवाल, सीपी रुइया, विशाल महलका, यश सुरेखा, प्रवीण अग्रवाल, राहुल शर्मा श्री रानी सती कमिटी से सचिव मनोज जालान सदस्य प्रदीप राजगढ़िया, विमल झुनझुनवाला, अमर पोद्दार शामिल हुए।

## फोर्टीफाइड युक्त चावल स्वास्थ के लिए गंभीर खतरा : जे पी पांडेय

**रांची :** भाजपा किसान मोर्चा झारखंड प्रदेश के नेता सह झारखंड राज्य समाज कल्याण आंगनवाड़ी कर्मचारी संघ के संयोजक जय प्रकाश पांडेय ने फोटीफाईड चावल के वितरण पर रोक लगाने के भारत सरकार के उस निर्णय का स्वागत करते हुए कहा कि भारतीय वैज्ञानिकों के पहल पर भारत सरकार ने फोटीफाईड चावल बनाने और वितरण व्यवस्था को रोककर भारत के जनता के स्वास्थ के साथ न्याय किया है, क्यों कि लगभग सभी सार्वजनिक वितरण प्रणाली के माध्यम से पूरे राष्ट्र में फोटीफाईड चावल का वितरण जारी था,फोटीफाईड चावल के निर्माण को आईआईटी खड़कपुर ने स्वास्थ के लिए घातक बताया है,भारत के केंद्रीय पूल में कुल भंडारण लगभग 679.32 लाख टन तक पहुंच चुका है,देश के लगभग सभी सार्वजनिक वितरण दुकानों और आंगनवाड़ी केंद्रों में लगातार फोटीफाईड चावल का वितरण की व्यवस्था की गई थी,इस चावल का निर्माण टूटे चावल को पीस कर उसमें आयरन,फोलिक एसिड, विटामिन बी 12, का एक निश्चित मात्रा मिलाया जाता था, जिसमें जिंक, विटामिन ए, बी 1, बी 2, बी3 और बी6 मिलाकर एक्सटुडर मशीन द्वारा फोटीफाईड चावल तैयार कर सभी सार्वजिक वितरण दुकान और आंगनवाड़ी केंद्रों के नवनिहल बच्चों की खिलाने के लिए सप्लाई की जाती थी,जिसका व्यापक और बुरा प्रभाव आम लोगो के सेहत पर देखा जा रहा था, क्यों कि चिकित्सा विज्ञान के अनुसार थैलेसिया, और सीकल सेल एनीमिया जैसे रोगियों में पहले से ही आयरन की मात्रा अधिक होती है और यदि इन रोगियों को आयरन युक्त चावल खिलाया जाएगा तो उनके अंग खराब होने की संभावना प्रबल हो जाती है,उनके शरीर में आयरन ओवरलोड हो जाता है,जिसके कारण रोगी के लीवर,हृदय, और किडनी धीरे धीरे नष्ट हो जाते है।

## केंद्र सरकार की विफलताओं को राज्य पर मढ़ना चाहती है भाजपा : किशोर शाहदेव

**मुख्य संवाददाता**

**रांची, 5 अप्रैल :** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मुख्य प्रवक्ता लाल किशोर नाथ शाहदेव ने भाजपा द्वारा बालू और अवैध खनन को लेकर सरकार पर लगाये गये आरोप को खारिज किया है और प्रेस वार्ता को पूरी तरह से तथ्यों की बलि करार दिया है। शाहदेव ने कहा कि जो पार्टी खुद खनन माफियाओं की जननी रही है, वह आज नैतिकता का पाठ पढ़ा रही है।

**सड़क हादसों पर संवेदनहीन राजनीति**

सड़क दुर्घटनाओं के आंकड़ों पर अमित मंडल को घेरते हुए लाल किशोर नाथ शाहदेव ने कहा कि भाजपा प्रवक्ता सड़क हादसों में होने वाली मौतों पर राजनीति कर रहे हैं, जो बेहद शर्मनाक है। क्या अमित मंडल को नहीं पता कि नेशनल हाईवे और परिवहन के नियम केंद्र की मोदी सरकार तय करती है? राज्य सरकार सड़क सुरक्षा को लेकर गंभीर है, लेकिन भाजपा अपनी केंद्र सरकार की विफलता को राज्य के माथे मढ़ना चाहती है।

उन्होंने कहा कि गठबंधन सरकार अपनी घोषणाओं के प्रति वचनबद्ध है। गरीब और आम आदमी को घर बनाने के लिए बालू उपलब्ध कराने की प्रक्रिया को सरल बनाया गया है। भाजपा के पेट में दर्द इसलिए हो रहा है क्योंकि उनके कार्यकाल की तरह अब बिचौलियों का बोलबाला खत्म हो गया है। अमित मंडल बताएं कि जब बीजेपी सरकार के समय बालू की कालाबाजारी चरम पर थी, तब उनकी बोलती क्यों बंद थी?

लाल किशोर नाथ शाहदेव ने तंज कसते हुए कहा कि असम में भाजपा की सरकार जाने वाली है ।भाजपा को डर है कि वहां के आदिवासी समाज के साथ जो उन्होंने अन्याय किया है, उसकी पोल खुल रही है। अवैध कमाई और षड्यंत्र भाजपा की कार्यशैली रही है, कांग्रेस की नहीं। श्री शाहदेव ने कहा बीजेपी जनता को गुमराह करना बंद करें।

# महागठबंधन सरकार बालू से तेल निकालने का कर रही काम : अमित

**देश प्राण संवाददाता**

**रांची, 05 अप्रैल :** भारतीय जनता पार्टी(भाजपा) में प्रदेश प्रवक्ता सह पूर्व विधायक गोड्डा अमित मंडल ने इंडी गठबंधन सरकार को बालू एवं अवैध खनन के मुद्दे पर जमकर निशाना साधा है। मंडल ने रविवार को प्रदेश कार्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में कहा कि झारखंड में प्रति वर्ष हाईवा से मृत्यु की दर काफी चिंताजनक है। हर दिन 12 से 14 लोगों की मौत सड़क हादसे में हो रही है। वर्ष 2025 के आंकड़ों के मुताबिक अब तक 4200 लोगों की मौत हो गई है,वहीं 2023 में 4173 लोगों की मौत हो गई है और 2024 में 3659 लोगों की मौत हो गई है। यानी कोरोना काल में हुई कुल 5331 मौत से अधिक मौंत हर वर्ष



हाईवे और हाई स्पीड के कारण झारखंड में हो रही है।

उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन ने वादा किया था कि गैर आयकर दाताओं और गरीब को घर बनाने के लिए बालू मुफ्त दिया जाएगा। क्या आज झारखंड में बालू मुफ्त दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने सदन में यह भी कहा है कि एक व्यक्ति को अधिकतम 2000 सीएफटी लगभग 20 ट्रैक्टर बालू मुफ्त दिया जाएगा। क्या आज मुफ्त बालू क्षेत्र की जनता को मिल रहा है।

मुख्यमंत्री ने सदन के अंदर अवैध खनन पर सख्त निर्देश दिया था एवं उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक को सीधे तौर पर अवैध खनन को रोकने की जिम्मेदारी दी थी एवं प्रत्येक जिले में टास्क फोर्स बनाने की बात कही थी। साथ ही हर एक बालूघाट में सीसीटीवी लगाने की घोषणा भी की थी,परंतु आज कोई भी घोषणा धरातल पर नहीं दिख रही है।

उल्लेखनीय है कि हाल के दिनों में के राजू (जो झारखंड के कांग्रेस प्रभारी हैं) ने कई मुद्दों पर लेकर राज्य सरकार को खुद ही घेरा है। उन्होंने कहा है कि माइनिंग माफिया का प्रभाव अप्रत्याशित रूप से बढ़ा है और डीसी और एसपी सीधा माइनिंग माफिया के प्रेशर में हैं। साथ ही उन्होंने कानून व्यवस्था पर भी सवाल खड़े किए हैं। भूमि अधिग्रहण कानून का उल्लंघन भी उन्होंने राज्य सरकार पर लगाया है। सरकारी स्कूलों की बदहाल स्थिति पर भी के राजू ने चिंता जाहिर की और गठबंधन की जिम्मेदारियों पर भी उन्होंने टिप्पणी की है।

## श्री राधा- कृष्ण प्रणामी मंदिर में अन्नपूर्णा महाप्रसाद का हुआ आयोजन

**रांची :** डा संत शिरोमणी स्वामी सदानंद महाराज जी के सानिध्य में श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट द्वारा संचालित श्री कृष्ण प्रणामी मंगल राधिका सदानंद सेवाधाम श्री राधा कृष्ण प्रणामी मंदिर पुंदाग राँची मे 260 वां श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा सेवा महाप्रसाद का आयोजन किया गया। इस अवसर पर श्री राधा रानी जी का दिव्य आकर्षक आभूषणों से अलंकृत कर अलौकिक श्रृंगार किया गया। तत्पश्चात महाप्रसाद का विधिवत भोग दोपहर 12 बजे मंदिर के पुजारी अरविंद कुमार पांडे द्वारा लगाई गई, महाप्रसाद मे मसालेदार वेजिटेबल खिचड़ी, आलू चिप्स, गुलाब का शरबत का वितरण किया गया। मंदिर परिसर में उपस्थित 2 हजार से भी अधिक श्रद्धालुओं के बीच महाप्रसाद का वितरण किया गया।तत्पश्चात भजन- संध्या में ट्रस्ट के भजन गायक मनीष सोनी ने अपने मनमोहक सुमधुर भजनों श्रोताओं को खूब झुमाया। तथा श्री राधा कृष्ण के जयकारा से पूरा वातावरण कृष्णमय एवं भक्तिमय बन गया। तत्पश्चात सामूहिक रूप से महाआरती की गई?। ट्रस्ट के प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी संजय सर्राफ ने बताया कि श्री राधा कृष्ण मंदिर में सुबह से ही भक्तों का तांता लगा रहा तथा 4 हजार से अधिक श्रद्धालुओं में दर्शन किये। उन्होंने बताया कि मंदिर में प्रत्येक दिन दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक वेजिटेबल खिचड़ी महाप्रसाद का वितरण किया जाता है जिसमें 400 से भी अधिक श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण करते हैं। इस अवसर पर- डूंगरमल अग्रवाल,राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल,पूरणमल सर्राफ,सुरेश अग्रवाल, मधु सूदन जाजोदिया, संजय सर्राफ,सुरेश भगत, विष्णु सोनी मनीष सोनी, पवन पोद्दार, ज्ञान चंद्र शर्मा सहित काफी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

## खबर कोना

### रांची में ईस्टर पर बच्चों ने दिखाई रचनात्मकता, एग पेंटिंग प्रतियोगिता में बिखरे रंग

**रांची :** ईस्टर के अवसर पर रांची में आईफा इंटरनेशनल की ओर से रविवार को बच्चों के लिए रंगारंग 'ईस्टर एग पेंटिंग' प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसका मुख्य उद्देश्य बच्चों में कला के प्रति रुचि विकसित करना और उनकी रचनात्मक सोच को प्रोत्साहित करना था। कार्यक्रम का नेतृत्व संस्थान के निदेशक मोहम्मद साबिर हुसैन ने किया। उन्होंने बच्चों को एग पेंटिंग की तकनीक और आकर्षक डिजाइन बनाने के विभिन्न तरीके समझाए। उनके मार्गदर्शन में बच्चों ने अंडों पर रंग-बिरंगे और सुंदर डिजाइन बनाकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर मोहम्मद साबिर हुसैन ने कहा कि कला बच्चों के व्यक्तित्व विकास और आत्मविश्वास को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उन्होंने बच्चों को नियमित रूप से ऐसी रचनात्मक गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों द्वारा तैयार की गई रंगीन कलाकृतियों ने उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। इस आयोजन में रूहान, आयाना, हूमरा, मिस्कत, मुनमुन, आयात, महक, मेहरीन, डानियाल, नायरा, अली, शान और एनम सहित कई बच्चों ने भाग लेकर अपनी कला का प्रदर्शन किया। आयोजन को सफल बनाने में शगुफ्ता बानो और शामा का महत्वपूर्ण योगदान रहा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अभिभावक और स्थानीय लोग भी मौजूद रहे, जिन्होंने बच्चों का उत्साहवर्धन किया।

### रांची में मुक्ति संस्था ने 24 अज्ञात शवों का किया अंतिम संस्कार

**रांची :** रांची में मानवता की मिसाल पेश करते हुए मुक्ति संस्था ने रविवार को जुमार नदी के तट पर 24 अज्ञात शवों का पूरे विधि-विधान के साथ अंतिम संस्कार किया। संस्था के सदस्यों ने राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान (रिम्स)की शव गृह से शवों को सुरक्षित तरीके से निकालकर उन्हें जुमार नदी तट तक पहुंचाया, जहां धार्मिक रीति-रिवाजों का पालन करते हुए अंतिम संस्कार संपन्न कराया गया। कार्यक्रम के दौरान मुक्ति संस्था के अध्यक्ष प्रवीण लोहिया ने सभी अज्ञात शवों को मुखाग्नि दी। उन्होंने बताया कि संस्था अब तक कुल 2153 अज्ञात शवों का अंतिम संस्कार कर चुकी है। यह कार्य समाज के प्रति संस्था की गहरी संवेदनशीलता और सेवा भावना को दशार्ता है। अंतिम संस्कार के बाद परमजीत सिंह टिंकू द्वारा अरदास की गई। पूरे आयोजन में संस्था के सदस्यों ने मिलकर सक्रिय भूमिका निभाई और इस पुनीत कार्य को सफलतापूर्वक अंजाम दिया। इस अवसर पर प्रवीण लोहिया, रवि अग्रवाल, संजय गोयल, राहुल जायसवाल, विजय धानुका, सौरभ बथवाल, पंकज खिरवाल, निर्मल मोदी, सुमित अग्रवाल, वीरेंद्र गुप्ता, आदित्य शर्मा, आशीष भाटिया, गौरीशंकर शर्मा, राहुल चौधरी, अरुण कुतरियार, संजय सिंह, नवीन मित्तल, उज्जवल जैन, राजा गोयनका, अमित अग्रवाल, गोपाल गाड़ोदिया, हरीश नागपाल, आर के गांधी सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

### भाजपा आज मनाएगी 47वां स्थापना दिवस, कार्यकर्ता लगाएंगे घरों पर पार्टी का झंडा

**रांची :** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) अपने 47वें स्थापना दिवस को पूरे झारखंड में उत्साह और भव्यता के साथ मनाने जा रही है। इस संबंध में स्थापना दिवस कार्यक्रम के संयोजक सह मीडिया प्रभारी योगेंद्र प्रताप सिंह ने रविवार को जानकारी दी। योगेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि छह अप्रैल को पार्टी के लाखों कार्यकर्ता और समर्थक अपने-अपने घरों में पार्टी का ध्वज लगाएंगे और इस दिन को उत्सव के रूप में मनाएंगे। इस अवसर पर प्रदेश और जिला मुख्यालयों में विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिनमें पार्टी की विचारधारा, इतिहास और विकास यात्रा पर प्रकाश डाला जाएगा। कार्यक्रमों में पिछले लगभग 12 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा किए गए जनकल्याणकारी कार्यों, नीतियों और उपलब्धियों पर चर्चा की जाएगी। साथ ही विभिन्न भाजपा शासित राज्यों में हुए विकास कार्यों को भी रेखांकित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस मौके पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद आदित्य साहू, विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी , संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह सहित कई वरिष्ठ नेता और पदाधिकारी प्रदेश कार्यालय में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में शामिल होंगे। योगेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि 'आत्मनिर्भर भारत' के संकल्प को साकार करने में पार्टी के करोड़ों कार्यकताओं की अहम भूमिका है। स्थापना दिवस के अवसर पर कार्यकताओं को पार्टी के सिद्धांतों और जनसेवा के प्रति समर्पण का संकल्प दिलाया जाएगा।

### धुर्वा में शिक्षकों को मानसिक स्वास्थ्य पर प्रशिक्षण, छात्रों के समग्र विकास पर जोर



**रांची :** रांची के धुर्वा स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में रविवार को छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य एवं कल्याण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से क्षमता संवर्धन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्राचार्य ललन कुमार के मार्गदर्शन में हुआ। इस अवसर पर शिक्षकों को विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य, भावनात्मक संतुलन, तनाव प्रबंधन और विद्यालय में सकारात्मक वातावरण के निर्माण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में व्यवहारिक पहलुओं पर विशेष जोर दिया गया, ताकि शिक्षक छात्रों की समस्याओं को बेहतर ढंग से समझकर उन्हें सही दिशा प्रदान कर सकें। प्राचार्य ललन कुमार ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम शिक्षकों को नई सोच और दृष्टिकोण देते हैं, जिससे विद्यार्थियों के बेहतर भविष्य के निर्माण में मदद मिलती है। उन्होंने शिक्षकों से बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य के प्रति संवेदनशील रहने और उन्हें सहयोग देने की अपील की। कार्यक्रम में सुरेन्द्रनाथ सेंटेनरी पब्लिक स्कूल के उप-प्राचार्य प्रसेनजीत हाजरा एवं गोविंद राम कटारुका पब्लिक स्कूल के पीजीटी उत्तम कुमार उपस्थित रहे। उन्होंने शिक्षकों को मानसिक स्वास्थ्य के महत्व और उससे जुड़े विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम में 60 से अधिक शिक्षक और अन्य लोग मौजूद रहे, जिन्होंने इस पहल की सराहना की और इसे विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए उपयोगी बताया।

# चास- चंदनकियारी रोड़ का गौरव थाती बनकर उभरेगा इजरी नदी तट पर नवनिर्मित भगवान परशुराम और संकटमोचन मंदिर

**✦ श्री परशुराम सेवा समाज बाईसी ने रचा नया कीर्तिमान**



**हजारीबाग :** जगत के पालनहार भगवान विष्णु के छठवें अंशावतार, ज्ञान और शस्त्र के महान ज्ञाता भगवान परशुराम की महिमा भारतीय संस्कृति के कण-कण में रची-बसी है। देश के विभिन्न हिस्सों में उनकी पूजा-अर्चना बड़े ही श्रद्धा भाव से होती आई है, जिसमें झारखंड के गुमला का ऐतिहासिक टांगीनाथ धाम, केरल के तिरुवल्लम में करमना नदी के तट पर स्थित श्री परशुराम स्वामी मंदिर और हिमाचल प्रदेश के सिरमौर में माता रेणुका जी के सानिध्य में स्थित पावन धाम प्रमुख हैं। इसी गौरवशाली परंपरा को आगे बढ़ाते हुए अब झारखंड के बोकारो जिले में चास-चंदनकियारी मार्ग पर इजरी नदी के पावन तट पर स्थित खामारबेंदी में भगवान परशुराम का एक भव्य और दिव्य मंदिर आकार ले चुका है, जो क्षेत्र के सांस्कृतिक और आध्यात्मिक मानचित्र पर एक नया कीर्तिमान स्थापित करने को तैयार है । श्री परशुराम सेवा समाज बाईसी के अटूट संकल्प और अथक प्रयासों से निर्मित यह मंदिर परिसर करीब 15 डिसमिल के विस्तृत भूखंड में फैला है। मंदिर की स्थापत्य कला की भव्यता देखते ही बनती है, जिसे महाराष्ट्र के नांदेड़ से आए कुशल कारीगरों ने बड़ी ही बारीकी से तराशा है। मंदिर के मुख्य तोरण द्वार से लेकर गर्भगृह की बनावट तक, हर कोना दिव्य आभा बिखेरता है। यहाँ भगवान परशुराम की प्रतिमा को महेंद्र गिरी पर्वत की नैसर्गिक सज्जा के बीच स्थापित किया जाना है, जो श्रद्धालुओं को त्रेतायुग के उस शांत और शक्तिशाली परिवेश की अनुभूति कराएगा जहाँ भगवान परशुराम ने तपस्या की थी। इस प्रांगण में केवल आस्था ही नहीं, बल्कि सामाजिक सरोकारों का भी संगम होगा, क्योंकि यहाँ मंदिर के साथ-साथ संकटमोचन हनुमान मंदिर और दो मंजिला केंद्रीय कार्यालय भवन का भी निर्माण किया गया है। चास-चंदनकियारी मुख्य मार्ग और इजरी नदी के किनारे स्थित होने के कारण इस स्थल की प्राकृतिक सुंदरता और सुगमता इसे एक दर्शनीय पर्यटन केंद्र के रूप में भी स्थापित करती है। कई वर्षों के परिश्रम के बाद अब यह मंदिर अपने जीवंत स्वरूप में खड़ा है, जो समाज की सामूहिक शक्ति और भक्ति का परिचायक है। इस पावन धाम के लोकार्पण हेतु आगामी 17 अप्रैल 2026 से 21 अप्रैल 2026 तक भव्य प्राण प्रतिष्ठा सह महायज्ञ अनुष्ठान का आयोजन सुनिश्चित किया गया है। इस धार्मिक उत्सव के दौरान अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कथावाचक प्राची देवी के प्रवचनों की अमृत वर्षा होगी, जो श्रद्धालुओं के लिए आत्मिक शांति और ज्ञान का मार्ग प्रशस्त करेगी। श्री परशुराम सेवा समाज बाईसी के सदस्य दिन-रात इस आयोजन को ऐतिहासिक और अभूतपूर्व बनाने में जुटे हुए हैं। यज्ञ मंडप, कथा स्थल, संत- महात्मा और यज्ञाचार्य का प्रवास स्थल निर्माण का कार्य युद्धस्तर पर जारी है। निश्चित रूप से आने वाले समय में खामारबेंदी का यह मंदिर क्षेत्र की पहचान बनेगा और आने वाली पीढ़ियों के लिए आस्था, साहस और सामाजिक एकजुटता की प्रेरणा स्थली सिद्ध होगा। निर्माण कार्य में जुटे हर हाथ और संकल्पित हृदय को समाज का सादर नमन है। आप सभी के दिलेरी और जज्बे को हमारा बारंबार सलाम।

## ईस्टर संडे पर मसीही समाज ने कब्रिस्तान में की विशेष प्रार्थना, मोमबत्तियां जलाकर दी श्रद्धांजलि

**रामगढ़, 5 अप्रैल :** रामगढ़ में ईस्टर संडे के अवसर पर मसीही समुदाय द्वारा श्रद्धा और आस्था के साथ विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। प्रभु यीशु मसीह के पुनरुत्थान की स्मृति में आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए और अपने दिवंगत परिजनों को याद कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम के तहत सुबह तड़के ही लोग सीएनआई कैथा कब्रिस्तान पहुंचे, जहां धार्मिक परंपराओं के अनुसार सामूहिक प्रार्थना की। श्रद्धालुओं ने कब्रों के पास मोमबत्तियां जलाकर अपने प्रियजनों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की और उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। पूरे आयोजन के दौरान वातावरण बेहद शांत, आध्यात्मिक और श्रद्धामय बना रहा। उपस्थित लोगों ने एकजुट होकर प्रेम, शांति और भाईचारे का संदेश दिया। उनका मानना था कि ऐसे आयोजन समाज में आपसी सद्भाव और एकता को और मजबूत करता है।

## खबरकोना

### रोजगार की तलाश में जा रहे युवक की ट्रेन से गिरकर मौत, सांसद कालीचरण सिंह ने दिया सहयोग



**चतरा, 5अप्रैल :** चतरा जिले के प्रतापपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम प्रतापपुर से एक बेहद दुखद खबर सामने आई है इस गांव के रहने वाले रौशन कुमार की ट्रेन से गिरकर दर्दनाक मौत हो गई। रौशन अपने परिवार की आर्थिक स्थिति सुधारने के लिए रोजगार की तलाश में चेन्नई जा रहा था, लेकिन रास्ते में ही यह हादसा हो गया। परिजनों के अनुसार रौशन चेन्नई जाने वाली ट्रेन में सवार था। यात्रा के दौरान अचानक संतुलन बिगड़ने या किसी तकनीकी कारण से वह चलती ट्रेन से नीचे गिर गया, जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना जैसे ही प्रतापपुर गांव पहुंची, पूरे घर में कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। इसी बीच चतरा लोकसभा क्षेत्र के सांसद कालीचरण सिंह ने इस दुःख की घड़ी में संवेदना प्रकट करते हुए मृतक के घर तक पार्थिव शरीर मंगवाने की व्यवस्था कराई और परिवार को 15,000 रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की। श्री सिंह जी कहा रौशन की असमय मौत ने एक परिवार का सहारा छीन लिया और समाज ने एक होनहार युवा को खो दिया। ईश्वर से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्मा को शांति और परिजनों को इस दुख को सहने की शक्ति प्रदान करें।

### चौपारण में घरेलू गैस का वितरण करवाते एमओ



**चौपारण :** चौपारण प्रखण्ड में कलाबाजरी को रोकने के जिला खाद आपूर्ति पदाधिकारी के निदेर्शानुसार चौपारण के एमओ विक्रम पाण्डेय सुबह से ही सक्रिय होकर आम उपभोक्ताओं को गैस का वितरण सुनिश्चित करा रहे हैं, जिससे लोगों को किसी प्रकार की परेशानी न हो, आपको बता दे कि जिला खाद आपूर्ति पदाधिकारी को शाम को आना पड़ा , ऐसे में एक प्रश्न उठता हैं कि कोई भी अधिकारी रात में क्या जांच करने के लिए आएं जबकि स्टॉक की जानकारी गोदाम की जानकारी दिन में किया जाता हैं, जबकि गैस गोदाम तीन किलोमीटर दूर हैं। चौपारण में और गैस वितरक गैस दे रहा बस एक ही चौपारण का गैस ऐजेंसी गैस नही दे रहा था। अब एमओ इस कार्य को अपने देख रेख में कर रहें हैं तो अब सभी उपभोक्ताओं को गैस मिल जाएगा।

### रजरप्पा स्थित आश्रम में बोरिया बाबा की बनी समाधि, पूजन और हवन में शामिल हुए शिष्य

**गोला :** अखिल भारतीय शांति प्रतिष्ठान के अध्यक्ष हरे राम ब्रह्मचारी उर्फ बोरिया बाबा (107 वर्ष) के निधन के 21 वें दिन रजरप्पा स्थित आश्रम में चार दिवसीय समाधि पूजन का कार्यक्रम रविवार को शुरू हुआ। बाबा के शिष्य डॉ बी के तिवारी ने समाधि पूजन के पश्चात हवन किया। उसके बाद कई शिष्यों ने समाधि में मिट्टी दी। आश्रम में वर्षों से सेवक के रुप में रहे बोरिया बाबा के प्रमुख शिष्य जयंत पंडा ने बताया कि बाबा के इक्षा के अनुसार उन्हें आश्रम के पुराने भवन में समाधि दी गई है, जहां वे रजरप्पा में शुरूआती दौर में रहते थे। बोरिया बाबा के शिष्य सार्वभौम शाकद्वीपीय ब्राह्मण महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष वरिष्ठ पत्रकार मनोज मिश्र ने बाबा को श्रद्धांजलि देते हुए बताया कि कार्यक्रम चार दिवसीय है, जो 5 अप्रैल से शुरू होकर 8 अप्रैल तक होगा, जिसमें समाधि पूजन के साथ हरे राम संकीर्तन और महाभंडारा का कार्यक्रम शामिल है। चार दिवसीय कार्यक्रम के दौरान लगातार 8 अप्रैल तक भंडारा जारी रहेगा। 6 अप्रैल को को पीठाधीश्वर अघोराचार्य महाराज श्री बाबा सिद्धार्थ गौतम राम अघोर पीठ बाबा कीनाराम स्थल क्रीं कुण्ड वाराणसी से रजरप्पा आएंगे। 8 अप्रैल को शंकराचार्य अधोक्षानन्द देव तीर्थ जी महाराज गोवर्धन से रजरप्पा आएंगे। रविवार को डॉ बी के तिवारी, जयंत पंडा, विकास सिंह, मनोज मिश्र, शनि नाथ बाबा, महेश सिंह, सतीश विश्वकर्मा, महेश नारायण सिंह, अरविन्द सिंह, शशांक शेखर, सेठी पंडा, सुखदेव मुर्मू, महावीर मुर्मू, जितेन्द्र कुमार, प्रवीण सिंह सहित दर्जनों लोगों ने श्रद्धांजलि दी।

### पुलिस टीम ने महज 12 घंटे के भीतर नाबालिग बच्ची को सकुशल बरामद कर लिया।

**बड़कागांव :** बड़कागांव पुलिस ने नाबालिक बच्ची को भगाने के बाद बच्ची को बरामद करते हुए भगाने वाले आरोपी युवक को जेल भेजा गया। थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने महज 12 घंटे के भीतर नाबालिग बच्ची को सकुशल बरामद कर लिया और आरोपी युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।मिली जानकारी के अनुसार एक पीड़ित महिला ने बड़कागांव थाना में आवेदन देकर अपनी नाबालिग बेटी को एक युवक पर बहला-फुसलाकर अपने साथ लेकर फरार हो जाने की बात कही गई। इस मामले को गंभीरता लेते हुए थाना प्रभारी श्री सिंह ने तुरंत संज्ञान लिया और टीम को निर्देश दिया कि हर हाल में 24 घंटे के भीतर बच्ची को खोज निकाला जाए। पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए विभिन्न संभावित ठिकानों पर छापेमारी शुरू की। लगातार प्रयास के बाद महज 12 घंटे के अंदर ही बच्ची को सकुशल बरामद कर लिया गया। आरोपी पंकज करमाली, पिता मघा करमाली, निवासी चेपाखुर्द का है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

# हजारीबाग प्रेस क्लब के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने संभाला पदभार

**✦ पहली बैठक में लिए गए सकारात्मक व व्यवहारिक निर्णय**



**हजारीबाग :** हजारीबाग प्रेस क्लब के लोकतांत्रिक चुनाव सम्पन्न होने के पश्चात रविवार को नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने विधिवत पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर क्लब परिसर में उत्साह का माहौल देखने को मिला। पदभार ग्रहण के बाद क्लब के ट्रस्टी, नवनिर्वाचित पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी सदस्यों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें संगठन को मजबूत बनाने और पत्रकार हित में कार्य करने को लेकर सकारात्मक चर्चा हुई। नवनिर्वाचित अध्यक्ष मुरारी सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि पहली बैठक होने के कारण शिष्टाचार एवं संगठनात्मक व्यवस्था से जुड़े प्रारंभिक और व्यवहारिक निर्णय लिए गए हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि सभी सदस्यों के सहयोग, समन्वय और सक्रिय भागीदारी से प्रेस क्लब को एक सशक्त एवं प्रभावी मंच के रूप में विकसित किया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि क्लब पत्रकारों की समस्याओं के समाधान और उनके पेशेवर विकास के लिए लगातार प्रयासरत रहेगा। वहीं, सचिव दीपक सिंह ने बताया कि बैठक में क्लब की भावी योजनाओं, गतिविधियों और संरचनात्मक सुधारों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में पत्रकारों के हित में प्रशिक्षण कार्यक्रम, संवाद सत्र तथा सामाजिक सरोकार से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिससे क्लब अपने उद्देश्यों को बेहतर तरीके से हासिल कर सके। बैठक के दौरान क्लब की कार्यप्रणाली को पारदर्शी और प्रभावी बनाने, सदस्यों के बीच आपसी सहयोग बढ़ाने तथा संगठन को नई दिशा देने को लेकर भी सहमति बनी।

# खनन विस्थापित संघर्ष विकास समिति की बैठक संपन्न, कई अहम प्रस्ताव पारित



**बड़कागांव :** बड़कागांव लगांतु स्थित समिति कार्यालय में खनन विस्थापित संघर्ष विकास समिति की एक आवश्यक बैठक रविवार को आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष गोविंद महतो एवं संचालन अनवर अली ने किया। इस दौरान क्षेत्र के कई गांवों के प्रतिनिधि एवं सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। बैठक में उपस्थित सदस्यों के हस्ताक्षर भी दर्ज किए गए, जिसमें विभिन्न पंचायतों एवं गांवों के टीम के सदस्यों ने अपनी भागीदारी सुनिश्चित की। बैठक का मुख्य उद्देश्य विस्थापितों की समस्याओं पर चर्चा करना और उनके समाधान के लिए ठोस निर्णय लेना था। बैठक में कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव भी पारित किए गए जिसमें पिछले बैठक जो 7 मार्च 2026 में निर्णय लिया गया था कि कंपनी के प्रबंधक के साथ बैठक होगी कंपनी प्रबंधन द्वारा दिए गए आश्वासनों पर अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं होने पर नाराजगी जताई गई। साथ ही टीम के सदस्यों को समय पर भुगतान सुनिश्चित करने का प्रस्ताव पारित किया गया। जिन सदस्यों का भुगतान रोक दिया गया है। उनके भुगतान को जल्द से जल्द सुनिश्चित करने की बात कही गई। जिसको लेकर आगामी 8 अप्रैल को प्रबंधक के साथ बैठक कर समस्याओं का निदान हेतु आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। बैठक में वक्ताओं ने एकजुट होकर अपनी आवाज बुलंद करने पर जोर दिया। बैठक शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई और अंत में अध्यक्ष द्वारा सभी सदस्यों का धन्यवाद किया गया। बैठक में मुख्य रूप से प्रेम यादव, नवलेश यादव, मनोज विश्वकर्मा, कृष्ण राम, मो० रफीक अंसारी, मो० मुज्जफर, मो, मुख्तार, मो० कलाम, बालेश्वर महतो, राम शरण महतो, शिशु मिश्रा, सुबोध गिरी, अलख देव सिंह, लखन साव, बजरंगी साव,मुकेश चौरसिया, आयूब अली,मजहर आलम,पवन कुमार, मो० शमीम अहमद, कमल साव, महावीर यादव, अशोक राम, रामजीत तुरी, कार्तिक महतो, मो० एनूल, मो० बसारत अंसारी, मो शरीफ, बिशुन साव, लखन साव, सोनू साव, अजय यादव सहित दर्जनों टीम के सदस्य उपस्थित थे।

# जागरूकता अभियान तेज 13 अप्रैल को हजारीबाग यूथ विंग का रक्तदान शिविर, युवाओं में उत्साह चरम पर

**✦ युद्ध स्तर पर चल रहा संपर्क अभियान, रक्तदाताओं को मिलेगा हेलमेट व प्रमाण पत्र**



**हजारीबाग :** हजारीबाग यूथ विंग द्वारा 13 अप्रैल को लक्ष्मी सिनेमा हॉल सभागार में आयोजित होने वाली भव्य रक्तदान शिविर को लेकर शहर में माहौल पूरी तरह से तैयार होता नजर आ रहा है। संस्था की ओर से चलाया जा रहा जागरूकता अभियान अब युद्ध स्तर पर पहुंच गया है, जिसके कारण युवाओं में रक्तदान को लेकर खासा उत्साह देखा जा रहा है। रविवार को अभियान के तहत शहर के विभिन्न डिफेंस अकादमियों में विशेष संपर्क अभियान चलाया गया। संस्था के संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन एवं अध्यक्ष करण जायसवाल के निर्देश पर सदस्य विवेक तिवारी ने युवाओं के बीच पहुंचकर उन्हें रक्तदान के प्रति जागरूक किया। उन्होंने बताया कि रक्तदान न सिर्फ किसी जरूरतमंद को नया जीवन देता है, बल्कि यह स्वयं रक्तदाता के स्वास्थ्य के लिए भी लाभकारी होता है। इस दौरान कमांडो फिजिकल अकादमी विवेक कुमार तिवारी, वारियर डिफेंस अकादमी प्रेम कुमार मिल्खा डिफेंस अकादमी प्रीतम कुमार, हजारीबाग डिफेंस अकादमी राहुल कुमार, चैंपियन डिफेंस अकादमी मुकेश कुमार, विकास डिफेंस अकादमी विकास कुमार एवं फिजिकल डिफेंस अकादमी पंकज कुमार में जाकर युवाओं को निमंत्रण पत्र सौंपे गए और अधिक से अधिक संख्या में भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील की गई। सभी युवाओं को बताया गया कि रक्तदान करने वाले सभी रक्तदाताओं को प्रोत्साहन स्वरूप एक-एक हेलमेट के साथ-साथ प्रमाण पत्र भी प्रदान किया जाएगा। इस पहल ने युवाओं के उत्साह को और बढ़ा दिया है। संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन ने कहा कि संस्था का लक्ष्य इस शिविर को ऐतिहासिक बनाना है। युवाओं का जिस तरह से समर्थन मिल रहा है, उससे यह साफ है कि यह आयोजन एक नई मिसाल कायम करेगा। वहीं अध्यक्ष करण जायसवाल ने कहा कि रक्तदान एक महान सेवा है, जिससे किसी की जिंदगी बचाई जा सकती है। हमारी कोशिश है कि अधिक से अधिक युवा इससे जुड़ें और समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाएं। इस शिविर को सफल बनाने में संस्था के सभी पदाधिकारी एवं सदस्य पूरी मेहनत कर रहे हैं। हजारीबाग यूथ विंग ने शहरवासियों से अपील की है कि वे इस महाअभियान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें और मानवता की सेवा में अपना योगदान दें।

# विभावि में 17 कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी

**✦ कुलपति व कुलसचिव के प्रभार में महिला अधिकारी एक्शन मोड में**

**हजारीबाग :** विनोबा भावे विश्वविद्यालय प्रशासन ने अनुशासन सख्त करते हुए 17 शिक्षककेत्तर कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। औचक निरीक्षण के दौरान ये कर्मचारी बिना सूचना के अपने-अपने दफ्तर से अनुपस्थित पाए गए थे। कुलसचिव डॉ प्रणिता ने रविवार को बताया कि कई कर्मचारियों के देर से आने और बिना सूचना अनुपस्थित रहने की लगातार शिकायत मिल रही थी। इसी के आधार पर औचक निरीक्षण किया गया, जिसमें दोषी पाए गए कर्मियों से स्पष्टीकरण मांगा गया है। उन्हें जवाब देने के लिए तीन दिन का समय दिया गया है। उन्होंने कहा कि इस तरह की लापरवाही से विश्वविद्यालय के कामकाज पर असर पड़ता है और ईमानदारी से काम करने वाले कर्मचारियों का मनोबल भी गिरता है। संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर मामले से कुलपति को अवगत कराया जाएगा और आगे की कार्रवाई की जाएगी।

इस बीच प्रभारी कुलपति डॉ रेनू बोस को कुलपति कक्ष में नहीं बैठने देने की हालिया घटना पर भी कुलसचिव ने नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि यह अमर्यादित आचरण है और संबंधित व्यक्ति पर गोपनीयता के दुरुपयोग का गंभीर आरोप है, जिससे विश्वविद्यालय की छवि प्रभावित हुई है। कुलसचिव ने स्पष्ट किया कि प्रशासनिक व्यवस्था को दुरुस्त करना विश्वविद्यालय का आंतरिक मामला है। फिलहाल किसी का नाम सार्वजनिक नहीं किया गया है, लेकिन दोबारा नियम उल्लंघन करने पर कड़ी कार्रवाई के साथ नाम भी उजागर किए जाएंगे।

# कटकमसांडी में भाजपा का प्रशिक्षण महाअभियान संपन्न



**हजारीबाग :** भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के तहत कटकमसांडी में आयोजित दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला रविवार को सफलतापूर्वक संपन्न हो गई। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम 4 अप्रैल से प्रारंभ होकर 5 अप्रैल तक चला। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष कैलाश यादव ने की, जबकि मंच संचालन सांसद प्रतिनिधि प्रेमचंद प्रसाद ने किया।

कार्यक्रम में कार्यकताओं को पार्टी की विचारधारा, संगठनात्मक मजबूती और आधुनिक तकनीकों के उपयोग के संबंध में विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान सात प्रमुख विषयों पर गहन चर्चा की गई। पहला दिन : भाजपा के इतिहास, अंत्योदय और बूथ प्रबंधन पर जोर प्रशिक्षण के प्रथम दिन टौनी जैन ने भाजपा के इतिहास पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए बताया कि पार्टी की नींव राष्ट्रवाद, सांस्कृतिक मूल्यों और सेवा भावना पर आधारित है। उन्होंने जनसंघ से भाजपा तक की यात्रा को संघर्ष और समर्पण की मिसाल बताते हुए कार्यकताओं को संगठन के प्रति निष्ठा बनाए रखने का संदेश दिया।

किशोरी राणा ने अंत्योदय विषय पर बोलते हुए कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय का मूल उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाना है। उन्होंने कार्यकताओं से अपील की कि वे सरकारी योजनाओं का लाभ जरूरतमंदों तक पहुंचाने में सक्रिय भूमिका निभाएं।

महावीर सिंह ने बूथ प्रबंधन पर जोर देते हुए कहा कि चुनावी सफलता की कुंजी मजबूत बूथ व्यवस्था में निहित है। उन्होंने मतदाता सूची प्रबंधन, घर-घर संपर्क और मतदान दिवस की रणनीति पर विस्तृत जानकारी दी।

दूसरा दिन : वैचारिक अभियान, संगठन विस्तार और डिजिटल सशक्तिकरण दूसरे दिन रितलाल प्रसाद यादव ने वैचारिक अभियान विषय पर चर्चा करते हुए कहा कि भाजपा की असली ताकत उसकी स्पष्ट विचारधारा है। उन्होंने कार्यकताओं को पार्टी के सिद्धांतों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। अरविंद कुमार यादव ने कार्य विस्तार पर जोर देते हुए कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता को संगठन विस्तार का जिम्मा लेना चाहिए। उन्होंने बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने और नए लोगों को जोड़ने पर विशेष बल दिया। प्रेमचंद प्रसाद ने नमो ऐप एवं सरल ऐप के उपयोग की जानकारी देते हुए बताया कि डिजिटल माध्यम आज संगठन को मजबूत बनाने का प्रभावी साधन बन चुका है। उन्होंने कार्यकताओं से तकनीक के अधिकतम उपयोग की अपील की। लेखराज यादव ने सोशल मीडिया के प्रभाव पर चर्चा करते हुए कहा कि यह आज के समय में जनसंपर्क का सबसे सशक्त माध्यम है। उन्होंने कार्यकताओं को जिम्मेदारीपूर्वक और सकारात्मक तरीके से सोशल मीडिया के उपयोग की सलाह दी।

इस कार्यक्रम के मौके पर टौनी जैन, केपी ओझा, किशोरी राणा, महावीर सिंह, रितलाल प्रसाद यादव, प्रेमचंद प्रसाद, अरविंद कुमार यादव, लिलों सिंह भोक्ता, आदित्य दांगी, विजय दांगी, अशोक मेहता, कुलदीप सिंह भोक्ता, मनोज पाण्डेय, शंकर यादव, गांगधर पाण्डेय, नरेश पासवान, राजकुमार यादव, रामकृपाल सिंह, नरेश मेहता, मिथलेश सिंह, हलधर यादव, दुर्जोय प्रसाद, सहदेव यादव, सुनिता देवी, गीत देवी, कुंती देवी, बिजुल देवी, प्रमिला देवी, संदीप मुण्डा, सहादात अंसारी, डॉ. अजीत दास, रामचन्द्र यादव, निर्मल साव, राजकिशोर प्रसाद, दिनेश्वर यादव, दिनेश्वर साव, विजय माली, श्यामलाल तुरी जयप्रकाश रजक,लेखराज यादव सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के समापन की घोषणा मंडल अध्यक्ष कैलाश यादव ने की। उन्होंने सभी वक्ताओं और कार्यकताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रशिक्षण से संगठन को नई ऊर्जा मिलेगी और कार्यकर्ता आगामी चुनौतियों के लिए पूरी तरह तैयार रहेंगे।

# रजरप्पा मंदिर प्रक्षेत्र में दुकान हटाने को लेकर बढ़ा विवाद, पुनर्वास की मांग तेज



**रजरप्पा :** रजरप्पा स्थित मां छिन्नमस्तिका मंदिर क्षेत्र में कोर्ट के आदेश के बाद दुकानों को हटाए जाने की प्रक्रिया को लेकर उत्पन्न संकट अब गंभीर होता जा रहा है। इसी मुद्दे को लेकर हजारीबाग के सांसद मनीष जायसवाल रविवार को रजरप्पा पहुंचे। उन्होंने प्रशासनिक भवन में पंडा समाज एवं स्थानीय दुकानदारों के साथ बैठक कर उनकी समस्याओं को सुना। दुकानदारों ने बताया कि वे वर्षों से यहां दुकानदारी कर अपने परिवार का भरण-पोषण कर रहे हैं। अचानक हटाने की कार्रवाई से उनके सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है। बैठक को संबोधित करते हुए सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि उच्च न्यायालय के आदेश में भी यह स्पष्ट है कि दुकानों को हटाने से पहले प्रभावित लोगों के पुनर्वास की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि बिना पुनर्वास के किसी को उजाड़ना न तो न्यायसंगत है और न ही मानवीय। प्रशासन को इस विषय पर संवेदनशीलता के साथ निर्णय लेना चाहिए। वहीं, रामगढ़ जिला सांसद प्रतिनिधि सह युवा नेता राजीव जायसवाल ने कहा कि वे दुकानदारों के साथ हर परिस्थिति में खड़े रहेंगे। उन्होंने कहा कि किसी भी गरीब और मेहनतकश व्यक्ति का रोजगार छीनना स्वीकार्य नहीं है। जरूरत पड़ी तो उनके अधिकारों की रक्षा के लिए संघर्ष किया जाएगा। बैठक में रजरप्पा मंदिर के वरिष्ठ पुजारी छोटू पंडा, अरूप पंडा, सुबोध पंडा, राकेश पंडा, बंदा पंचायत के मुखिया सह दुकानदार संघ के अध्यक्ष कुलदीप साव, दिलीप साव, भाजपा रजरप्पा मंडल अध्यक्ष संतोष कुसवाहा, चितरपुर मंडल अध्यक्ष निरंजन कुमार, पूर्व अध्यक्ष बाबलू साव, गोला सांसद प्रतिनिधि प्रीतम झा, दुलमी सांसद प्रतिनिधि विक्की महतो, सुबीन तिवारी, ललन कुशवाहा, सोनू सोनी, सूरज वर्मा, सुमित सिंह, दुकानदार प्रतिनिधियों में देवत खन्ना, मिंटू साव, बंसी केवट, महेश मांझी, दिलीप साव, जयचंद महतो, मुकेश महतो, राजू साव सहित कई लोग उपस्थित थे।

# नशीला पदार्थ खिलाकर ट्रक लूटने वाला गिरोह का चतरा पुलिस ने किया उद्भेदन

✦ फरार अभियुक्त की तलाश जारी, अंतरराज्यीय गिरोह हुआ खुलासा : पुलिस अधीक्षक

देशप्राण संवाददाता



चतरा,5 अप्रैलः चालकों को नशीला पदार्थ खिलाकर बेहोश करने और ट्रक की चोरी करने वाले गिरोह के खिलाफ चतरा पुलिस को बड़ी सफलता मिली है।गत 29 मार्च को दर्ज चतरा सदर थाना कांड संख्या 91/26 के अनुसंधान के क्रम में पुलिस ने यह कार्रवाई की है। पुलिस अधीक्षक सुमित कुमार अग्रवाल को मिली गुप्त सूचना के आधार पर लातेहार जिले के बालूमाथ थाना क्षेत्र से अंतरराज्यीय गिरोह के एक चोर को चतरा की सदर थाना पुलिस ने दबोचा है।पुलिस अधीक्षक ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर विशेष टीम का गठन कर छापेमारी की गई थी। इस दौरान एक संदिग्ध व्यक्ति को चोरी के ट्रक के साथ गिरफ्तार किया गया है।गिरफ्तार आरोपी की पहचान बिहार के भागलपुर जिला अंतर्गत हबीबपुर निवासी आदित्य राज उर्फ आदित्य कुमार उर्फ राजीव रंजन उर्फ मनन चौधरी उर्फ मो० शाहबाज के रूप में हुई है। पूछताछ में आरोपी ने अपने गिरोह के अन्य सदस्यों के साथ मिलकर ट्रक चालकों को नशीला पदार्थ खिलाकर वाहन चोरी करने की बात स्वीकार की है।पुलिस अधीक्षक ने बताया कि पुलिस ने आरोपी के पास से 42 नशीली गोलियां, ट्रक का जीपीएस निकालने के उपकरण, प्लास, पेचकस एवं 17 हजार रुपये नकद बरामद किया गया हैं। उन्होंने बताया कि आरोपी ने स्वीकार किया है कि वह गिरोह में शामिल अपने अन्य सहयोगियों एखलाक खान, राजेश यादव और टुनु यादव के साथ मिलकर पूर्व में भी बिहार और पश्चिम बंगाल के विभिन्न क्षेत्रों में ऐसी घटनाओं को अंजाम दे चुका है। चोरी किए गए ट्रकों को पश्चिम बंगाल के पन्नागढ़ में बेच दिया जाता था।पुलिस अधीक्षक ने कहा कि यह एक संगठित अंतरराज्यीय गिरोह है, जिसकी गतिविधियों की गहन जांच की जा रही है। फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। उन्होंने आम लोगों से अपील करते हुए कहा कि वे अनजान व्यक्तियों से सतर्क रहें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत स्थानीय पुलिस को दें।

## समृद्धि की रोटी अभियान जारी, जरूरतमंदों के बीच भोजन वितरण से बढ़ा जनसहयोग



**मेदिनीनगर :** मिशन समृद्धि के तत्वावधान में संचालित समृद्धि की रोटी अभियान निरंतर सेवा और मानवीय संवेदना का उदाहरण बनता जा रहा है। शहर में जरूरतमंदों तक भोजन पहुँचाने का यह प्रयास लगातार जारी है।

मिशन समृद्धि द्वारा संचालित समृद्धि की रोटी अभियान निरंतर सक्रिय रूप से चलाया जा रहा है। इस अभियान में सेवा भाव और समर्पण की झलक स्पष्ट दिखाई देती है। चाहे व्यस्त दिनचर्या हो या मौसम की प्रतिकूल परिस्थितियाँ, टीम के सदस्य पूरी निष्ठा के साथ रोटी, सब्जी और अन्य खाद्य सामग्री की व्यवस्था कर जरूरतमंदों तक पहुँचाते हैं।

इसी क्रम में अंबेडकर पार्क के सामने दोना-पत्तल और दातून बेचने वाले लोगों के बीच भोजन का वितरण किया गया। साथ ही शनि मंदिर के आसपास मौजूद जरूरतमंदों, दिव्यांगों, बुजुर्गों, बच्चों और राहगीरों के बीच भी रोटी, सब्जी, गुड़ और हलवा वितरित किया गया।

अभियान से जुड़े कार्यकताओं का कहना है कि समाज के लोगों द्वारा मिलने वाला छोटा-छोटा सहयोग इस कार्य को और अधिक ऊर्जा और उत्साह प्रदान करता है। उन्होंने रोटी उपलब्ध कराने वाले परिवारों के प्रति आभार और अभिनंदन व्यक्त किया।

इस दौरान मेदिनीनगर निवासी कन्हैया लाल जी ने संस्था को 5 किलोग्राम आटा, अचार और गुड़ प्रदान कर सराहनीय योगदान दिया, जिसके लिए संस्था ने उनका विशेष धन्यवाद ज्ञापित किया।

अभियान को सफल बनाने में बैजन्ती गुप्ता, वीणा राज, आशा शर्मा, बेबी पांडेय, चंदा तिवारी और मुस्कान सहित अन्य सहयोगियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। संस्था ने सभी सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी इस अभियान को जारी रखने का संकल्प दोहराया।

## खबरकोना

### हैदर नगर में कृषि क्रांति के अग्रदूत बने राजेंद्र सिंह



**हैदर नगर पलामू :** हैदर नगर प्रखंड के कृषि पदाधिकारी राजेंद्र सिंह अपनी सक्रियता और समर्पित कार्यशैली से क्षेत्र के किसानों के बीच उम्मीद की नई किरण बने हुए हैं कृषि क्षेत्र में नवाचार को बढ़ावा देने के लिए वे किसान मित्रों के सहयोग से लगातार किसानों को प्रेरित और जागरूक करते रहते हैं। राज्य सरकार की कृषि योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक किसानों तक पहुंच सके। अभी हाल में सरकार ने उपलब्ध कराई गई गरमा बीज मक्का तथा मूंग स्टॉक के मुताबिक हर किसानों को 4 केजी बीज का वितरण किया गया इसमें पूरी तरह पारदर्शिता बरती गई। लाभ लेने वाले किसानों की उम्मीद का किरण उनके चेहरे पर मुस्कान नजर आ रहा था । जबकि सिंह ने उन्नत बीज उपलब्ध कराने से लेकर तथा आधुनिक खेती तकनीक के प्रशिक्षण तक हर मोर्चे पर अग्रणी भूमिका निभाते हैं उन्होंने कहा समय पर खेती करना बेहद जरूरी है यदि किसान समय पर खेती का काम करेंगे तो फसल की पैदावार बेहतर होगी और उनकी आर्थिक स्थिति ओर मजबूत होगी उनके प्रयासों से किसानों की पैदावार में सुधार हुआ है और उन्नत खेती की दिशा क्षेत्र में खुशहाली देखने को मिल रहा है।

### पलामू के युवक की गढ़वा में सड़क हादसे में मौत

मेदिनीनगर : पलामू जिले के एक युवक की गढ़वा में हुए सड़क हादसे में मौत हो गई। मृतक की पहचान चैनपुर थाना क्षेत्र के रबदा केवालपर गांव निवासी गोलू उर्फ अमरेश कुमार विश्वकर्मा के रूप में की गई है। जानकारी के अनुसार, गोलू अपने साथी पंकज विश्वकर्मा के साथ मोटरसाइकिल से गढ़वा जिले के ओबरा स्थित अपनी बहन के घर गया था। शनिवार रात करीब 8 से 9 बजे के बीच दोनों वापस अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान गढ़वा के कितासोती गांव के पास उनकी बाइक अचानक अनियंत्रित हो गई और सड़क पर पलट गई। हादसा इतना तेज था कि दोनों सड़क पर गिर पड़े, जिससे गोलू गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से घायल गोलू को तुरंत गढ़वा सदर अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए एमएमसीएच रेफर कर दिया। परिजन उसे लेकर एमएमसीएच पहुंचे, लेकिन वहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। इस हादसे में उसके साथ मौजूद पंकज विश्वकर्मा बाल-बाल बच गया। उसे हल्की चोटें आई हैं और फिलहाल गढ़वा में उसका इलाज चल रहा है। रविवार को एमएमसीएच में पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। मृतक गोलू विश्वकर्मा पिकअप वाहन चलाकर अपने परिवार का भरण-पोषण करता था। वह परिवार का एकमात्र कमाने वाला सदस्य था। उसके दो छोटे बच्चे हैं, जिनके सिर से पिता का साया उठ गया है। घटना के बाद से पूरे परिवार में कोहराम मचा हुआ है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। गांव में भी इस घटना के बाद शोक की लहर दौड़ गई है। स्थानीय लोग पीड़ित परिवार को सांत्वना दे रहे हैं और इस दुखद हादसे पर गहरा शोक व्यक्त कर रहे हैं।

### पलामू में युद्ध विरोधी नागरिक मोर्चा का गठन



**मेदिनीनगर :** पलामू में वैश्विक युद्ध की आशंकाओं और उसके प्रभावों को देखते हुए नागरिक समाज ने एकजुट होकर महत्वपूर्ण पहल की है। रविवार को आईएमए हॉल में आयोजित बैठक में युद्ध विरोधी नागरिक मोर्चा का गठन किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि आगामी 11 अप्रैल को स्टॉप वार के नारे के साथ शहर में एक व्यापक नागरिक मार्च निकाला जाएगा। यह मार्च अंबेडकर पार्क से शुरू होकर शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए उपायुक्त कार्यालय तक पहुंचेगा, जहां एक नुक्कड़ सभा का आयोजन किया जाएगा। सभा के माध्यम से युद्ध और साम्राज्यवादी नीतियों के खिलाफ जनमत तैयार करने की रणनीति बनाई गई है। वास्तविकता यह है कि युद्ध जनता की जरूरत नहीं बल्कि सत्ता कायम रखने वालों के लिए जरूरी होता है। यूट्यूब से किसी मसले का हल नहीं होता। युद्ध खुद एक मसला है। पलामू जिले के प्रख्यात व लोकप्रिय कला गुरु एस एम नैयर जमाल के प्रति 2 मिनट का मौन रख कर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए बैठक प्रारंभ किया गया। बैठक में केडी सिंह ने कहा कि वर्तमान में दुनिया अघोषित युद्ध की आग में झुलस रही है, जिसका सीधा असर भारत सहित अन्य देशों पर पड़ रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि अमेरिका, इजरायल के साथ मिलकर ईरान पर हमलावर रुख अपनाए हुए है, जिससे वैश्विक शांति को गंभीर खतरा पैदा हो गया है। उन्होंने ने कहा कि यह युद्ध आर्थिक संसाधनों और ऊर्जा पर एकाधिकार जमाने के लिए किया जा रहा है। ईरान की जनता अपनी जमीन और प्राकृतिक संसाधनों की रक्षा के लिए संघर्ष कर रही है और और अपनी शहादत दे रही है। हम सभी उनकी शहादत को सलाम करते हैं। साथ ही इस संघर्ष के प्रति एकजुटता व्यक्त करते हुए 11 अप्रैल को स्टॉप वार के नारे के साथ मार्च करेंगे। वक्ताओं ने यह भी कहा कि इस युद्ध के पीछे एफेस्टिन फाइल का मामला भी जुड़ा हुआ है। इस युद्ध से देश की संप्रभुता एक खतरे में पड़ी हुई है। इस संकट की घड़ी में भारत को शांति और न्याय के पक्ष में मजबूती से खड़ा होना चाहिए, लेकिन वर्तमान सरकार का झुकाव अमेरिका और इजरायल की ओर दिख रहा है, जो चिंताजनक है। उन्होंने कहा कि यदि अभी आवाज नहीं उठाई गई, तो आने वाली पीढ़ियों के लिए एक सुरक्षित और न्यायपूर्ण दुनिया छोड़ना मुश्किल हो जाएगा।

## जिला सैनिक बोर्ड के स्थापना में हो रही विलंब के कारण पूर्व सैनिकों में आक्रोश : दामोदर मिश्र



**मेदिनीनगर :** अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद, पलामू का मासिक बैठक रेड़मा स्थित जिला कार्यालय में आयोजित किया गया। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष दामोदर मिश्र और संचालन उपाध्यक्ष लक्ष्मी नारायण तिवारी ने किया। बैठक में जिला कोषाध्यक्ष दयाशंकर शर्मा ने आय व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया, जिसे उपस्थित सदस्यों ने ध्वनि मत से पारित किया। जिलाध्यक्ष दामोदर मिश्र ने उपस्थित सदस्यों से विभिन्न बिंदुओं पर विचार विमर्श किया और परिषद ने सर्व सम्मति से निम्नांकित प्रस्ताव पारित किया।

केंद्र सरकार के द्वारा पलामू में जिला सैनिक बोर्ड और सैनिक आरामगाह स्थापित करने की मंजूरी मिल जाने के बावजूद राज्य सरकार के द्वारा इस योजना को पिछले कई वर्षों से लटका कर रखा गया है। इस बारे में राज्य सरकार से कई बार पत्राचार भी किया गया है, परन्तु अभी तक कोई प्रगति नहीं हुई है। शीघ्र ही पूर्व सैनिकों का एक प्रतिनिधि मंडल इस बारे में राज्य के संबंधित अधिकारियों से मुलाकात करेगी।

देश के कई राज्यों में पूर्व सैनिकों से नगर निगम के द्वारा लिए जाने वाला होल्डिंग टैक्स में 50 से 100 प्रतिशत तक छूट दी जाती है। ये सुविधा झारखंड में नहीं मिल रहा है। इस बारे में भी पत्राचार करने का निर्णय लिया गया। जिला प्रशासन के द्वारा परिषद के लिए एक कार्यालय उपलब्ध कराने की आश्वासन मिला है, लेकिन अभी तक कोई कमरा उपलब्ध नहीं कराया जा सका है।निर्णय लिया गया कि शीघ्र ही एक प्रतिनिधि मंडल उपायुक्त महोदया से मिल कर पुनः कार्यालय हेतु एक कमरा उपलब्ध कराने के लिए अनुरोध करेगी।

सी एस डी कैंटीन सुविधा जो अभी मिल रही है, उसे और बढ़ाने पर विचार चल रहा है। अभी पूर्व में कैंटीन में कुछ अनुशासन हीनता की सूचना मिली थी।जिलाध्यक्ष ने सभी से अनुरोध किया कि अनुशासन बनाए रखें, ताकि ये सुविधा आपको लगातार मिलता रहे। ई सी एच एस पॉलीक्लिनिक की वर्तमान सेवा से पूर्व सैनिक संतुष्ट हैं और इस में लगातार हो रहा सुधार प्रशंसनीय है। आज के इस बैठक में जिला संरक्षक शिवजी सिंह, जिलाध्यक्ष दामोदर मिश्र, कार्यकारी अध्यक्ष शंभू नाथ सिंह, उपाध्यक्ष लक्ष्मी नारायण तिवारी, कोषाध्यक्ष दयाशंकर शर्मा, पूर्व महा सचिव दिनेश कुमार गुप्ता, पेंशन अधिकारी कामाख्या नारायण सिंह, विकाश तिवारी, पंकज तिवारी, निरंजन प्रताप देव, अशोक कुमार दुबे, त्रिपुरारी प्रसाद, राकेश कुमार सिंह, आदि की सहभागिता रही।

## कलाकारों की उत्साह के साथ झलक 2026 की ऑडिशन संपन्न



**मेदिनीनगर :** स्वर्गीय लता मंगेशकर की याद में आयोजित गीतों की प्रतियोगिता झलक 2026 की ऑडिशन राउंड की प्रतियोगिता रविवार को सम्पन्न हुई। यह प्रतियोगियों मेदिनीनगर के त्रिपाठी इंटरनेशनल हॉल में हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता जेएमएम के जिला अध्यक्ष राजेंद्र सिंहा ने किया। उन्होंने कहा कि कलाकारों को एक मंच प्रदान करने के लिए इस प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। ऑडिशन राउंड की प्रतियोगिता तीन वर्गों में की गई। जिसमें 15 साल तक, 16 से 25 साल तक और 26 से उच्च आयु वर्ग के कलाकार शामिल हुए। कार्यक्रम संयोजक सुमित भट्टाचार्य और अमर सहाय ने बताया कि ऑडिशन राउंड में हर वर्ग से पांच पांच कलाकारों का चयन ग्राउंड फिनाले के लिए किया जाएगा। चयनित कलाकारों को सूची 6 अप्रैल को जारी किया जाएगा। ऑडिशन राउंड के निर्णायक मंडली में गढ़वा के उमेश विश्वकर्मा व बनारस के आनंद कुमार शामिल थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में बबलू चावला, अश्विनि सिंह, मो अनवर, सुशीला मिश्रा, शर्मिला सुमी आदि का सराहनीय योगदान रहा।

## पांकी में लूटपाट का विरोध करने पर बुजुर्ग को मारी गोली, छानबीन में जुटी पुलिस

**मेदिनीनगर :** पलामू जिले के पांकी थाना क्षेत्र के जोबला गांव में बैजनाथ सिंह नामक बुजुर्ग व्यक्ति को अज्ञात अपराधियों ने गोली मार दी। इस दौरान अपराधियों ने बैजनाथ सिंह के घर में लूटपाट भी की। घटना के बाद घायल बुजुर्ग को इलाज के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पीटल में भर्ती करवाया गया।

बताया जा रहा है कि अपराधी बैजनाथ सिंह के घर में घुस गए और लूटपाट करने लगे। जिसे देख बैजनाथ सिंह लूटपाट का विरोध करने लगे कि इसी क्रम में उन्हें गोली मार दी गई। बैजनाथ सिंह को जांघ में गोली लगी है। डॉक्टर ने ऑपरेशन करके गोली को बाहर निकाल दिया।

घटना की जानकारी मिलने के बाद पांकी थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और पूरे मामले में छानबीन कर रही है। पुलिस ने घटनास्थल से एक खोखा भी बरामद किया है। प्रारंभिक जांच में पुलिस को इस घटना में लूटपाट के अलावा कई और महत्वपूर्ण जानकारियां मिली हैं।



पांकी थाना प्रभारी राजेश रंजन ने बताया कि एक बुजुर्ग को गोली मारी गई। पुलिस पूरे मामले में छानबीन कर रही है। शुरूआती पूछताछ में बुजुर्ग ने बताया है कि लूटपाट में गोली मारी गई है चार की संख्या में अपराधी पहुंचे थे। हालांकि पुलिस को कई और अन्य जानकारियां भी मिली हैं, जिस पर कार्य किया जा रहा है। बता दें कि जिस इलाके में फायरिंग की घटना हुई है, वह इलाका अफीम के लिए चर्चित रहा है। फिलहाल पुलिस मामले के तहत छानबीन शुरू कर दी है।

## पलामू के सुप्रसिद्ध चित्रकार एस एम नैयर का निधन, कला जगत के लिए अपूरणीय क्षति

**मेदिनीनगर :** पलामू के सुप्रसिद्ध कला गुरु एवं प्रख्यात चित्रकार एस. एम. नैयर का निधन अत्यंत दुःखद और कला-जगत के लिए अपूरणीय क्षति है। दिनांक 5 अप्रैल की प्रातः 6:00 बजे उनका निधन हो गया। उनके प्रस्थान से न केवल पलामू, बल्कि समूचे सांस्कृतिक परिदृश्य में एक गहरा शून्य उत्पन्न हो गया है।

श्री नैयर ने अपने जीवन को कला-साधना के लिए पूर्णतः समर्पित कर दिया था। उन्होंने हजारों युवाओं को चित्रकला की बारीकियों से परिचित कराया और उन्हें सृजन की नई दृष्टि दी। विशेष रूप से, जरूरतमंद विद्यार्थियों को उन्होंने निःशुल्क



चित्रकला की शिक्षा देकर न केवल उनका मार्गदर्शन किया, बल्कि उनके जीवन को एक नई दिशा भी प्रदान की। आज पलामू के अनेक युवा उनकी दी हुई इस कला को अपने जीवन-निर्वाह का आधार बनाए हुए हैं—यह उनके योगदान का जीवंत प्रमाण है। उनकी चित्रकारी केवल रंगों और रेखाओं का संयोजन नहीं थी, बल्कि समाज को संवेदनशीलता, सौंदर्य-बोध और नई सोच की ओर प्रेरित करने वाली सशक्त अभिव्यक्ति थी। शहर के अनेक प्रतिष्ठित संस्थानों में सजी उनकी कलाकृतियाँ आज भी उनकी सृजनशीलता और दृष्टि की साक्षी हैं। पलामू सदैव उनके इस अमूल्य योगदान और समर्पण के लिए ऋणी रहेगा। इप्टा झारखंड परिवार इस अपूरणीय क्षति पर गहरा शोक व्यक्त करता है और शोकाकुल परिजनों के प्रति अपनी हार्दिक संवेदनाएँ प्रकट करता है। ईश्वर से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें तथा परिवार को इस दुःख को सहने की शक्ति दें।

### नर्सिंग, फामेर्सी व एमएलटी पाठयक्रम शुरू करेगा एनपीयू

**मेदिनीनगर :** नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय प्रशासन ने नर्सिंग, फामेर्सी और एमएलटी पाठयक्रम शुरू करने की योजना बना रही है। यह पाठयक्रम सेल्फ फाइनेंस कोर्स होगा। एनपीयू में फिलवक्त नर्सिंग, फामेर्सी व एमएलटी पाठयक्रम शुरू होने से इस क्षेत्र में करियर बनाने की सोच रखने वाले छात्र-छात्राओं को इसका लाभ मिलेगा। फिलहाल पलामू प्रमंडल के छात्र-छात्राएं, नर्सिंग, फामेर्सी व एमएलटी पाठयक्रम निजी संस्थानों से कर रहे हैं। इसके लिए महंगे शुल्क चुकाना पड़ता है। कई छात्र-छात्राएं दाखिला नहीं ले पाते हैं। एनपीयू के डीएसडब्ल्यू डॉ एसके पांडेय ने बताया कि नर्सिंग, फामेर्सी व एमएलटी पाठयक्रम शुरू करने की दिशा में एनपीयू प्रशासन जल्द ही पहल करेगी, ताकि इस प्रमंडल के विद्यार्थियों को इन पाठयक्रमों का लाभ मिल सके।

## बारह अप्रैल को होगा मेदिनीनगर में हिंदू सम्मेलन

**मेदिनीनगर :** विष्णु मंदिर प्रांगण में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में आगामी 12 अप्रैल को मेदिनीनगर में आयोजित होने वाली ₹हिंदू सम्मेलन₹ के निमित्त प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। हिंदू समाज की सांस्कृतिक एकता, परंपराओं के संरक्षण और सामाजिक समरसता को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से हिंदू सम्मेलन का आयोजन दिनांक 12 अप्रैल 2026 (रविवार) को संध्या 4 बजे शिवाजी मैदान, मेदिनीनगर में किया जाएगा।

आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में हिंदू सम्मेलन समिति की घोषणा की गई। साथ ही सम्मेलन से जुड़ी विस्तृत जानकारी मीडिया को दी गई। समिति ने बताया कि यह आयोजन समाज के विभिन्न वर्गों को एक मंच पर लाकर आपसी सहयोग और सांस्कृतिक जागरूकता को बढ़ावा देने का एक महत्वपूर्ण प्रयास है।

सम्मेलन में भव्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ, पारंपरिक कला एवं विरासत का प्रदर्शन तथा समाज के प्रबुद्ध एवं प्रतिष्ठित व्यक्तियों के प्रेरणादायक विचार मुख्य आकर्षण होंगे। विशेष रूप से युवाओं को अपनी जड़ों, संस्कारों और सांस्कृतिक मूल्यों से जोड़ने पर जोर दिया जाएगा। इस अवसर पर समिति के संयोजक ने कहा कि हमारी संस्कृति हमारी पहचान है, और



एकता हमारी सबसे बड़ी शक्ति है। यह सम्मेलन उसी भावना को सशक्त करने का प्रयास है। उपाध्यक्ष सोनू नामधारी जी ने कहा कि हिन्दू सम्मेलन का अधिक से अधिक प्रचार प्रसार कर के कार्यक्रम को सफल बनाना है। सचिव कुमार गौरव ने कहा कि हिन्दू सम्मेलन का उद्देश्य ही सकल हिन्दू समाज को एकजुटता करना है। प्रेस कॉन्फ्रेंस में समिति के संयोजक - सुरेन्द्र विश्वकर्मा, सह संयोजक सतीश तिवारी, उपाध्यक्ष - सोनू नामधारी, विकाश सिंह, रौशन चौरसिया, आशीष भारद्वाज, सचिव - कुमार गौरव, प्रचार प्रमुख - रोहित पाठक, श्वेत रंजन, कोषाध्यक्ष - विकाश तिवारी, शुभम प्रसाद, पंकज जयसवाल, अनामिका सिंह सहित समिति के अन्य सदस्य उपस्थित रहे। समिति ने सभी नागरिकों से इस आयोजन में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने की अपील की है, वहीं मीडिया से अनुरोध किया है कि इस सकारात्मक पहल को जन-जन तक पहुँचाने में सहयोग करें, ताकि यह आयोजन व्यापक जनभागीदारी के साथ सफल हो सके।

## डीएसी नंबर के बिना नहीं मिलेगा सिलेंडर, कॉल करने पर जेनरेट ही नहीं हो रहा डीएसी नंबर

**हैदर नगर, पलामू :** इन दिनों एलपीजी आम लोगों के लिए परेशानी का सबब बन गया है। खाना बनाना जरूरी है, मगर एलपीजी के बगैर खाना बनेगा नहीं। हैदरनगर में हर गली मुहल्ले में एलपीजी सिलेंडर लेकर एजेंसी के कार्यालय की ओर आते जाते लोग मिल जाएंगे। अधिकतर उपभोक्ता अखिलेश्वर तिवारी, बीरेंद्र कुमार सिंह, बबिता देवी दुर्गा प्रसाद आदि ने बताया कि इंडेन गैस की ओर से जारी नंबर पर रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर से मिस्ड कॉल करने पर डीएसी नंबर नहीं मिल रहा है। उपभोक्ता परेशान हैं। ऐसा भी नहीं है कि एक भी उपभोक्ता को डीएसी नंबर नहीं मिल रहा है। कुछ उपभोक्ताओं के मिस्ड कॉल करने पर डीएसी नंबर जेनरेट हो जाता है। उपभोक्ताओं ने पलामू उपायुक्त व एलपीजी कंपनियों से वैकल्पिक व्यवस्था कर एलपीजी उपलब्ध



कराने की मांग की है। उन्होंने कहा कि सरकार या गैस कंपनिया 25 व 45 दिन में गैस उपलब्ध कराने का निर्णय लिया है,तो ग्रामीण क्षेत्र में 45 दिन में गैस मिलना चाहिए। डीएसी नंबर उपलब्ध कराने की बात कह उपभोक्ताओं को लौटना सही नहीं है। इससे एजेंसियों पर भीड़ बढ़ेगी और अराजक स्थिति भी बन सकती है। उपभोक्ताओं ने कहा कि सिलेंडर बुक करने पर होम डिलीवरी भी नहीं दिया जा रहा है और होम डिलीवरी का चार्ज भी लिया जा राह है। जो उपभोक्ता गोदाम से सिलेंडर लेते हैं,उन्हें होम डिलीवरी का चार्ज वसूल करना कितना सही है। वीरेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि वह कई दिनों से मिस्ड कॉल कर रहे है,मगर उन्हें डीएसी नंबर नहीं मिल रहा है। वह खुद और सैकड़ों लोग एलपीजी के अभाव में परेशानी उठाने को मजबूर हैं।

# शिक्षा किस ओर

मेडिकल पीजी में शून्य (0) पर्सेंटाइल पर प्रवेश का मुद्दा पुराना भी नहीं हुआ है कि राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा स्कूल लेक्चरर के लिए आयोजित प्रतियोगिता परीक्षा के परिणाम ने देश की शिक्षा के हालातों के पोल खोलकर ही रख दी है। शिक्षा के मंदिर में बच्चों को पढ़ाने के लिए लेक्चरर के पद पर नियुक्ति के लिए आयोजित प्रतियोगिता परीक्षा में राजनीति विज्ञान के लेक्चरर के पद के लिए हजारों युवाओं ने परीक्षा दी और 225 पद होने के बावजूद केवल छह परीक्षार्थी चयन के योग्य पाये गये। मजे की बात है कि परीक्षा देने वाले हजारों युवाओं में मात्र 219 युवा भी न्यूनतम प्राप्तांक 40 प्रतिशत अंक भी प्राप्त नहीं कर पाए। हालात की गंभीरता को इसी से समझा जा सकता है कि फिजिकल एजुकेशन के 37 पदों के लिए एक भी नहीं और होम साइंस जैसे विषय के लेक्चरर के पद के लिए केवल एक परीक्षार्थी ही सफल हो सका। अब एक ओर देश में प्रतिपक्ष बेरोजगारी की समस्या को गंभीरता से उठा रहा है तो तो दूसरी और भर्ती वाले पदों के लिए न्यूनतम अर्हता अंक प्राप्त करने में भी आज के युवा सफल नहीं हो पा रहे हैं।

यह कोई राजस्थान की ही बात नहीं है अपितु यह समूचे देश की शिक्षा के स्तर की बानगी है। क्योंकि निश्चित रुप से राजस्थान लोक सेवा आयोग की परीक्षा में अन्य प्रदेशों के युवा भी परीक्षार्थी रहे होंगे। बेरोजगारी की समस्या अपनी जगह पर है पर दूसरी ओर स्नातक, स्नातकोत्तर और तकनीकी शिक्षा प्राप्त युवाओं के ज्ञान के स्तर को इससे आंका जा सकता है। यही कारण है कि आज मल्टी टास्क सर्विस जिसे परंपरागत शब्दों में कहा जाए तो चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के पद या शहरी निकायों में सफाई कर्मचारी के कुछ पदों के लिए ही हजारों लाखों युवा आवेदन करने लगे हैं और तस्वीर का एक पहलू यह है कि इन युवाओं में उच्च और तकनीकी शिक्षा यहां तक की इंजीनियर, डॉक्टर, एमबीए तक आवेदन कर रहे हैं।

यह हमारे शैक्षणिक संस्थानों के लिए किसी तमाचे से कम नहीं होना चाहिए। राजनीतिक विज्ञान के स्कूल लेक्चरर के लिए परीक्षा देने वाले युवाओं ने निश्चित रूप से राजनीति विज्ञान की उच्च पढ़ाई की होगी। उनका न्यूनतम 40 प्रतिशत अंक भी प्राप्त नहीं करना चिंताजनक है। वैसे देखा जाए तो 40 प्रतिशत अंक प्राप्त कर चयनित होने वाले स्कूल लेक्चरर से आप बच्चों को अच्छी और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने की अपेक्षा करेंगे तो बेमानी होगी। हालात वास्तव में गंभीर है और यही कारण है कि नौकरी के लिए आयोजित परीक्षाओं में नकल, गलत प्रयोग और पेपर आउट व डमी कैंडिडेट द्वारा परीक्षाएं देने के लिए माफिया की बन पड़ी है।

मेडिकल पीजी में जीरो पर्सेंटाइल पर प्रवेश के निर्णय पर यह अवश्य संतोष की बात है कि फैडरेशन ऑफ ऑल इंडिया मेडिकल एसोसिएशन ने सरकार के इस निर्णय की खिलाफत करने की हिम्मत दिखाई है। इसमें कोई दो राय नहीं कि देश में शिक्षण संस्थाओं का जाल बिछा कर सबके लिए शिक्षा की सुविधा उपलब्ध हो सकी। अब तो डीम्ड यूनिवर्सिटी सहित यूनिवर्सिटी नित नई खुलती जा रही है। इसे अच्छा भी माना जा सकता है पर सौ टके का सवाल यह है कि क्या शिक्षण संस्थान केवल डिग्री देने के माध्यम ही बन कर रह गए हैं? राजनीति विज्ञान तो उदाहरण मात्र है, सवाल यह है कि परीक्षा देने वाले हजारों प्रतियोगियों ने किसी एक संस्थान से तो डिग्री प्राप्त की नहीं होगी। यह सोचने का वक्त है कि आखिर हम जा कहां रहे हैं। शिक्षण संस्थानों की स्तरीयता पर ही सवाल खड़े हो जाते हैं। सरकार और आयोग को समय रहते शिक्षा के स्तर को बनाए रखने की पहल करनी होगी। इसी से देश की शिक्षा की गुणवत्ता देश दुनिया में बनी रह सकेगी।

# 'चुनावी जंगलराज' पर कार्रवाई क्यों नहीं?

कमलेश पांडेय

पश्चिम बंगाल के मालदा जिले में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया के दौरान 7 न्यायिक अधिकारियों, जिनमें 3 महिलाएं भी शामिल थीं, के साथ हुई दुर्व्यवहार की घटना वहां के कानून-व्यवस्था और चुनावी प्रक्रिया पर गंभीर सवाल उठाती है। चूंकि राज्य में चुनावी प्रक्रिया चल रही है और राज्य प्रशासन चुनाव आयोग के अधीन है, इसलिए मौजूदा स्थिति के लिए ममता सरकार को दोषी ठहराना न्यायोचित नहीं है। बेहतर होगा पश्चिम बंगाल में 'चुनावी जंगलराज' के लिए जिम्मेदार अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई की जाए जो कि तमाम राजनीतिक अराजकता की जड़ बन चुके हैं! सवाल विधि के शासन का है जो विरोधाभासों से भरे पड़े संविधान के समक्ष दम तोड़ता प्रतीत हो रहा है, इसलिए संविधान के संरक्षक सुप्रीम कोर्ट की इस कार्रवाई में भविष्य के लिए स्पष्ट नजीर दिखनी चाहिए अन्यथा भारत और भारतवासियों का भला नहीं होगा!

**केंद्र और राज्य प्रशासन में सक्रिय पक्षपाती तत्वों की शिनाख्त होनी चाहिए क्योंकि जो हो रहा है, वह अस्वीकार्य है। यह संवैधानिक और न्यायिक विफलता है और इसके पीछे सम्बन्धित अधिकारियों की सियासी मिलीभगत की जांच होनी चाहिए। ताकि कानून का शासन बहाल हो।**



दरअसल, मालदा के कयाचक क्षेत्र में वोटर लिस्ट से नाम हटाए जाने के विरोध में सैकड़ों लोगों ने 1 अप्रैल, 2026 को दोपहर 3:30 बजे से 9 घंटे से अधिक समय तक अधिकारियों को घेर लिया। प्रदर्शनकारियों ने बीडीओ कार्यालय में अधिकारियों को बंधक बनाया जहां उन्हें भोजन-पानी के बिना रखा गया। सुप्रीम कोर्ट ने कलकत्ता हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश के पत्र पर स्वतः संज्ञान लिया। सुप्रीम कोर्ट ने राज्य के मुख्य सचिव, गृह सचिव, डीजीपी, मालदा डीएम व एसपी को कारण बताओ (शो-कॉज) नोटिस जारी किया और 6 अप्रैल को ऑनलाइन सुनवाई बुलाई।

सुप्रीम कोर्ट ने इसे 'नागरिक व पुलिस प्रशासन की पूर्ण विफलता' बताया तथा सीबीआई या एनआईए से जांच के निर्देश दिए जिसे चुनाव आयोग ने सीबीआई को सौंप दिया। यह घटना न्यायपालिका की स्वतंत्रता पर हमले के रूप में देखी जा रही है जिसके राजनीतिक मायने खतरनाक हैं, क्योंकि बीजेपी ने टीएमसी पर भीड़ भड़काने का आरोप लगाया, साथ ही इसे 'लॉ एंड ऑर्डर की विफलता' और 'नकली वोटरों के नाम डिलीट होने का डर' बताया। वहीं, टीएमसी ने बीजेपी व चुनाव आयोग को जिम्मेदार ठहराया और एसआईआर को 'गंदी साजिश' कहा। उल्लेखनीय है कि आगामी विधानसभा चुनावों (23-29 अप्रैल) से ठीक पहले इस विवाद के उभरने से राजनीतिक ध्रुवीकरण तेज हुए हैं।

वहीं, सुप्रीम कोर्ट ने मालदा घटना पर पश्चिम बंगाल सरकार को कड़ी फटकार लगाई और इसे न्यायिक अधिकारियों को डराने-धमकाने की सुनियोजित साजिश और अदालत के अधिकार को खुली चुनौती बताया। कोर्ट ने राज्य प्रशासन की निष्क्रियता पर सख्ती दिखाते हुए इसे कानून-व्यवस्था की पूर्ण विफलता करार दिया। सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने कहा, 'यह कोई सामान्य विरोध नहीं, बल्कि एसआईआर की प्रक्रिया को बाधित करने का पूर्वनियोजित प्रयास था।' इससे प्रशासन की भूमिका पर सवाल उठते हैं। आखिर 'रात 11 बजे तक डीएम-एसपी क्यों नहीं पहुंचे? जब राजनीतिक नेता मौके पर थे तो प्रशासन क्यों सो रहा था?' इसे न्यायपालिका पर हमला बताते हुए 'घिनौना प्रयास' कहा जो चुनावी प्रक्रिया को पटरी से उतारने का मकसद रखता था।

ततपश्चात कोर्ट ने मुख्य सचिव, डीजीपी, मालदा डीएम-एसपी को कारण बताओ (शो-कॉज) नोटिस जारी किया और 6 अप्रैल को सुनवाई बुलाई। वहीं, चुनाव आयोग को एसआईआर से जुड़े अधिकारियों की सुरक्षा के लिए केंद्रीय बल तैनात करने तथा भीड़ नियंत्रण (5 से अधिक लोगों पर रोक) के निर्देश दिए। साथ ही सीबीआई/एनआईए जांच का सुझाव भी दिया।

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मालदा घटना पर चुनाव आयोग को दोषी ठहराते हुए कहा कि राज्य प्रशासन उनके नियंत्रण में नहीं रहा। उन्होंने दावा किया कि उन्हें घटना की जानकारी आधी रात को एक पत्रकार से मिली और एसआईआर प्रक्रिया से लोगों का गुस्सा जायज है। ममता ने कहा, 'मुझे नहीं पता वे कौन थे, जिन्होंने अधिकारियों का घेराव किया, लेकिन एसआईआर से लोग नाराज हैं।' उन्होंने चुनाव आयोग पर आरोप लगाया कि चुनाव से पहले शीर्ष अधिकारियों के तबादले से 'सुपर राष्ट्रपति शासन' चल रहा है। बीजेपी को जिम्मेदार बताते हुए जांच की मांग की और कहा, 'मेरी सारी शक्तियां छीन ली गईं।' ममता का यह बयान सागरदिघी या धूमुरपहाड़ी रैली में आया जहां उन्होंने टीएमसी को निर्दोष बताया। सुप्रीम कोर्ट की फटकार के बाद यह चुनाव आयोग व बीजेपी पर हमला है, जो आगामी चुनावों में ध्रुवीकरण बढ़ा रहा है।

बेहतर होगा कि इस मामले में केंद्रीय मुख्य चुनाव आयुक्त, राज्य के पुलिस महानिदेशक और मुख्य सचिव के अलावा मालदा डीएम, एसपी को अविलंब नौकरी से बर्खास्त किया जाना चाहिए, क्योंकि चुनावी दिनों में इन सबकी अविवेकी हरकतों से एक निर्वाचित सरकार की बदनामी बढ़ी है और इसके चुनावी दुष्प्रभाव से इनकार नहीं किया जा सकता है। वहीं, सुप्रीम कोर्ट ने भी इसे प्रशासनिक विफलता और आपराधिक अवमानना करार देते हुए कड़ी फटकार लगाई है।

यह कितनी दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति है कि सर्वोच्च न्यायालय के आदेश पर राज्य में सक्रिय न्यायिक अधिकारियों को सुरक्षा प्रदान करने में राज्य प्रशासन ने घोर कोताही बरती। यह महाजंगल राज नहीं तो क्या है? आखिर ऐसी नौबत क्यों आई, शोध का विषय है। उचित तो यह होगा कि इस उपद्रव में शामिल लोगों के व्यवहार को अराजक घोषित करते हुए इनके मतदाता पहचान पत्र, आधार कार्ड, पैन कार्ड, राशनकार्ड आदि जब्त किया जाए और तमाम सरकारी सुविधाओं से ऐसे उग्र लोगों को वंचित किया जाए। साथ ही इन्हें उकसाने वाले राजनीतिक दलों की मान्यता रद्द की जाए और इसके प्रदेश अध्यक्ष को अविलंब गिरफ्तार किया जाए। यदि ऐसी सख्त कार्रवाई होगी, तभी भारत में स्वस्थ लोकतंत्र बहाल किया जा सकता है, अन्यथा नहीं!

देखा जाए तो पहले दिल्ली में आप पार्टी की केजरीवाल सरकार और अब पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस की ममता सरकार के खिलाफ केंद्रीय प्रशासनिक अधिकारियों का जिस तरह से दुरुपयोग किया जा रहा है और राज्य प्रशासन के अधिकारियों के साथ उनके नीतिगत काउंटर हो रहे हैं, उसे कतई निष्पक्ष करार नहीं दिया जा सकता है क्योंकि चुनी हुई सरकारों को 'बर्बरतापूर्ण' तरीके से हटाने की सियासी परिस्थिति पैदा करने में इनकी अहम भूमिका है। केंद्र और राज्य प्रशासन में सक्रिय पक्षपाती तत्वों की शिनाख्त होनी चाहिए क्योंकि जो हो रहा है, वह अस्वीकार्य है। यह संवैधानिक और न्यायिक विफलता है और इसके पीछे सम्बन्धित अधिकारियों की सियासी मिलीभगत की जांच होनी चाहिए। ताकि कानून का शासन बहाल हो और राजनीतिक नंगानाच पर लगाम लगे। यक्ष प्रश्न है कि आखिर पश्चिम बंगाल में 'चुनावी जंगलराज' के लिए जिम्मेदार अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई क्यों नहीं?

# घुमंतू समाज की पहचान का आधार बनेगी जनगणना

डॉ. सत्यवान सौरभ

देश में कुछ समुदाय ऐसे भी हैं, जिन्हें आज तक ठीक से गिना ही नहीं गया– न आंकड़ों में, ना नीतियों में, और ना ही संवेदनाओं में। ये वे लोग हैं, जिन्हें कभी अंग्रेजों ने 'जन्मजात अपराधी' घोषित कर दिया था और आजादी के 78 साल बाद भी जिनकी पहचान उसी कलंक के बोझ तले दबी हुई है। यह विमुक्त, घुमंतू और अर्द्ध-घुमंतू जनजातियां हैं। यह आज भी भारत के विकास के नक्शे में अदृश्य बनी हुई हैं। ऐसे में 2027 की जनगणना केवल एक सांख्यिकीय प्रक्रिया नहीं, बल्कि ऐतिहासिक न्याय का एक सुनहरा अवसर है। ब्रिटिश शासन के दौरान 1871 का आपराधिक जनजाति अधिनियम इन समुदायों के जीवन पर एक अमिट दाग बनकर चिपक गया। इस कानून ने उन्हें जन्म से ही अपराधी घोषित कर दिया, जिससे उनके जीवन का हर पहलू संदेह और निगरानी के घेरे में आ गया। यह केवल एक कानूनी प्रावधान नहीं था, बल्कि सामाजिक बहिष्कार की एक संगठित व्यवस्था थी। स्वतंत्रता के बाद 1952 में इस अधिनियम को समाप्त कर इन समुदायों को 'विमुक्त' तो कर दिया गया, लेकिन समाज की मानसिकता आज भी उस औपनिवेशिक सोच से पूरी तरह मुक्त नहीं हो पाई। परिणामस्वरूप, ये समुदाय आज भी पुलिस के संदेह, सामाजिक तिरस्कार और सरकारी उपेक्षा का शिकार बने हुए हैं।



सबसे बड़ी विडंबना यह है कि जिन लोगों को आजादी के बाद मुख्यधारा में शामिल किया जाना चाहिए था, वे आज भी पहचान के संकट से जूझ रहे हैं। स्थायी निवास का अभाव, लगातार प्रवास और दस्तावेजों की कमी इनके जीवन की सबसे बड़ी बाधाएं हैं। आधार कार्ड, राशन कार्ड, वोटर आईडी जैसे सामान्य दस्तावेज, जो किसी भी नागरिक के अधिकारों का आधार होते हैं, इन समुदायों के लिए एक सपना बनकर रह जाते हैं। जब पहचान ही नहीं होगी, तो अधिकार कैसे मिलेंगे? यही कारण है कि ये समुदाय सरकारी योजनाओं, आरक्षण और कल्याणकारी कार्यक्रमों से लगातार बाहर रह जाते हैं। शिक्षा के क्षेत्र में स्थिति और भी चिंताजनक है। घुमंतू जीवनशैली के कारण बच्चों की पढ़ाई लगातार बाधित होती है। एक स्थान से दूसरे स्थान पर जाते रहने के कारण स्कूलों में नामांकन और निरंतरता दोनों ही मुश्किल हो जाते हैं। परिणामस्वरूप, इन समुदायों में ड्रॉपआउट दर अत्यधिक है और साक्षरता का स्तर बेहद निम्न। शिक्षा से वंचित रहना केवल एक व्यक्तिगत नुकसान नहीं, बल्कि पूरे समुदाय के भविष्य को अंधकार में धकेल देना है। स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति भी इससे अलग नहीं है। स्थायी स्वास्थ्य सुविधाओं तक पहुंच न होने के कारण ये लोग कुपोषण, संक्रमण और अन्य बीमारियों से जूझते रहते हैं। सरकारी अस्पतालों तक पहुंच की कमी और जागरूकता का अभाव उनकी समस्याओं को और गंभीर बना देता है।

इन सबके बीच सबसे ज्यादा कठिनाई महिलाओं को झेलनी पड़ती है। एक ओर वे सामाजिक और आर्थिक पिछड़ेपन से जूझती हैं, तो दूसरी ओर लैंगिक भेदभाव और असुरक्षा की मार भी सहती हैं। शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं से वंचित रहने के कारण उनकी स्थिति और भी कमजोर हो जाती है। कई मामलों में वे राजनीतिक प्रतिनिधित्व से भी दूर रहती हैं, जिससे उनकी आवाज नीति-निर्माण तक पहुंच ही नहीं पाती। नीतिगत स्तर पर भी इन समुदायों के साथ लंबे समय तक न्याय नहीं हो पाया है। 2019 में विकास एवं कल्याण बोर्ड का गठन और सीड जैसी योजनाएं शुरू करना सकारात्मक कदम जरूर हैं, लेकिन उनका प्रभाव सीमित रहा है। बजट की कमी, कमजोर कार्यान्वयन और निगरानी तंत्र की अनुपस्थिति इन योजनाओं को प्रभावी बनने से रोकती है। सबसे महत्वपूर्ण समस्या यह है कि इन समुदायों के बारे में सटीक और विश्वसनीय आंकड़े उपलब्ध नहीं हैं। जब तक किसी समूह की वास्तविक संख्या, स्थिति और आवश्यकताओं का स्पष्ट आकलन नहीं होगा, तब तक उसके लिए प्रभावी नीतियां बनाना संभव नहीं है।

**सबसे बड़ी विडंबना यह है कि जिन लोगों को आजादी के बाद मुख्यधारा में शामिल किया जाना चाहिए था, वे आज भी पहचान के संकट से जूझ रहे हैं। स्थायी निवास का अभाव, लगातार प्रवास और दस्तावेजों की कमी इनके जीवन की सबसे बड़ी बाधाएं हैं।**

यही वह बिंदु है, जहां 2027 की जनगणना एक निर्णायक भूमिका निभा सकती है। अगर इस जनगणना में विमुक्त, घुमंतू और अर्द्ध-घुमंतू जनजातियों के लिए अलग कॉलम और कोड शामिल किया जाता है, तो यह उनके अस्तित्व को औपचारिक मान्यता देने की दिशा में एक बड़ा कदम होगा। यह केवल आंकड़ों का खेल नहीं है, बल्कि यह पहचान, सम्मान और अधिकारों की बहाली का प्रश्न है। हालांकि, इस दिशा में कई चुनौतियां भी सामने आ सकती हैं। जाति जनगणना को लेकर पहले से ही राजनीतिक बहस जारी है और ऐसे में एक नई श्रेणी जोड़ना विवाद को और बढ़ा सकता है। लेकिन यह समझना जरूरी है कि यह मुद्दा केवल राजनीति का नहीं, बल्कि मानवाधिकार और सामाजिक न्याय का है। अगर सरकार और समाज इस दिशा में ईमानदारी से प्रयास करें, तो इन चुनौतियों को पार किया जा सकता है।

इसके लिए आवश्यक है कि केंद्र और राज्य सरकारें मिलकर एक समन्वित रणनीति तैयार करें। स्थानीय स्तर पर सर्वेक्षण और डेटा संग्रह की व्यवस्था को मजबूत किया जाए, ताकि घुमंतू समुदायों को सही तरीके से गिना जा सके। आधुनिक तकनीक–जैसे डिजिटल जनगणना और जीपीएस ट्रैकिंग–का उपयोग कर उनकी गतिशील जीवनशैली को ध्यान में रखते हुए डेटा एकत्र किया जा सकता है। साथ ही, गैर-सरकारी संगठनों और सामुदायिक समूहों को इस प्रक्रिया में शामिल करना भी महत्वपूर्ण होगा, क्योंकि वे इन समुदायों के साथ सीधे जुड़े होते हैं और उनकी वास्तविक स्थिति को बेहतर समझते हैं।

शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के क्षेत्र में विशेष योजनाएं बनाकर इन समुदायों को मुख्यधारा से जोड़ना होगा। मोबाइल स्कूल, अस्थायी स्वास्थ्य केंद्र और कौशल विकास कार्यक्रम जैसे उपाय उनके जीवन में वास्तविक परिवर्तन ला सकते हैं। इसके अलावा, पुलिस और प्रशासनिक तंत्र में संवेदनशीलता लाना भी जरूरी है, ताकि इन समुदायों के प्रति मौजूद पूर्वाग्रहों को समाप्त किया जा सके। वैश्विक स्तर पर भी ऐसे कई उदाहरण मौजूद हैं, जहां घुमंतू और हाशिये पर मौजूद समुदायों के लिए विशेष नीतियां बनाकर उन्हें मुख्यधारा में शामिल किया गया है। यूरोप में रोमा समुदाय के लिए चलाए गए कार्यक्रम इस दिशा में एक सकारात्मक उदाहरण हैं। भारत भी इनसे सीख लेकर अपने संदर्भ में प्रभावी नीतियां विकसित कर सकता है।

अंततः, यह सवाल केवल आंकड़ों का नहीं, बल्कि उस न्याय का है, जो इन समुदायों से दशकों से छीन लिया गया है। 2027 की जनगणना इस अन्याय को समाप्त करने का एक ऐतिहासिक अवसर है। अगर इस अवसर को भी गंवा दिया गया, तो यह केवल एक प्रशासनिक विफलता नहीं होगी, बल्कि यह हमारे संविधान के उस वादे का भी उल्लंघन होगा, जो समानता और न्याय की बात करता है। अब समय आ गया है कि हम इन अदृश्य नागरिकों को दृश्य बनाएं, उन्हें गिनें, पहचान दें और उनके अधिकारों को सुनिश्चित करें, क्योंकि जब तक समाज के सबसे अंतिम व्यक्ति को न्याय नहीं मिलेगा, तब तक विकास का कोई भी दावा अधूरा ही रहेगा।

## आत्मबोध

### कालाष्टमी

हिंदू परंपरा में हर माह कृष्ण पक्ष की अष्टमी को कालाष्टमी के रूप में मनाया जाता है। यह पावन दिन भगवान शिव के रौद्र और रक्षक रूप काल भैरव को समर्पित होता है। मान्यता है कि इस दिन श्रद्धा और विधि से पूजा करने पर भय, बाधाएं और नकारात्मक ऊर्जा दूर होती हैं। खासतौर पर तांत्रिक साधना से जुड़े लोगों के लिए यह दिन अत्यंत महत्वपूर्ण माना जाता है, जब विशेष पूजा-अनुष्ठान किए जाते हैं। भगवान कालभैरव की पूजा से जीवन की कई परेशानियां दूर होती हैं और घर में सुख-समृद्धि बनी रहती है. खासतौर पर जो लोग शनि की साढ़ेसाती, ढैय्या या कालसर्प दोष से परेशान हैं, उनके लिए कालाष्टमी का दिन बेहद महत्वपूर्ण माना जाता है। इस दिन किए गए विशेष उपाय कष्टों को कम करने में सहायक होते हैं।

वैदिक पंचांग के अनुसार, वैशाख कृष्ण अष्टमी तिथि 9 अप्रैल को राज 9 बजकर 19 मिनट से शुरू होगी जबकि इस तिथि का समापन 10 अप्रैल को रात 11 बजकर 15 मिनट पर होगा। ऐसे में उदयातिथि की मान्यता के अनुसार, इस साल वैशाख की कालाष्टमी 10 अप्रैल को मनाई जाएगी।

**कालाष्टमी व्रत की महिमा**

काल भैरव भगवान शिव के रौद्र और शक्तिशाली स्वरूप माने जाते हैं। मान्यता है कि जो भक्त कालाष्टमी के दिन विधि-विधान से काल भैरव बाबा की पूजा करता है, उसके जीवन के पाप, कष्ट और दुख दूर होने लगते हैं। इस दिन श्रद्धा और विश्वास के साथ व्रत रखने और पूजा करने से भगवान शिव की विशेष कृपा प्राप्त होती है। साथ ही कुंडली में मौजूद राहु दोष के प्रभाव भी कम होता है।

धार्मिक मान्यता के अनुसार शनि देव, भैरव बाबा को अपना गुरु मानते हैं, इसलिए भैरव पूजा से शनि दोष शांत होता है। यदि आप शनि की साढ़ेसाती या ढैय्या से परेशान हैं, तो कालाष्टमी के दिन शाम को पीपल के पेड़ के नीचे सरसों तेल का दीपक जलाएं या भैरव मंदिर में दीप अर्पित करें। इस दिन काले तिल, उड़द, वस्त्र और जूते दान करना भी शुभ माना जाता है। साथ ही भैरव चालीसा या 'ॐ शं शनैश्चराय नमः' मंत्र का जाप करें और काले कुत्ते को रोटी खिलाएं. इससे कष्ट कम होते हैं।




साभार : बीबीसी

## लो सुनो ...



**नीति को 'भाषाई थोपना' कहना एक प्रगतिशील और समावेशी सुधार को गलत तरीके से पेश करना है, जिससे अनावश्यक भय और भ्रम पैदा होता है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 'भाषाई मुक्ति' की दिशा में एक कदम है, जो मातृभाषा में शिक्षा पर जोर देती है ताकि तमिल भाषी छात्रों सहित प्रत्येक बच्चा अपनी मातृभाषा में उत्कृष्टता प्राप्त कर सके।**

धर्मेन्द्र प्रधान (केन्द्रीय शिक्षा मंत्री)

## कुछ खास ...

### आईसक्रीम कैपिटल

कर्नाटक का मंगलुरु शहर सिर्फ अपने बंदरगाह और समुद्री तटों के लिए ही नहीं, बल्कि अपनी ठंडी और मलाईदार आइसक्रीम के लिए भी दुनिया भर में प्रसिद्ध है। अरब सागर और पश्चिमी घाट के बीच बसे इस शहर को भारत की 'आइसक्रीम कैपिटल' का दर्जा प्राप्त है। यहां आइसक्रीम सिर्फ एक मिठाई नहीं, बल्कि लोगों की जीवनशैली का हिस्सा है। चाहे कड़ाके की धूप हो या सुहाना मौसम, मंगलुरु के लोग साल भर आइसक्रीम का आनंद लेते हैं। यहां की डेयरी इंडस्ट्री और स्थानीय लोगों की रचनात्मकता ने मिलकर इस शहर को यह खास पहचान दिलाई है। मंगलुरु के आइसक्रीम हब बनने के पीछे सबसे बड़ा कारण यहां की मजबूत डेयरी इंडस्ट्री है। तटीय कर्नाटक में नंदिनी जैसे दुग्ध सहकारी संस्थान बेहद सक्रिय और सफल हैं। ताजे दूध और उत्तम दर्जे की क्रीम की निरंतर आपूर्ति के कारण यहां के स्थानीय निर्माताओं को बेहतरीन क्वालिटी की आइसक्रीम बनाने में मदद मिलती है। गुणवत्ता से कोई समझौता न करने की इसी आदत ने मंगलुरु की आइसक्रीम को राष्ट्रीय स्तर पर मशहूर बना दिया है।

## डिजिटल दुनिया

### पत्रकारिता में मदद करने के लिए भी हैं एआई टूल्स

आज के समय में पत्रकार अपनी खबरों को ज्यादा सटीक और भरोसेमंद बनाने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) टूल्स का इस्तेमाल तेजी से कर रहे हैं। ये टूल्स रिसर्च, फैक्ट चेकिंग और डाटा समझने में मदद करते हैं, जिससे काम आसान हो जाता है। तेज न्यूजरूम में कम समय में सही जानकारी देना जरूरी होता है, और एआई इसमें बड़ी भूमिका निभा रहा है।

परप्लेक्सिटी एआई पत्रकारों के लिए एक उपयोगी टूल बन गया है, जो जल्दी और सही जानकारी देने में मदद करता है। यह सीधे और छोटे जवाब देता है और साथ में सोर्स भी दिखाता है। इससे किसी खबर की पुष्टि करना आसान हो जाता है। पारंपरिक सर्च इंजन के मुकाबले यह ज्यादा सटीक जानकारी देता है, जिससे पत्रकारों को अपनी रिपोर्टिंग में भरोसेमंद आधार मिलता है और समय की भी बचत होती है।

ट्रांसक्राइब और ओटर एआई जैसे टूल्स इंटरव्यू को टेक्स्ट में बदलने का काम आसान कर देते हैं। ये ऑडियो रिकॉर्डिंग को जल्दी और सही तरीके से लिखित रूप में बदल देते हैं। इससे पत्रकारों का समय बचता है और वे जल्दी काम पूरा कर पाते हैं।

आज के समय में गलत खबरों की पहचान करना बहुत जरूरी हो गया है। रियलिटी डिफेंडर जैसे टूल्स वीडियो, फोटो और टेक्स्ट की जांच करके फेक कंटेंट पकड़ते हैं। रोली इन्फॉर्मेशन ट्रेसर सोशल मीडिया पर गलत जानकारी को पहचानने में मदद करता है।

इन टूल्स की मदद से पत्रकार खबर छापने से पहले उसकी सच्चाई जांच सकते हैं, जिससे गलत खबर फैलने से रोका जा सकता है और भरोसा बना रहता है।

पीआरजीआई/आरएनआई पंजियन संख्या : 52413/1991 (टाइटल कोड : JHAHIN00860), पोस्टल रजिस्ट्रेशन संख्या : RN/260/2020-22. अध्यक्ष व प्रधान संपादकः **बलबीर दत्त**. दत्त आउटरीच प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक **रोहित दत्त*** द्वारा 4/A, तारा टावर, होटल महाराजा के सामने, रेडियम रोड, कचहरी चौक, रांची – 834001 से प्रकाशित तथा एसएच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड, टेंडर बगीचा के समीप, काठीटांड़, रातू, रांची – 835222 से मुद्रित. फोन नंबरः 0651 2361181, 0651 2361182. ईमेलः contact@deshpran.in (*पीआरबी अधिनियम के तहत समाचारों के चयन के लिए जिम्मेवार).

# अन्याय पूर्वक साहित्य अकादमी की कार्यशैली

## दृष्टिकोण

डा. विनोद बब्बर




साहित्य अकादमी के गठन का उद्देश्य सभी भारतीय भाषाओं के साहित्य के संवर्धन हेतु किया था लेकिन इसकी जटिल रचना, विचित्र चुनाव प्रक्रिया ने साहित्य अकादमी को ऐसे लोगों का जमावड़ा बना दिया जो साहित्य की बजाय भारतीय संस्कृति विरोधी विचार को देखकर निर्णय करने लगे। यह यक्ष प्रश्न है कि दुनिया के इतिहास में क्या कोई ऐसी दूसरी संस्था है जहाँ अपना कार्यकाल पूरा करने वाले सदस्य ही नए सदस्यों का चयन करते हैं। क्या यह कोई राजशाही है जहां राजा अपना उत्तराधिकारी स्वयं तय करें?

जिस संस्था की रचना इतनी जटिल है, उसकी कार्यशैली भी अव्यावहारिक है । सुनने में यह है अच्छा लग सकता है कि साहित्य अकादमी सभी भारतीय भाषाओं के साथ समान व्यवहार करती है। प्रत्येक भाषा को एक सम्मान की बात सुनकर ताली बजाने वाले लोग समझते नहीं है या समझना नहीं चाहते कि डोगरी और बोडो बोलने वाली कुल जनसंख्या से भी अधिक हिंदी के लेखक हैं। अतः एक समान व्यवहार का जुमला उचित नहीं है। कुछ भाषाओं में पुरस्कार प्राप्त गली-गली हो और देश के लगभग सभी राज्यों और विदेशों में बसे भारतीय मूल के लोगों द्वारा प्रयोग में लाई जाने वाली दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी भाषा के साहित्य अकादमी पुरस्कार प्राप्त साहित्यकारों को ढूंढना पड़ता है।

वह साहित्य अकादमी ही है जिसने देश की संविधान की आठवीं अनुसूची भाषाओं के अतिरिक्त कुछ बोलियां को अलग से सम्मान देने की परंपरा शुरू की। उसी का परिणाम है कि हिंदी को समृद्ध करने वाली बोलियों के मन में अलगाव के विचार पनपा। आज अनेक बोलियों के लोग संविधान में अलग दर्जा मांग रहे हैं तो उस पाप के लिए साहित्य अकादमी की कार्यशैली जिम्मेदार है । छोटी-छोटी बोलियों और लगभग 100 करोड़ के लोगों की भाषा हिंदी को समकक्ष रखने का विचार भाषा और संस्कृति के विखंडन को बढ़ावा देने का षड्यंत्र है । इसलिए सर्वप्रथम साहित्य अकादमी को लोकतांत्रिक बनाया जाए। साहित्य अकादमी को लोकतांत्रिक और निष्पक्ष बनाना इसलिए भी आवश्यक है ताकि उसकी प्रक्रिया पारदर्शी हो।

यह अब कोई छुपा रहस्य नहीं है कि साहित्य अकादमी पर लंबे समय से काबिज कांग्रेस-वामपंथ गिरोह ने मनमाने ढंग से चयन समिति का गठन और निर्णय की परंपरा आरंभ की। इस बार भी हिंदी पुरस्कार तय करने का जिम्मा जिन लोगों को दिया गया उनका एक विचारधारा विशेष में विश्वास तो अवश्य है लेकिन हिंदी साहित्य में क्या योगदान है, यह बताने योग्य उनके पास कुछ नहीं है। ऐसे में साहित्य अकादमी के पुरस्कार 'अंधा बांटे रेवड़ी' की तर्ज पर बांटे गए।

हमने साहित्य अकादमी द्वारा हिंदी की उपेक्षा का प्रश्न बार-बार उठाया है। साहित्य अकादमी और संस्कृति मंत्रालय को भी पत्र लिखे लेकिन पत्र का उत्तर तो दूर, पावती की सूचना भी प्राप्त नहीं हुई । इसलिए आज फिर दोहराना चाहता हूं, पुरस्कारों की प्रक्रिया को बदला जाए। हिंदी के लिए हर विधा में अलग पुरस्कार दिया जाए ताकि एक विचारधारा विशेष द्वारा किए गए अन्याय को दूर किया जा सके ।

जो लोग साहित्य अकादमी को स्वायत्त संस्था बताते हैं, वे यह भूलते हैं कि केंद्रीय साहित्य अकादमी की सभी गतिविधियां केंद्र सरकार द्वारा दिए जा रहे सैकड़ों करोड रुपए के अनुदान से चलती हैं। क्या अनुदान देने वाले को संस्था की गड़बड़ियों के प्रति आंखें मूंदे रखना चाहिए?

भारत लोकतांत्रिक देश है जहां बहुमत प्राप्त दल अथवा गठबंधन शासन चलाते हैं तो बहुमत की भाषा की अपेक्षा को कैसे उचित ठहराया जा सकता है? सरकार को तत्काल प्रभाव से समिति का गठन करना चाहिए जो साहित्य अकादमी की कार्यशैली से चुनाव प्रक्रिया तक की समीक्षा करते हुए सुधार के सुझाव दे।

# सियासत का सतरंगी सर्कस

## व्यंग्य

विवेक रंजन श्रीवास्तव



आजकल राजनीति के गलियारे किसी गंभीर चिंतन और राष्ट्र निर्माण के केंद्र नहीं रह गए बल्कि वे मनोरंजन के ऐसे भव्य ऑडिटोरियम बन गए हैं जहां हर वक्त कोई न कोई तमाशा जारी रहता है। दुनिया भर में सत्ता की कुर्सी अब जनसेवा का पवित्र साधन कम और किसी पॉपुलर 'रिएलिटी शो' का चमकता हुआ इनाम ज्यादा लगने लगी है। अगर हम गौर से देखें तो साफ पता चलता है कि जनता अब पुरानी नीतियों की नीरसता और उबाऊ भाषणों से पूरी तरह थक चुकी है। उसे शासन के गंभीर चेहरे में भी अब शायद भरपूर ड्रामे की दरकार रहने लगी है। इसी का नतीजा है कि दुनिया के तमाम मुल्कों में अब ऐसे चेहरों का बोलबाला है जो किसी न किसी रूप में पर्दे या मंच के जादूगर रहे हैं।

पड़ोसी देश नेपाल की मिसाल लीजिए जहां एक चॉकलेटी पॉप गायक प्रधानमंत्री की कुर्सी पर बैठने के लिए चुन लिया गया है। उस वक्त ऐसा लगा जैसे देश की सदियों पुरानी और पेचीदा समस्याओं का समाधान अब गंभीर फाइलों या भारी-भरकम चर्चाओं से नहीं, बल्कि गिटार की सुरीली धुनों और पॉप संगीत की ताल पर होगा। वहां की जनता सुर-ताल पर इतनी मुग्ध हो गई कि उसे देश के बजट के बिगड़ते तालमेल से ज्यादा इस बात की फिक्र सताने लगी कि उनके प्रधानमंत्री की पिच कहीं खराब न हो जाए। यह तो महज एक झांकी भर थी।

असली धमाका तो हुआ था यूक्रेन में जहां एक मंजा हुआ कॉमेडियन सीधे राष्ट्रपति भवन के आलीशान कमरों तक जा पहुंचा है। वहां की जनता को शायद यह गुमान रहा होगा कि अगर हंसी-मजाक और लतीफों के बीच देश की गाड़ी चल जाए तो गम के दिन आसानी से कट जाएंगे, मगर कुदरत की विडंबना देखिए कि जब इस सियासी कॉमेडी की स्क्रिप्ट में युद्ध का खूनी मंजर और बारूद की गंध दाखिल हुई तो बरसों पुराने हंसी के फव्वारे पल भर में खौफ के गहरे साये में बदल गए।

भारत के स्टैंडअप कॉमेडियन खुद को सत्ता के गलियारों के पास देखने के ख्वाब ही नहीं बुन रहे, पंजाब के मुख्यमंत्री के रूप में अपने सपने सच होते देख देख हंस रहे हैं।

सरहद पार पाकिस्तान का हाल तो इससे भी कहीं ज्यादा निराला और दिलचस्प रहा है। वहां मिलिट्री हमेशा सत्ता में रही है पर क्रिकेट की पिच और पार्लियामेंट की गैलरी का बुनियादी अंतर ही वहां पूरी तरह मिटा दिया गया। जब मैदान के मशहूर कप्तान साहब ने प्रधानमंत्री पद का हलफ उठाया तो पूरे मुल्क की रगों में यह उत्साह दौड़ गया कि अब हर मुसीबत की गेंद पर सीधा छक्का लगेगा और महंगाई की खतरनाक गुगली पर देश कभी क्लीन बोल्ड नहीं होगा। लोगों को लगा कि अब सियासत भी क्रिकेट की तरह फटाफट अंदाज में चलेगी और नतीजे तुरंत आएंगे मगर अफसोस कि राजनीति का यह खेल किसी रोमांचक टी-20 के बजाय एक थकाऊ टेस्ट मैच की तरह लंबा खिंचता चला गया। अंत में हालत यह हुई कि कप्तान को बिना किसी 'मैन ऑफ द मैच' के खिताब के ही सिर झुकाकर पवेलियन का रास्ता पकड़ना पड़ा और मिलिट्री ने उन्हें जेल भेज दिया है।

वहीं दूसरी ओर बांग्लादेश की दास्तां भी किसी थ्रिलर फिल्मी पटकथा से कमतर नहीं रही। वहां निर्वाचित होने और निर्वासन की जिंदगी गुजारने के बीच चूहे-बिल्ली का ऐसा खेल चला कि लोकतंत्र तमाशा बनकर रह गया। वहां तो हद तब हो गई जब देश की कमान एक नोबेल पुरस्कार विजेता दार्शनिक को थमा दी गई। यह कुछ वैसा ही मंजर था जैसे किसी बेहद पेचीदा और जानलेवा मेडिकल ऑपरेशन के लिए किसी माहिर सर्जन के बजाय किसी महान कवि या दार्शनिक को ओटी में बुला लिया गया हो। वैचारिक धरातल पर जो बातें सुनने में बहुत अच्छी लगती हैं वे प्रशासनिक मशीनरी के पुर्जों को चलाने में अक्सर नाकाम साबित होती हैं।

अब जरा नजर डालिए दुनिया के सबसे ताकतवर और पुराने लोकतंत्र कहलाने वाले मुल्क अमेरिका पर। वहां जब एक ऐसी अतरंगी और विवादित शख्सियत राष्ट्रपति की गद्दी संभालती है जिसकी अदाएं और बयानबाजी किसी सर्कस के जोकर की याद दिलाती हैं तो पूरी दुनिया एक अजीब से खौफ से थर्रा उठती है। अमेरिका में अब लोकतंत्र 'ग्रेट इंडियन लाफ्टर चैलेंज' जैसे किसी मुकाबले में तब्दील हो चुका है जहां जो उम्मीदवार जितना ज्यादा शोर मचा सकता है और जितनी बेतुकी बातें कर सकता है वही सबसे बड़ा बाजीगर और जनता का चहेता माना जाता है। सुबह कुछ शाम कुछ , सारी दुनिया उनके बवाल से त्रस्त है।

ग्वाटेमाला जैसे देशों में भी एक टीवी कलाकार ने पर्दे की बनावटी मुस्कान को संसद की भारी-भरकम गंभीरता में बदलने की नाकाम कोशिश की, पर जैसे ही राजनीति का यह चटक मेकअप उतरा तो असलियत का बदरंग और झुर्रियों भरा चेहरा सबके सामने आ गया। फिलीपींस की गलियों में तो किसी मारधाड़ वाले फिल्मी हीरो ने ही देश की बागडोर संभाल ली। वहां की जनता को शायद लगा कि पर्दे पर गुंडों के दांत खट्टे करना और मुल्क का जटिल बजट पास करना एक ही बात है।

आइसलैंड की कहानी तो इन सबसे अलग और कहीं ज्यादा हैरतअंगेज है। वहां एक रॉक स्टार ने महज एक मजाक के तौर पर अपनी राजनीतिक पार्टी बनाई और देखते ही देखते जनता ने उसे सचमुच मेयर की गौरवशाली कुर्सी पर बैठा दिया। लोग शायद भूल गए कि रॉक कॉन्सर्ट की भीड़ और नगर निगम की फाइलों के बीच जमीन-आसमान का फर्क होता है। आज की कड़वी हकीकत तो यह है कि अब सफल नेता बनने के लिए बड़े-बड़े शास्त्रों को पढ़ने या समाजशास्त्र की समझ रखने की रत्ती भर भी जरूरत नहीं रही। अब तो बस अभिनय का एक छोटा सा क्रैश कोर्स करने और कैमरे के सामने पोज देने की कला में माहिर होने की दरकार है।

जनता अब वोट देकर अपनी किस्मत का फैसला नहीं करती बल्कि वह अपने चहेते फिल्मी या सियासी कलाकार को किसी सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर की तरह 'सब्सक्राइब' करती है। राजनीति का यह नया और डिजिटल संस्करण अब 'लोकतंत्र' नहीं रह गया, बल्कि पूरी तरह से 'रीयल-तंत्र' या 'रील-तंत्र' बन चुका है। जो जितना बड़ा मदारी है और जिसके पास जितना बड़ा मजमा है उसकी डमरू पर उतनी ही बड़ी भीड़ खिंची चली आती है। पुराने जमाने के वे गंभीर और नीरस नेता जो आंकड़ों और सिद्धांतों की बात करते थे अब किसी पुराने म्यूजियम की मोम प्रतिमा बनाकर शोभा लायक रह गए हैं। आज की पब्लिक को ठोस पॉलिसी से ज्यादा चटपटी पंचलाइन की भूख है। उसे विकास के नक्शे नहीं, बल्कि भाषणों में लगने वाले जोरदार ठहाके चाहिए। जब तक मंच पर यह नौटंकी और नाच-गाना जारी है तब तक नेताजी की कुर्सी पूरी तरह सुरक्षित है वरना जिस दिन जनता का मनोरंजन कम हुआ उसी दिन इस कलाकार का बोरिया-बिस्तर बंधना और उसका परदे से गायब होना पूरी तरह तय है। माफिया वाले नेता, सिद्धांत प्रिय राजनेता, जनता के सुख दुख में जुड़े जन नायक भी अब सियासत के इस सर्कस में दर्शक बनकर रह जाते हैं। नेता और कलाकार के बीच की लकीर बहुत धुंधली हो चुकी है। अब यह देखना वाकई दिलचस्प होगा कि जब तालियों की गूंज कम होगी और हकीकत के सवाल सामने आएंगे तब ये पर्दे के सितारे देश की डूबती नैया को किनारे कैसे लगाएंगे। शायद तब तक कोई नया मदारी नया डमरू लेकर मंच पर हाजिर हो चुका होगा और हम फिर से एक नए तमाशे में खो जाएंगे।

# आशू भोला झूठ न बोला

## बाल कहानी

नरेन्द्र देवांगन

एक था आशू। बड़ा था धांसू। मां हो जाती काम से पस्त पर खेलकूद में रहता वह मस्त। था अगले सोमवार का उसे इंतजार। उस दिन वह होने वाला सात पार। अच्छी खासी थी उसके पापा की तनखा। जन्मदिन मनाया उसने ढेरों गुलाबजामुन खा। वैसे वह शैतान का नाना था। पर सच का बड़ा दीवाना था। घर में कोई न बिटिया थी। बड़े दिनों की छुट्टियां थीं।

एक दिन जिद कर बैठा आशू। मां से बोला, 'मैं जोधपुर जाऊंगा।'

बीकानेर वह रहता था। नाना का बड़ा चहेता था। पापा उसके थे बड़े कमाऊ। मम्मी ने सोचा कि मैं भी पीहर हो आऊं। ससुराल में बस काम ही काम। कुछ तो करूं मैं भी आराम।

आशू की जिद हुई न फेल। मम्मी-पापा संग चढ़ा वह रेल। आशू ने आइसक्रीम खाई। कुछ देर में रेल ने सीटी बजाई। रेल चली छुक-छुक....छुक-छुक.....छुक-छुक... मम्मी देखे आशू का मुख।

रेल में चंद भिखारी थे। आशू के पापा अधिकारी थे। वैसे वे लगते थे धाकड़। टी.टी.को देख गायब हो गई उनकी अकड़। आशू के पापा के मन का चोर जागा जब टी.टी.ने आशू का आधा टिकट मांगा।

इससे पहले कि टी.टी.जुर्माने का चालान टटोले। आशू के पापा गिड़गिड़ा कर बोले, 'हजूर, यह बच्चा तो आपके ही शहर का है। अभी तो यह केवल चार साल का है।'

आशू से अब रहा न गया। पापा का झूठ सहा न गया। यूं आशू था दिल का भोला। सबके सामने जोर से बोला, 'पिछले सोमवार को तो मेरा जन्मदिन मना था। मैंने सात मोमबत्तियां जलाकर, बड़ा सा केक काटा था। आपने चूमा था मेरा माथा, भूल गए क्या पापा?'

टी.टी.समझ गया आशू है भोला। प्यार से वह आशू के पापा से बोला, 'इस बार छोड़ दिया, पर आगे से आप बच्चे का आधा टिकट लेकर ही चला कीजिए जनाब।' **(उर्वशी)**

# अधूरी इच्छाओं का घर

## कहानी

रागिनी मिश्रा

**लेकिन जीवन उतना सरल नहीं था जितना वह सोचती थी। समय के साथ सिमरन ने महसूस किया कि आदित्य का स्वभाव अजीब तरह से बदलता रहता है। कभी वह बहुत स्नेही हो जाता। अचानक से उसके लिए मिठाई ले आता या कह देता, 'चलो आज कहीं बाहर घूमने चलते हैं।' ऐसे क्षणों में सिमरन को वही पुराना आदित्य दिखाई देता, जिससे वह प्रेम करती थी।**



सिमरन को हमेशा लगता था कि जीवन एक नदी की तरह है, कभी शान्त तो कभी उफनता हुआ। उसका अपना जीवन भी इसी तरह उतार-चढ़ाव से भरा था। वह अपने पति आदित्य से गहरा प्रेम करती थी और आदित्य भी उससे स्नेह करता था, फिर भी उनके रिश्ते में कभी-कभी ऐसे क्षण आ जाते थे जब छोटी-छोटी बातें उनके बीच दूरी पैदा कर देती थीं। प्यार के बावजूद कुछ अनकही बातें और परिस्थितियां उनके मन को चोट पहुंचा देती थीं। सिमरन अक्सर सोचती कि प्रेम होने के बाद भी रिश्ते इतने जटिल क्यों हो जाते हैं और क्यों कभी-कभी वही व्यक्ति सबसे अधिक पीड़ा दे जाता है जिसे हम सबसे अधिक चाहते हैं।

सिमरन की शादी लगभग 15 साल पहले हुई थी। उस समय वह बहुत कम उम्र की थी और उसके मन में जीवन को लेकर अनेक सपने थे। नए घर में कदम रखते समय उसकी आंखों में उत्साह, उम्मीद और भविष्य की मीठी कल्पनाएं भरी हुई थीं। उसे लगता था कि अब उसका जीवन एक नए, सुखद अध्याय की शुरुआत करने वाला है। शादी के शुरुआती दिन आज भी उसे साफ-साफ याद आते थे। उन दिनों आदित्य का स्वभाव बहुत कोमल और स्नेहपूर्ण लगता था। वह छोटी-छोटी बातों से सिमरन को खुश करने की कोशिश करता था। कभी सुबह उठकर उसके लिए चाय बना देता, तो कभी बिना किसी कारण उसे हंसाने की कोशिश करता। कई बार वह मुस्कुराकर कह देता, 'तुम्हारी मुस्कान से यह घर सचमुच रोशन हो जाता है।' उन पलों में सिमरन को लगता था कि उसने सही जीवनसाथी पाया है।

शादी के कुछ ही महीनों बाद सिमरन को धीरे-धीरे यह एहसास होने लगा कि उसके नए घर का वातावरण उतना सहज और सरल नहीं था, जैसा उसने अपने मन में कल्पना की थी। आदित्य का परिवार संयुक्त था। घर में उसके माता-पिता के अलावा बड़े भाई, भाभी और उनके बच्चे भी रहते थे। परिवार बड़ा था और स्वाभाविक रूप से जिम्मेदारियां भी बहुत थीं। शुरुआत में सिमरन ने पूरे मन से इस नए माहौल को अपनाने की कोशिश की। वह सुबह सबसे पहले उठ जाती, रसोई का काम संभालती, घर की सफाई करती और सबकी पसन्द-नापसन्द का ध्यान रखती। उसे लगता था कि अगर वह सभी को खुश रखने की कोशिश करेगी तो धीरे-धीरे घर में उसके लिए भी अपनापन और सम्मान बढ़ेगा।

लेकिन समय के साथ उसे महसूस होने लगा कि उसके प्रयासों की उतनी सराहना नहीं हो रही थी जितनी वह उम्मीद करती थी। छोटी-छोटी गलतियां भी कभी-कभी बड़ी बना दी जाती थीं। यदि खाने में नमक थोड़ा ज्यादा या कम हो जाता तो सास तुरन्त टोक देतीं- 'इतना भी नहीं आता तुम्हें?' ऐसे शब्द सुनकर सिमरन चुप रह जाती, क्योंकि उसे लगता था कि जवाब देने से स्थिति और बिगड़ सकती है। कई बार जेठानी भी हंसी-मजाक के अन्दाज में ऐसी बातें कह देती जो सीधे उसके दिल में चुभ जाती। बाहर से वह मुस्कुरा देती, लेकिन भीतर ही भीतर उसका मन आहत हो जाता।

इन परिस्थितियों में सिमरन ने धीरे-धीरे चुप रहना सीख लिया। वह अपनी भावनाएं मन में ही दबा लेती। आदित्य कभी-कभी उसके पक्ष में बोल देता था, जिससे उसे थोड़ी राहत मिलती थी, लेकिन कई बार वह चुप ही रहता। यही चुप्पी सिमरन को सबसे अधिक बेचैन करती थी। उसे लगता था कि यदि आदित्य सच में उससे प्रेम करता है, तो उसे उसके लिए खुलकर खड़ा होना चाहिए और यह महसूस कराना चाहिए कि वह इस घर में अकेली नहीं है।

एक रात जब घर के सभी लोग सो चुके थे और चारों ओर सन्नाटा पसरा हुआ था, सिमरन ने धीरे से आदित्य से कहा, 'तुम जानते हो ना कि मुझे कितनी बातें सुननी पड़ती हैं?' उसकी आवाज में शिकायत से ज्यादा थकान थी। वह चाहती थी कि आदित्य उसकी भावनाओं को समझे और उसके पक्ष में कुछ कहे। लेकिन आदित्य ने थके हुए स्वर में बस इतना कहा, 'घर में सब ऐसे ही चलता है, तुम दिल पर मत लिया करो।'

यह सुनकर सिमरन चुप हो गई। उस रात वह देर तक जागती रही। उसकी आंखों में नींद नहीं थी, बल्कि कई तरह के विचार थे। उसे समझ नहीं आ रहा था कि आदित्य की बात सलाह थी, या फिर उसकी भावनाओं की अनदेखी। वह सोचती रही कि क्या सच में उसे हर बात को नजरअंदाज कर देना चाहिए।

समय धीरे-धीरे आगे बढ़ता गया। शादी के लगभग पांच साल बाद उनके घर एक बेटे का जन्म हुआ जिसका नाम उन्होंने आरव रखा। आरव के आने से घर का माहौल कुछ समय के लिए बदल गया। परिवार के सभी लोग बच्चे में व्यस्त हो गए और सिमरन को भी थोड़ी राहत महसूस हुई। जब वह आरव को अपनी गोद में लेकर बैठती और आदित्य उसे प्यार से देखते हुए मुस्कुरा देता, तो सिमरन को लगता कि शायद अब सब कुछ पहले से बेहतर हो जाएगा। उसे उम्मीद होने लगी थी कि बच्चे के आने से उनके रिश्ते में भी नई गर्माहट आ जाएगी।

लेकिन जीवन उतना सरल नहीं था जितना वह सोचती थी। समय के साथ सिमरन ने महसूस किया कि आदित्य का स्वभाव अजीब तरह से बदलता रहता है। कभी वह बहुत स्नेही हो जाता। अचानक से उसके लिए मिठाई ले आता या कह देता, 'चलो आज कहीं बाहर घूमने चलते हैं।' ऐसे क्षणों में सिमरन को वही पुराना आदित्य दिखाई देता, जिससे वह प्रेम करती थी।

लेकिन कभी-कभी उसका व्यवहार बिल्कुल अलग हो जाता। वह बिना किसी खास कारण के चिड़चिड़ा हो जाता और छोटी-सी बात पर भी गुस्सा कर बैठता। सिमरन समझ नहीं पाती थी कि उसका असली स्वभाव कौन सा है–वह स्नेही आदित्य, या फिर यह कठोर और चुप रहने वाला व्यक्ति।

कभी-कभी सिमरन खुद को समझाने की कोशिश करती कि शायद वह ही ज्यादा सोचती है। लेकिन फिर कोई घटना उसके मन की शंका को फिर से जगा देती। एक शाम घर में किसी छोटी-सी बात को लेकर बहस हो गई। सास ने किसी पुराने मुद्दे को उठाकर सिमरन को डांट दिया। सिमरन चुपचाप खड़ी रही, लेकिन उसकी आंखों में आंसू आ गए। उस समय आदित्य भी वहीं बैठा था, पर उसने कुछ नहीं कहा। उसकी यह चुप्पी सिमरन के मन को और अधिक दुखी कर गई।

उस रात जब घर के सभी लोग सो गए और चारों ओर सन्नाटा फैल गया, सिमरन ने हिम्मत जुटाकर आदित्य से धीरे से पूछा, 'तुमने कुछ कहा क्यों नहीं?' उसकी आवाज में शिकायत कम और पीड़ा अधिक थी। वह चाहती थी कि आदित्य उसकी भावनाओं को समझे और उसका साथ दे।

आदित्य ने बिना उसकी ओर देखे शान्त स्वर में कहा, 'हर बात में बोलना जरूरी नहीं होता।'

यह सुनकर सिमरन कुछ क्षण चुप रही। उसे लगा जैसे उसके भीतर कहीं कुछ टूट गया हो। वह चाहती थी कि आदित्य उसके दर्द को महसूस करे, लेकिन उसकी यह संक्षिप्त प्रतिक्रिया उसके मन में एक गहरी खाली जगह छोड़ गई। उस रात वह देर तक जागती रही। कमरे में अंधेरा था, लेकिन उसके मन में विचारों की हलचल थम नहीं रही थी।

समय धीरे-धीरे आगे बढ़ता गया। दिन, महीने और साल गुजरते गए। देखते ही देखते लगभग दस साल बीत गए। इसी बीच आदित्य को शहर में एक अच्छी नौकरी का अवसर मिला। उसने तय किया कि अब वह सिमरन और आरव को लेकर शहर में रहेगा।

जब वे शहर आए, तो सिमरन को लगा जैसे उसके जीवन में एक नई शुरुआत हो रही हो। छोटा-सा किराए का घर था, लेकिन उस घर में एक अलग ही शांति थी। यहां न रोज-रोज की शिकायतें थीं और न ही हर समय किसी की निगरानी का एहसास। पहली बार उसे लगा कि वह अपने घर में थोड़ा खुलकर सांस ले सकती है।

शहर का जीवन बिल्कुल अलग था। सुबह आदित्य नौकरी के लिए निकल जाता और शाम को लौट आता। कई बार वह बहुत थका हुआ होता, लेकिन फिर भी आरव के साथ खेलने के लिए समय निकाल लेता। जब वह बेटे को गोद में उठाकर हंसता या उसके साथ खेलता, तो सिमरन को वही पुराना आदित्य दिखाई देता- वही व्यक्ति जो कभी छोटी-छोटी बातों से उसे खुश कर दिया करता था।

ऐसे पलों में सिमरन को लगता कि शायद जीवन अब धीरे-धीरे संतुलित हो रहा है। लेकिन यह स्थिरता हमेशा बनी नहीं रहती थी। कभी-कभी आदित्य का व्यवहार फिर अचानक बदल जाता। वह बिना किसी कारण चुप हो जाता या छोटी-सी बात पर नाराज हो उठता। सिमरन समझ नहीं पाती थी कि उसके मन में आखिर क्या चल रहा है। वह कई बार सोचती कि शायद वह ही ज्यादा सोचती है, लेकिन फिर कोई न कोई घटना उसे फिर उलझन में डाल देती।

शहर में रहने के कुछ साल बाद सिमरन के मन में एक इच्छा धीरे-धीरे गहराने लगी। वह चाहती थी कि उनके घर में एक और बच्चा हो। उसे लगता था कि आरव अकेला न रहे। घर में एक और बच्चे की किलकारियां गूंजें तो शायद जीवन और भी सुखद और पूर्ण लगे।

एक रात उसने हिम्मत करके आदित्य से यह बात कही। वह कुछ क्षण चुप रही, फिर धीरे से बोली, 'मुझे लगता है कि हमें दूसरा बच्चा होना चाहिए।'

आदित्य ने तुरन्त सिर उठाकर कहा, 'नहीं, अभी नहीं। खर्चे बहुत हैं।'

सिमरन ने धीरे से कहा, 'लेकिन हम संभाल लेंगे।'

आदित्य ने गम्भीर स्वर में सिर हिलाते हुए कहा, 'मैं नहीं चाहता।'

उसकी आवाज में एक अजीब-सा ठंडापन था। यह सुनकर सिमरन चुप हो गई, लेकिन उसके मन में यह इच्छा समाप्त नहीं हुई।

कभी-कभी वह शाम को पार्क में आरव को खेलने ले जाती। वहां जब वह दूसरे बच्चों को अपने भाई-बहनों के साथ खेलते देखती, तो उसके मन में एक हल्की-सी कसक उठती। उसे लगता कि अगर आरव के साथ भी कोई भाई या बहन होती, तो उसका बचपन और भी खुशहाल होता।

एक दिन उसने फिर हिम्मत करके वही बात आदित्य से छेड़ दी। लेकिन इस बार आदित्य थोड़ा नाराज हो गया। उसने कुछ झुंझलाते हुए कहा, 'तुम समझती क्यों नहीं? जिम्मेदारियां बढ़ जाएंगी। अभी जो है, वही संभालना आसान नहीं है।'

सिमरन चुप हो गई। वह जानती थी कि बहस करने से शायद कुछ बदलने वाला नहीं है लेकिन उसके मन की वह इच्छा पूरी तरह खत्म भी नहीं हो पा रही थी।

सिमरन चुप हो गई, लेकिन उसके भीतर कहीं एक खालीपन गहराता गया। फिर भी वह आदित्य से नफरत नहीं कर पाती थी। क्योंकि उसी आदित्य का एक रूप ऐसा भी था जो उसे बेहद प्रिय था। कभी वह अचानक से कह देता- 'आज बाहर खाना खाते हैं।' कभी वह उसके लिए फूल ले आता। ऐसे पलों में सिमरन सोचती– शायद यही सच्चा आदित्य है, लेकिन फिर कोई दिन ऐसा भी आता जब वह कठोर शब्द बोल देता और सिमरन को लगता कि वह उसी व्यक्ति के साथ रह रही है जिसे वह पहचानती ही नहीं। उसका मन अक्सर उलझन में रहता।

क्या यह प्यार है? या सिर्फ आदत? कई बार उसने सोचा कि वह अपने मन की बात किसी से कहे। लेकिन फिर उसे लगता कि लोग शायद समझ नहीं पाएंगे। उसने चुप रहना ही बेहतर समझा। एक शाम जब बारिश हो रही थी, सिमरन बालकनी में खड़ी थी। सड़क पर पानी की बूंदें चमक रही थीं और हवा में ठंडक थी। आरव कमरे में पढ़ाई कर रहा था और आदित्य ऑफिस से अभी तक नहीं लौटा था।

सिमरन के मन में कई विचार घूम रहे थे। उसे याद आया कि शादी के शुरुआती दिनों में वह कितनी उम्मीदों से भरी हुई थी। उसने सोचा था कि जीवन हमेशा वैसा ही रहेगा- मुस्कान और स्नेह से भरा हुआ, लेकिन अब उसे समझ में आने लगा था कि जीवन में प्रेम और पीड़ा अक्सर साथ-साथ चलते हैं।

कुछ देर बाद दरवाजा खुला। आदित्य घर आ गया। उसने देखा कि सिमरन बालकनी में खड़ी है। 'बारिश देख रही हो?' उसने मुस्कुराकर पूछा। सिमरन ने हल्की मुस्कान के साथ सिर हिला दिया। आदित्य उसके पास आकर खड़ा हो गया। कुछ क्षण दोनों चुप रहे। फिर आदित्य ने धीरे से कहा- 'कभी-कभी मुझे लगता है कि मैं तुम्हें समझ नहीं पाता।' सिमरन ने उसकी तरफ देखा। यह वाक्य उसने पहले कभी नहीं सुना था। उसने कहा- 'और मुझे लगता है कि तुम मुझे समझना ही नहीं चाहते।' आदित्य ने कुछ नहीं कहा। बारिश की आवाज उनके बीच फैल गई। उस पल में सिमरन को लगा कि शायद उनके रिश्ते की कहानी अभी पूरी नहीं हुई है। उसमें अभी भी कई अधूरे पन्ने हैं- कुछ दर्द के, कुछ उम्मीद के और शायद जीवन का अर्थ भी यही है- इन अधूरे पन्नों के साथ आगे बढ़ते रहना।

सिमरन जानती थी कि उसके मन में अभी भी बहुत सारे प्रश्न हैं- दूसरे बच्चे की इच्छा, अपने सम्मान की तलाश, और अपने रिश्ते को समझने की कोशिश, लेकिन वह यह भी जानती थी कि हर कहानी का अंत तुरंत नहीं होता। कुछ कहानियां धीरे-धीरे खुलती हैं और उसकी अपनी कहानी भी शायद उन्हीं में से एक थी–जहां प्रेम भी है, संघर्ष भी है, और एक ऐसी उम्मीद भी जो पूरी तरह बुझी नहीं है।

### एम्स देवघर के डॉक्टरों ने मरीज के पेट से निकाला 12 किलो का कैंसर ट्यूमर

**देवघर, 05 अप्रैल:** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) देवघर के डॉक्टरों ने एक बेहद जटिल सर्जरी को सफलतापूर्वक अंजाम दिया है। चिकित्सकों ने 55 वर्षीय एक मरीज के पेट से करीब 12 किलोग्राम वजन का कैंसर ट्यूमर निकालकर चिकित्सा क्षेत्र में एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। लगभग 50 सेंटीमीटर लंबे इस रेट्रोपेरिटोनियल ट्यूमर के कारण मरीज गंभीर शारीरिक समस्याओं से जूझ रहा था। जानकारी के अनुसार मरीज बेहतर इलाज की उम्मीद में उत्तर प्रदेश से एम्स देवघर पहुंचे थे। पेट में तेजी से बढ़ रहे ट्यूमर के कारण उन्हें भोजन करने और सोने में काफी परेशानी हो रही थी। लगातार दर्द और दबाव के चलते उनका वजन भी तेजी से घट रहा था।

# होमगार्ड बहाली को लेकर उच्च स्तरीय बैठक, तैयारियों पर चर्चा

देश प्राण संवाददाता

**धनबाद, 5 अप्रैल :** जिले में होमगार्ड (गृह रक्षक) के रिक्त पदों पर बहाली की प्रक्रिया को पारदर्शी और कदाचार मुक्त तरीके से संपन्न कराने की पूरी तैयारी कर ली गई है। परीक्षा 6 अप्रैल से होनी है। इस संबंध में उपायुक्त आदित्य रंजन तथा वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार की अध्यक्षता में महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक डीसी के आवासीय कार्यालय में हुई। बैठक में 6 अप्रैल से होने वाले शारीरिक दक्षता परीक्षा तथा लेखन क्षमता परीक्षा की तैयारियों को लेकर रनिंग ट्रैक की स्थिति की समीक्षा, प्रतिदिन एनआईसी में



रिजल्ट प्रकाशन करने पर चर्चा, स्टेडियम लेआउट की समीक्षा, विधि व्यवस्था संधारण, सीसीटीवी की व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था, पार्किंग की व्यवस्था, डबल लेयर एडमिट कार्ड की पहचान पत्र के साथ मिलान करने पर चर्चा, प्रवेश और निकास की व्यवस्था, पंजीकरण काउंटर पर व्यवस्था, वेटिंग एरिया, पानी, शौचालय की व्यवस्था, मेडिकल की व्यवस्था, समेत अन्य बिंदुओं पर विस्तृत समीक्षा की गई। उपायुक्त ने निर्देश दिया कि शारीरिक जांच परीक्षा का आयोजन पूरी तरह से तकनीक आधारित होगा। दौड़ के लिए चिप सिस्टम का उपयोग किया जाएगा ताकि परिणामों में किसी भी प्रकार की मानवीय त्रुटि या पक्षपात की गुंजाइश न रहे।

यह परीक्षा बिरसा मुंडा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में आयोजित होगी जहां पर सीसीटीवी कैमरों की निगरानी और पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती के निर्देश दिए गए। अभ्यर्थियों की भीड़ को नियंत्रित करने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। बैठक के उपरांत उपायुक्त ने सभी पदाधिकारियों के साथ बिरसा मुंडा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स का निरीक्षण कर तैयारियों की समीक्षा की। इस दौरान सभी संबंधित पदाधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। साथ ही रनिंग ट्रैक का भौतिक निरीक्षण कर जिला खेल पदाधिकारी को कल तक सभी व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने का निर्देश दिया गया। मौके पर उपायुक्त श्री आदित्य रंजन, वरीय पुलिस अधीक्षक श्री प्रभात कुमार, डीडीसी श्री सन्नी राज, नगर आयुक्त आदि मौजूद रहे।

## खबरकोना

### सर्पदंश से इलाज के दौरान महिला की हुई मौत



**कोडरमा,05 अप्रैल :** थाना अंतर्गत लोचनपुर गांव में सर्पदंश से एक महिला की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार रविवार को 42 वषीर्या सुनीता देवी (पति मुकेश यादव) अपने खेत में गेहूं की फसल उठाने गई थी। इसी दौरान फसल के बीच छिपे सांप ने उन्हें काट लिया। घटना के बाद परिजनों ने आनन-फानन में महिला को सदर अस्पताल पहुंचाया जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। घटना से परिवार में कोहराम मच गया है। घटना की सूचना कोडरमा पुलिस को मिलने के बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। बैठे चालक व उपचालक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों की पहचान बरबीघा (बिहार) निवासी 22 वर्षीय सुधीर कुमार तथा बिट्टू कुमार, दिनेश कुमार के रूप में की गई है। इधर कोयला के ट्रक में पीछे से धक्का लगने के बाद चालक ने किसी प्रकार से ट्रक से बाहर छलांग लगा दी, जिससे वह घायल होने से बच गया। घटना के बाद सागर कुमार गिरी और कोडरमा घाटी की पेट्रोलिंग गाड़ी मौके पर पहुंची। पेट्रोलिंग पुलिस और स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को एंबुलेंस के माध्यम से सदर अस्पताल कोडरमा भेजा गया, जहां दोनों का इलाज जारी है।

## पार्थिव शिवलिंग महायज्ञ का समापन, भंडारे में उमड़ा लोगों का जनसैलाब

**पूर्वी सिंहभूम, 05 अप्रैल:** टेल्को स्थित लक्ष्मीनगर में युवक संघ दुर्गा पूजा समिति के तत्वावधान में आयोजित सात दिवसीय पार्थिव पूजन यज्ञ रविवार को पूर्णाहुति के साथ भक्ति और आस्था के माहौल में संपन्न हो गया।

पूरे आयोजन के दौरान श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बना, वहीं अंतिम दिन भी बड़ी संख्या में भक्तों ने पार्थिव शिवलिंग का निर्माण कर भगवान शिव की आराधना की। समिति की ओर से लिए गए पांच लाख पार्थिव शिवलिंग निर्माण के संकल्प ने एक अद्भुत रूप ले लिया और अंतत 771 पार्थिव शिवलिंग का निर्माण एवं पूजन किया गया। यह संख्या न केवल श्रद्धालुओं की आस्था का प्रतीक बनी, बल्कि धार्मिक दृष्टि से भी अत्यंत पुण्यदायी मानी जाती है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, शिव पुराण में पार्थिव शिवलिंग की पूजा को अत्यंत फलदायी बताया गया है। माना जाता है कि मिट्टी से



निर्मित शिवलिंग का पूजन करने से मनुष्य के सभी पापों का क्षय होता है और उसे भगवान शिव की विशेष कृपा प्राप्त होती है। पार्थिव शिवलिंग निर्माण और रुद्राभिषेक से जीवन में सुख, शांति और समृद्धि का वास होता है।

इस यज्ञ में भाग लेने वाले श्रद्धालुओं ने भी इसी भाव के साथ पूजा-अर्चना कर अपने जीवन के कष्टों के निवारण की कामना की। अंतिम दिन रुद्राभिषेक, मंत्रोच्चार और भव्य आरती के साथ यज्ञ की पूर्णाहुति हुई। आचार्य राजकुमार मिश्रा ने यज्ञ की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए समिति के सभी सदस्यों और श्रद्धालुओं को आशीर्वाद दिया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के धार्मिक आयोजन समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं और लोगों को धर्म के प्रति जागरूक करते हैं।

पूर्णाहुति के बाद भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें लगभग हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। महायज्ञ को सफल बनाने में समिति के अध्यक्ष संजय सिंह, उपाध्यक्ष सतीश कुमार, महासचिव संजय कुमार सहित संजय कुशवाहा, विजय कुमार, राकेश सिंह बुलबुल, जय चौधरी, सागर, सहित कई कार्यकताओं की सक्रिय भूमिका रही।

## दहकते अंगारों में नंगे पांव चलकर भक्तों ने दी अपनी भक्ति की परीक्षा



**खूंटी, 05 अप्रैल :** भोक्ता झूलन के साथ साथ पिछले नौ दिनों से चल रहा शिवोपासना का ऐतिहासिक तोरपा मंडा रविवार को सम्पन्न हो गया। इसके पूर्व भोक्ताओं ने दहकते अंगारों पर नंगे पांव चलकर भक्ति और निष्ठा का परिचय दिया।

इस वार्षिक धार्मिक अनुष्ठान की शुरूआत चैत्र शुक्ल नवमी से हुई थी। इस नौ दिनों के दौरान शिव भक्त अपना घर परिवार का त्याग कर मंदिर में रहकर भगवान भोलेनाथ की आराधना में लीं रहे। जिस समय भोक्ता नंगे पांव आग में चल रहे थे, जिसे फूलखुंदी कहते हैं, उस समय परिवार की महिलाएं सिर पर आम के पल्लव और पवित्र जल से भरा लोटा लेकर खड़ी थीं। फूलखुंदी के बाद भक्तों ने 24 घंटे के निर्जला उपवास का समापन किया।

फूलखुंदीकौर झूलन को देखने के लिए हजारों श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। झूलन के दौरान भागतीयों ने दर्शकों पर फूल वर्षा कर लोगों के मंगल कामना की। मंडा महोत्सव का आयोजन तोरपा के पूर्व जमींदार विजय बड़ाइक के परिवार की ओर से किया जाता है।

## आरटीआई कार्यकर्ता संघ की बैठक, सूचना आयुक्तों की नियुक्ति प्रक्रिया पर गंभीर

**पूर्वी सिंहभूम, 05 अप्रैल :** आरटीआई कार्यकर्ता संघ की केंद्रीय समिति की बैठक पुराना कोर्ट परिसर स्थित बाल मजदूर मुक्ति सेवा संस्थान में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता केंद्रीय अध्यक्ष दिलबहादुर ने की। बैठक के बाद आयोजित संवाददाता सम्मेलन में संघ के पदाधिकारियों ने राज्य में सूचना आयुक्तों की नियुक्ति प्रक्रिया पर गंभीर सवाल उठाए।

केंद्रीय अध्यक्ष दिलबहादुर ने कहा कि सूचना आयुक्त और मुख्य सूचना आयुक्त की नियुक्ति सरकार का स्वागत योग्य कदम है, जो लंबे समय से संघ के आंदोलन और न्यायालयों में दायर याचिकाओं का परिणाम है। उन्होंने बताया कि उच्च न्यायालय और सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों के बाद यह प्रक्रिया संभव हो सकी है। हालांकि, उन्होंने आरोप लगाया कि इन नियुक्तियों में उच्चतम न्यायालय के दिशा-



निर्देशों का पालन नहीं किया गया। दिलबहादुर ने कहा कि उच्चतम न्यायालय ने स्पष्ट किया था कि सूचना आयुक्तों की नियुक्ति विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिष्ठित और योग्य व्यक्तियों में से की जानी चाहिए, लेकिन राज्य सरकार ने राजनीतिक दलों से जुड़े लोगों को नियुक्त कर इस पद की गरिमा को ठेस पहुंचाई है।

उन्होंने इसे सरकार और विपक्ष के बीच मिलीभगत कर पदों का बंटवारा बताया, जिससे सूचना आयोग के उद्देश्य पर सवाल खड़े हो गए हैं। उन्होंने आगे कहा कि इस मुद्दे को लेकर संघ जल्द ही राज्यपाल संतोष गंगवार को ज्ञापन सौंपेगा और वर्तमान नियुक्तियों को निरस्त करने की मांग करेगा।

साथ ही उच्चतम न्यायालय के दिशा निर्देशों के अनुरूप आरटीआई कार्यकताओं सामाजिक कार्यकताओं और विभिन्न क्षेत्रों के योग्य व्यक्तियों को इन पदों पर नियुक्त करने की मांग की जाएगी।

## घाटी में दो ट्रकों की टक्कर, तीन घायल



देश प्राण संवाददाता

**कोडरमा,05 अप्रैल :** कोडरमा थाना अंतर्गत घाटी स्थित नौवां माइल के समीप रविवार की सुबह दो ट्रकों की आपस की भिड़ंत हो गई। जिससे ट्रक में सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार एक कोयल लदी ट्रक रामगढ़ से निकलकर कोडरमा घाटी के रास्ते बिहार की ओर जा रही थी। वहीं एक अन्य ट्रक जिसमें प्लाई लोड था, वह ठीक कोयला लदे गाड़ी के पीछे बिहार की ओर ही जा रही थी। इसी दौरान कोडरमा घाटी के नौवां माइल के समीप एक ढलान पर प्लाई लदा ट्रक का चालक कोयला लदे ट्रक से ओवरटेक करना चाहा। लेकिन वह अनियंत्रित हो गया और उसने कोयल लदे ट्रक को पीछे से टक्कर मार दी, जिससे कोयला लदी ट्रक सड़क के किनारे पलट गई। घटना में प्लाई लदे ट्रक का अगला हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया, जबकि उसमें बैठे चालक व उपचालक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों की पहचान बरबीघा (बिहार) निवासी 22 वर्षीय सुधीर कुमार तथा बिट्टू कुमार, दिनेश कुमार के रूप में की गई है। इधर कोयला के ट्रक में पीछे से धक्का लगने के बाद चालक ने किसी प्रकार से ट्रक से बाहर छलांग लगा दी, जिससे वह घायल होने से बच गया। घटना के बाद सागर कुमार गिरी और कोडरमा घाटी की पेट्रोलिंग गाड़ी मौके पर पहुंची। पेट्रोलिंग पुलिस और स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को एंबुलेंस के माध्यम से सदर अस्पताल कोडरमा भेजा गया, जहां दोनों का इलाज जारी है।

## सरना धर्म समाज का हो संरक्षण: धर्मगुरू बगरय



**खूंटी, 05 अप्रैल :** सरना धर्म सोतो समिति शाखा दुलवा के सरना स्थल में रविवार को सरहुल पूजा महासमिति के तत्वावधान में भगवान सिंगबोगा की पूजा-अर्चना की गई। इस अवसर पर समाज की सुख, शांति और खुशहाली की कामना की गई। कार्यक्रम के दौरान धर्मगुरु बगरय मुण्डा ने कहा कि हमारे पूर्वजों ने जिस समृद्ध और संगठित समाज की कल्पना की थी, वह आज भी पूरी तरह साकार नहीं हो सकी है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में धार्मिक और राजनीतिक प्रतिस्पर्धा के कारण सामाजिक-धार्मिक परंपराओं और रीति-रिवाजों पर प्रभाव पड़ रहा है, जिससे कई लोग अपने मूल धर्म और संस्कृति से दूर होते जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज भी समाज का एक वर्ग शोषण, जुल्म, अन्याय और अत्याचार का शिकार हो रहा है। वहीं दूसरी ओर समाज में व्याप्त कुरीतियां, धार्मिक आडंबर और अंधविश्वास भी लोगों को प्रभावित कर रहे हैं। धर्मगुरु बगरय मुण्डा ने कहा कि सरना धर्म की पहचान, संरक्षण और संवर्धन के लिए सामाजिक और धार्मिक व्यवस्थाओं में एकरूपता लाना जरूरी है।

## गैस कटर सिलेंडर फटने से दो की मौत, दो घायलों को अस्पताल भेजा गया

**धनबाद, 05 अप्रैल :** मुनीडीह क्षेत्र में शनिवार की आधी रात में गैस कटर सिलेंडर अचानक जोरदार धमाके के साथ फट गया। बताया जा रहा है की घटना के वक्त वहां 8 से 10 लोग मौजूद थे। जैसे ही सिलेंडर फटा, उसकी गैस बेहद तेजी और भयावह तरीके से बाहर निकलने लगी। जिससे आसपास मौजूद लोगों की स्थिति गंभीर हो गई।

दम घुटने जैसे हालात बन गए और चार लोग गैस की चपेट में आकर गंभीर रूप से प्रभावित हो गए। हादसे के तुरंत बाद सभी घायलों को इलाज के लिए शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल एसएनएमएमसीएच ले जाया गया, जहां स्थिति बेहद नाजुक बनी रही। डॉक्टरों ने इलाज के दौरान दो लोग संजय यादव और मोहम्मद अजहरुद्दीन को मृत घोषित कर दिया। वहीं मोहम्मद अब्राहिम और मोहम्मद इमामुद्दीन का इलाज अस्पताल में जारी है। संजय यादव के परिजनों ने बताया कि वह दोस्त



के साथ काम करने जाने की बात कहकर घर से निकले थे। देर रात करीब एक बजे वह अचानक घर पहुंचे और तेज सांस फूलने, खांसी और बेचैनी की शिकायत करने लगे। परिजनों के अनुसार वह ठीक से बोल भी नहीं पा रहे थे। पूछने पर केवल इतना बताया कि गैस सिलेंडर फट गया। किस काम के लिए गए थे, यह स्पष्ट रूप से नहीं बता पाए। उनकी स्थिति तेजी से बिगड़ने लगी, मुंह से झाग भी निकलने लगा, जिसके बाद परिजन उन्हें एसएनएमएमसीएच लेकर पहुंचे, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। इसी हादसे में संजय के साथ मौजूद एक और व्यक्ति की भी मृत्यु हो गई, जबकि दो लोग अभी भी अस्पताल में भर्ती हैं। घटना की जानकारी पुलिस को दी गई है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## मोटर दुर्घटना मुआवजा को लेकर एक दिवसीय जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया

देश प्राण संवाददाता

**कोडरमा,05 अप्रैल :** जिला विधिक सेवा प्राधिकार कोडरमा के तत्वावधान में व्यवहार न्यायालय कोडरमा स्थित व्यवहार न्यायालय के सभागार में मोटर दुर्घटना मुआवजा से सम्बंधित एक दिवसीय जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार रमाकान्त मिश्रा सहित अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यशाला का विधिवत उद्घाटन किया। कार्यक्रम के पूर्व सभी अतिथियों को पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया गया। कार्यशाला में उपस्थित व्यवहार न्यायालय कोडरमा के न्यायिक पदाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी व अधिवक्तागण मोटर दुर्घटना मुआवजा अधिनियम से सम्बंधित कई महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त किये। मौके पर प्रधान जिला जज रमाकांत मिश्रा ने कहा कि मानवता की सेवा ही पुलिस का सबसे




पहला धर्म है जिसका पालन पुलिस पदाधिकारियों को पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी पूर्वक करना चाहिए। उन्होंने पुलिस पदाधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि मोटर दुर्घटना मुआवजा अधिनियम से सम्बंधित अद्यतन जानकारी प्राप्त कर पीड़ितों को लाभ दिलाने की दिशा में सतत प्रयत्नशील रहे प्राधिकार उन्हें हर संभव सहायता देने के लिए कृत संकल्पित है। मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी अमित कुमार वैश ने कहा कि इस प्रकार कार्यशाला का आयोजन न्यायिक पदाधिकारियों विद्वान अधिवक्ताओ सहित अन्य स्टेक होल्डर्स के लिए मील का पत्थर साबित होगा। कार्यशाला को जिला अधिवक्ता संघ के पूर्व अध्यक्ष जगदीश सलूजा एवं पूर्व सचिव मनीष कुमार सिंह ने भी संबोधित किया। कार्यशाला में मुख्य रूप से रांची न्यायमंडल के अधिवक्ता अरविन्द कुमार लाल ने मोटर दुर्घटना मुआवजा अधिनियम से सम्बंधित कई महत्वपूर्ण कानूनी प्रावधानों पर प्रकाश डाला। लगभग तीन घंटे तक चले इस कार्यशाला में मुख्य वक्ता अरविन्द लाल ने सर्वोच्च न्यायालय एवं विभिन्न उच्च न्यायालयों के चर्चित केसों का हवाला देते हुए उससे सम्बंधित विस्तृत जानकारी एवं कानून में हुए विभिन्न बदलाव तथा नए कानूनी प्रावधानों से उपस्थित लोगो को अवगत कराया।

### आस्था और उल्लास के साथ मनाया गया ईस्टर, चर्चों और कब्रिस्तानों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**पूर्वी सिंहभूम, 05 अप्रैल :** शहर में रविवार को ईस्टर का पर्व पूरे श्रद्धा, आस्था और उत्साह के साथ मनाया गया। शहर के विभिन्न चर्चों में सुबह से ही विशेष प्रार्थना सभाओं का आयोजन हुआ, जहां बड़ी संख्या में ईसाई समुदाय के लोग एकत्रित हुए और प्रभु ईसा मसीह के पुनर्जीवन की स्मृति में प्रार्थना की। प्रार्थना सभाओं में शांति, प्रेम और मानवता का संदेश दिया गया, वहीं लोगों ने एक-दूसरे को शुभकामनाएं देकर इस पावन दिन की खुशियां साझा कीं। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, गुड फ्राइडे के दिन सूली पर चढ़ाए जाने के तीन दिन बाद ईसा मसीह पुनर्जीवित हुए थे। इसी घटना की स्मृति में ईस्टर मनाया जाता है, जो जीवन, आशा और नए आरंभ का प्रतीक माना जाता है। इस अवसर पर गिरजाघरों को विशेष रूप से सजाया गया। और भजनों व प्रार्थनाओं के माध्यम से प्रभु की महिमा का गुणगान किया गया। ईस्टर के दिन एक विशेष परंपरा के तहत लोग अपने दिवंगत परिजनों को याद करने के लिए कब्रिस्तानों में भी पहुंचे।

## आंगनबाड़ी यूनियन (सीटू) के तीसरा जिला सम्मेलन में संतोषी अध्यक्ष, बेबी बनी सचिव

दश प्राण संवाददाता

**कोडरमा,05 अप्रैल :** झारखंड राज्य आंगनबाड़ी सेविका सहायिका यूनियन (सीटू) का तीसरा जिला सम्मेलन रविवार को साहू धर्मशाला में संपन्न हुआ। सम्मेलन की अध्यक्षता शोभा प्रसाद, विमला देवी और संतोषी देवी की तीन सदस्यीय अध्यक्ष मंडल ने किया। सम्मेलन का उदघाटन करते हुए सीटू के जिलाध्यक्ष प्रेम प्रकाश ने कहा कि सेविका सहायिका जितना काम करती है, उसका उचित मानदेय नहीं मिलता है, इसलिए संघर्ष ही रास्ता है। आंगनबाड़ी यूनियन की प्रदेश अध्यक्ष मीरा देवी ने कहा कि एफआरएस के नाम पर आंगनबाड़ी कार्यकताओं का शोषण हो रहा है. उनके मानदेय रोके जा रहे हैं जो बिल्कुल अन्याय है। कोडरमा से महिला एवं बाल विकास मंत्री होने के बावजूद सेविका की समस्याओं का समाधान नहीं हो रहा है। मुख्य वक्ता सीटू के राज्य सचिव संजय पासवान ने कहा कि केंद्र सरकार




अपने कॉरपोरेट पक्षीय एजेंडे को जारी रखते हुए मजदूरों को गुलाम बनाने वाली चार लेबर कोड को लागू करने पर आमदा है जिसका उद्देश्य आम जनता की बुनियादी लोकतांत्रिक और संवैधानिक अधिकारों पर रोक लगाकर जनवादी आंदोलनों को कुचलना है। आंगनबाड़ी में गैस सिलेंडर नहीं दिया जा रहा है जिससे बच्चों का पोषाहार बाधित हो सकता है। जिला प्रशासन को इस पर ध्यान देने की जरूरत है। सेविका सहायिकाओं की समस्याओं को लेकर आगे और तीखा आंदोलन के लिए हमें तैयार रहना होगा। इसके लिए हमे संगठन को मजबूत करना होगा। सम्मेलन के अंत में सर्वसम्मति से 31 सदस्यीय नई जिला कमिटी का चुनाव किया गया जिसमें संतोषी देवी अध्यक्ष, बेबी कुमारी सचिव, उर्मिला देवी कोषाध्यक्ष, शोभा प्रसाद, वर्षा रानी, विमला देवी व चिंतामणी देवी उपाध्यक्ष, मंजू मेहता, कुमारी अनामिका, दीपा, संध्या वर्णवाल व रेखा देवी संयुक्त सचिव के अलावा नीलम यादव, अर्चना देवी, सरिता, तर्रनुम प्रवीण, मुन्नी यादव, ललिता देवी, गंगोत्री सिन्हा, सुषमा देवी, संध्या कुमारी, कंचन देवी, रानी कुमारी, ललिता देवी आदि जिला कमिटी सदस्य चुने गए। सम्मेलन में जिले के सभी परियोजना से चुने हुए प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया।

## संक्षिप्त समाचार

### अग्निकांड में गरीब परिवार उजड़ा, 10 वर्षीय बच्ची गंभीर रूप से झुलसी

**गोड्डा 05 अप्रैल :** बसंतराय प्रखंड के केवाँ गांव में बीती रात भीषण आग लगने से एक घर पूरी तरह जलकर राख हो गया। मिली जानकारी के अनुसार, घटना के समय पीड़ित परिवार की पत्नी खेत में गेहूं की तैयारी के लिए गई हुई थीं, जबकि उनके छोटे-छोटे बच्चे घर में सो रहे थे। इसी दौरान अचानक घर में आग लग गई और देखते ही देखते आग ने पूरे घर को अपनी चपेट में ले लिया। बताया गया कि ग्रामीणों के शोर मचाने पर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और आग बुझाने का प्रयास करने लगे। बताया कि 10 वर्षीय बेटी शाहाना खातून घर के अंदर सो रही थी।

### अपराधियों के हौसले बुलंद, फायरिंग कर एक व्यक्ति को किया घायल

**गोड्डा 05 अप्रैल :** जिले में इन दिनों अपराधियों के हौसले बुलंद दिख रहे हैं और अपराधी खुलेआम पुलिस को चुनौती दे रहे हैं। जानकारी के मुताबिक शनिवार की देर शाम एक बाइक सवार युवक को अज्ञात हमलावरों ने गोली मार दी। यह घटना नगर थाना क्षेत्र के एनएच-133 पर गोपलाडीह गांव के पास हुई। बताया गया कि हमलावरों ने चार राउंड फायरिंग की, जिसमें एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक की पहचान गोड्डा के अमरपुर निवासी असगर अंसारी के रूप में हुई है, उन्हें पैर में गोली लगी है। जानकारी के मुताबिक असगर अपने साथी प्रेम टोला निवासी फुरकान के साथ मोटरसाइकिल से एनएच-133 से गुजर रहे थे तभी पीछे से आए तीन बाइक सवार हमलावरों ने उन पर फायरिंग कर दी। घटना की सूचना मिलते ही नगर थाना प्रभारी दिनेश महली अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए घायल असगर अंसारी को इलाज के लिए सदर अस्पताल, में भर्ती कराया। चिकित्सकों के अनुसार उनकी हालत फिलहाल स्थिर है। इस गोलीबारी की घटना से स्थानीय लोगों में दहशत का माहौल है। पुलिस घटनास्थल और आसपास के इलाकों में हमलावरों की पहचान के लिए जांच कर रही है।

# पुलिस की बड़ी सफलता, 76 फरार वारंटी हुआ गिरफ्तार

✦ पुलिस कप्तान निधि द्विवेदी के नेतृत्व में मजबूत टीम ने 76 वारंटियों को दस महीने में गिरफ्तार कर दिखाया

देश प्राण संवाददाता



**पाकुड़, 05 अप्रैल :** पुलिस विभाग के द्वारा विभिन्न थाना क्षेत्र अंतर्गत की गई इस सफल कार्रवाई में पुलिस कप्तान निधि द्विवेदी के नेतृत्व में मजबूत टीम ने 76 वारंटियों को दस महीने में गिरफ्तार कर दिखाया है। पुलिस कप्तान के आदेशों पर पालन करने वाले थाना प्रभारियों की अपनी ड्यूटी के प्रति ईमानदारी का परिचय दिया है। इधर पुलिस विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक पाकुड़ जिले के विभिन्न थाना क्षेत्र अंतर्गत दर्ज संवेदनशील एवं महत्वपूर्ण कांडों में लंबे समय से लंबित लाल वारंट और स्थाई वारंट के अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है।

एक जून 2025 से चार अप्रैल 2026 तक पुलिस की विशेष छापेमारी अभियान चला इसी विशेष छापेमारी अभियान के दौरान पाकुड़ पुलिस के द्वारा विगत साल के एक जून से इस साल के चार अप्रैल तक विभिन्न थाना क्षेत्र में दर्ज संवेदनशील और महत्वपूर्ण कांडों में लंबे समय से फरार चल रहे 76 वारंटी को गिरफ्तार किया गया है। इनमें लाल वारंट और स्थाई वारंट के अभियुक्तों की गिरफ्तारी शामिल है। जिन्हें गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

पाकुड़ जिला अंतर्गत जिन थाना क्षेत्र में लाल वारंट और स्थाई वारंट के अभियुक्तों की गिरफ्तारी हुई है। इस छापेमारी अभियान में सबसे ज्यादा गिरफ्तारी महेशपुर थाना की ओर से की गई है। जबकि पाकुड़ मुफस्सिल थाना वारंटियों की गिरफ्तारी के मामले में शानदार प्रदर्शन करते हुए दूसरे स्थान पर रहा है। पूरे जिले की बात करें तो महेशपुर थाना के द्वारा इस अवधि में 27 वारंटियों को गिरफ्तार किया गया है।

## सनातन घाट मामले पर प्रदीप यादव के पत्र पर संजय यादव का पलटवार



देश प्राण संवाददाता

**गोड्डा 05 अप्रैल :** कांग्रेस विधायक यादव द्वारा जिले के पथरगामा प्रखंड अंतर्गत गेरुआ नदी के सनातन घाट से अवैध बालू खनन का मामला उजागर किए जाने के बाद मामला अब राजनीतिक अखाड़ा बनने लगा है। हैरानी की बात यह है कि जिस मुद्दे पर भाजपा अक्सर मुखर रहती है, वहां वह खामोश है और सत्ता के सहयोगी दल ही आमने सामने आ गए है। कांग्रेस विधायक दल के नेता सह पोड़ैयाहाट विधायक प्रदीप यादव ने पथरगामा के सनातन घाट से हो रहे बालू के अवैध खनन पर रोक लगाने के लिए उपायुक्त को पत्र लिखकर आंदोलन की चेतावनी दी। पत्र सार्वजनिक होते ही राजद विधायक सह मंत्री संजय प्रसाद यादव ने तीखा पलटवार किया और मामला सीधे सियासी जंग में बदल गया है। मालूम हो कि विधायक प्रदीप यादव द्वारा सनातन घाट से पिछले 6 महीने से बालू के अवैध कारोबार की बात कहे जाने पर झारखंड के श्रम नियोजन मंत्री सह गोड्डा विधायक संजय प्रसाद यादव ने दावा किया है कि यह खेल 6 महीने से नहीं बल्कि पिछले कई वर्षों से चल रहा है। उन्होंने पुलिस पर सीधा गठजोड़ का आरोप लगाते हुए कहा कि उनका सीधा सवाल है कि अगर इतना बड़ा खेल था तो अब तक चुप्पी क्यों उन्होंने यह भी कहा कि पहले रात के अंधेरे में होता था, अब दिन में खुलेआम हो रहा है यानी सिस्टम पूरी तरह बेनकाब है। मंत्री संजय यादव ने आरोप लगाते हुए कहा कि खनिज संपदा का अवैध खेल सिर्फ सनातन घाट ही नहीं, बल्कि गोड्डा के हर इलाके पोड़ैयाहाट, महागामा विधान सभा क्षेत्र में जारी है।

## भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा सह प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया



देश प्राण संवाददाता

**साहिबगंज, 05 अप्रैल :** संवाददाता भारतीय संस्कृति, नैतिक मूल्यों एवं संस्कारों के संवर्धन के उद्देश्य से रविवार को भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा के सफल प्रतिभागियों के सम्मान में गायत्री शक्तिपीठ में एक भव्य प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं समाज के गणमान्य व्यक्तियों की उत्साहपूर्ण उपस्थिति रही। मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में मॉडल कॉलेज राजमहल, साहिबगंज के प्राचार्य डॉ. रणजीत कुमार सिंह उपस्थित रहे, जिनके प्रेरणादायी उद्बोधन ने विद्यार्थियों में नई ऊर्जा का संचार किया। जबकि मंच का संचालन कल्याण प्रसाद श्रीवास्तव द्वारा किया गया।

अपने वक्तव्य में डॉ. सिंह ने कहा कि सफलता प्राप्त करने के लिए विद्यार्थियों को निरंतर अध्ययन, प्रतिदिन कम से कम 8 घंटे का समर्पित प्रयास तथा स्पष्ट एवं निश्चित लक्ष्य निर्धारण अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने आधुनिक तकनीक के महत्व को रेखांकित करते हुए विद्यार्थियों को एआई आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को एक प्रभावी ट्यूटर के रूप में प्रयोग करने की सलाह दी, ताकि वे अपनी पढ़ाई को और अधिक सुदृढ़ एवं प्रभावी बना सकें। साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों को भारतीय ज्ञान परंपरा पर भी विशेष ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता पर बल दिया। आयोजकों ने बताया कि भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का मुख्य उद्देश्य नई पीढ़ी को अपनी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, परंपराओं एवं नैतिक मूल्यों से जोड़ना है, ताकि वे एक जिम्मेदार एवं संस्कारित नागरिक बन सकें। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन एवं राष्ट्रगान के साथ हुआ।

## खबर कोना

### रेलवे पोर्टिको से जीआरपी ने किया अज्ञात शव बरामद

**बरहरवा, 05 अप्रैल:** संवाददाता मालदा डिवीजन के बरहरवा रेलवे जंक्शन स्टेशन पोर्टिको से रेल थाना पुलिस ने रविवार को एक अज्ञात शव उम्र तकरीबन 55 वर्ष बरामद किया है। फिलहाल शव का शिनाख्त नहीं हो पाया है। मृतक फुलपैंट और सफेद रंग का हाफ गंजी पहने हुए है।लोगों की माने तो उक्त व्यक्ति पश्चिम बंगाल के हो सकते हैं, जो सब्जी वगैरह बेचकर रेलवे स्टेशन के आसपास अपनी जीविका का निर्वाहन कर रहे थे। वहीं स्थानीय लोगों के मुताबिक रविवार को अहले सुबह तकरीबन तीन बजे स्थानीय लोगों ने उन्हें चाय और बीड़ी पीते हुए भी देखा है, परंतु सुबह उक्त व्यक्ति रेलवे पोटीको स्थित शौचालय टंकी के ऊपर मृत अवस्था में पाया गया, वही आवश्यक कागजी प्रक्रिया के उपरांत जीआरपी थाना प्रभारी रामाशंकर प्रसाद के द्वारा शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम हेतु राजमहल भेज दिया है। रेल थाना प्रभारी रामाशंकर प्रसाद ने बताया कि पोस्टमार्टम के उपरांत शव की शिनाख्त हेतु शव तकरीबन 72 घंटे तक शीत गृह में रखे जाएंगे, ताकि पहचान के उपरांत शव परिजन को सौंपा जा सके, अन्यथा पहचान नहीं हो पाने पर विधिवत अंतिम संस्कार किया जाएगा। फिलहाल पुलिस यूड़ी केस दर्ज कर छानबीन कर रहे हैं।

### हर्षोल्लास के साथ की गई मां शीतला की पूजा अर्चना



**हिरणपुर , 05 अप्रैल :** हिरणपुर थानापाड़ा में स्थित मां शीतला की मन्दिर में रविवार को पूरे विधि-विधान व श्रद्धा के साथ धूमधाम से पूजा अर्चना की गई। पूजा को लेकर सुबह से ही श्रधालुओ की तांता लगा रहा , जहां पुरोहित सुजय पांडे ने यजमान मंटू साहा सपत्नीक की उपस्थिति में वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ की गई। इसके बाद पुरोहित द्वारा विधिपूर्वक मां शीतला की पूजा कराई गई, जिसमें श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर सहभागिता निभाई। पूजा के दौरान उपस्थित श्रद्धालुओं ने हवन में भाग लेकर अपने अपने परिवार की सुख-समृद्धि व क्षेत्र की खुशहाली की कामना की। पूरे आयोजन के दौरान भक्तों का उत्साह देखते ही बन रहा था। पूजा उपरांत श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण भी किया गया। पूजा को लेकर मन्दिर परिसर को विशेष रूप से सफाई किया गया था , जिससे की श्रधालुओ को कोई कठिनाई नही हो सके।इस अवसर पर बापी यादव,राजकीशोर वागती, प्रदीप आर्य, लक्ष्मण गुप्ता, मुकुंद महतो , बंटी चौधरी आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

### अनुदान रोकने के विरोध में महाविद्यालय कर्मियों ने शिक्षा सचिव का फूंका पुतला



**गोड्डा 05 अप्रैल :** ठाकुरगंगटी प्रखंड अंतर्गत रामेश्वर ठाकुर जनजाति महाविद्यालय, भतखोरिया परिसर में शनिवार को महाविद्यालय कर्मियों ने शिक्षा सचिव के खिलाफ जोरदार विरोध प्रदर्शन करते हुए उनका पुतला दहन किया। कर्मियों ने बताया कि यह विरोध प्रदर्शन वित्त रहित शिक्षा संयुक्त संघर्ष मोर्चा, झारखंड प्रदेश के आह्वान पर किया गया। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा बिना किसी ठोस कारण के महाविद्यालय के अनुदान पर रोक लगा दी गई है जो पूरी तरह गलत है। कर्मियों के अनुसार अनुदान के लिए सभी आवश्यक प्रक्रियाएं समय सीमा के भीतर पूरी कर ली गई थीं। ऑनलाइन प्रविष्टि के साथ-साथ परिषद के निदेशानुसार अनुदान से संबंधित सभी दस्तावेजों की हार्ड कॉपी भी समय पर परिषद कार्यालय में जमा की गई थी। साथ ही जैक द्वारा सभी प्रपत्रों को वैध मानते हुए प्रतिवेदन मानव संसाधन विभाग, झारखंड सरकार को भेजा गया था। इसके बावजूद वित्तीय वर्ष 2025-26 का अनुदान रोक दिया गया। इस निर्णय के खिलाफ महाविद्यालय कर्मियों में आक्रोश देखा गया। प्रदर्शन के दौरान कर्मियों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी की और चेतावनी दी कि यदि जल्द अनुदान जारी नहीं किया गया, तो आने वाले दिनों में और उग्र आंदोलन किया जाएगा। कर्मियों ने यह भी कहा कि महाविद्यालय का पूरा संचालन और कर्मचारियों के परिवारों का भरण-पोषण इसी अनुदान पर निर्भर है, इसलिए इसे रोकना अनुचित है। इस मौके पर नरेंद्र कुमार झा, वरुण कुमार पंडित, सत्येंद्र कुमार ईशर, हिमांशु रंजन, विनोद यादव,अमर कांत पाठक, संजय पंडित, मनोज झा, शंकर रविदास आदि उपस्थित थे।

## हर्षोल्लास पूर्वक मनाएंगे कार्यकर्ता भाजपा का 47 वां स्थापना दिवस, हुई प्रभारियों की नियुक्ति



देश प्राण संवाददाता

**बरहरवा, 05 अप्रैल:** भारतीय जनता पार्टी के 47 में स्थापना दिवस हर्षोल्लास पूर्वक मनाने को लेकर रविवार को भारतीय जनता पार्टी पतना मंडल अध्यक्ष कुणाल किशोर मंडल के द्वारा कार्यकताओं की आवश्यक बैठक आयोजित की गई । बैठक में प्रभारी के रूप में बापी निर्मल प्रसाद भी मौजूद रहे । इस दौरान उन्होंने बताया कि भारतीय जनता पार्टी की स्थापना दिवस सोमवार को होना है। इस बाबत पतना मंडल के कुल 13 शक्ति दकेंद्रों में प्रभारियों की नियुक्ति की गई। सभी प्रभारियों को निर्देशित किया गया है कि वे अपने-अपने क्षेत्र में बूथ अध्यक्ष, बूथ प्रभारी, शक्तिकेंद्र प्रभारी एवं मंडल के सभी ज्येष्ठ-श्रेष्ठ कार्यकताओं के साथ समन्वय स्थापित कर सभी अपने अपने घरों की छतों पर भारतीय जनता पार्टी का झंडा लगाएं तथा चौक-चौराहों पर भी पार्टी का झंडा बैनर लगाकर स्थापना दिवस को हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ मनाएं। बैठक में मुख्य रूप से मिथुन साहा , सोनिया देवी , रूपा देवी , संजय साह , राजेश कुमार मंडल , श्याम कुमार तुरी सहित दर्जनों कार्यकर्तागण शामिल थे ।

### टोटो पलटने से चालक सहित आठ लोग घायल

**लिट्टीपाड़ा,05 अप्रैल:** कुंजबोना मुख्य सड़क पर लब्दाघाटी के समीप रविवार को एक टोटो पलटने से चालक सहित कुल आठ लोग घायल हो गया। जानकारी के अनुसार पोडेयाहाट थाना क्षेत्र के बांसमुंडी गाँव में एक शादी समारोह के बाद एक टोटो में आठ लोग सवार होकर लिट्टीपाड़ा कुंजबोना के रास्ते लिट्टीपाड़ा थाना क्षेत्र के बड़पोखर अपने गांव लौट रहा था कि लब्दाघाटी ढलान पर तीन चक्का टोटो अनियंत्रित होकर पल्टी हो गया और खाई में जाने से बाल बाल बच गया । इस दुर्घटना में चालक सोयेल अंसारी( 40वर्ष) हिबजूल अंसारी (42वर्ष), फरजान बिबी( 30वर्ष) पोड़ैयाहाट थानाक्षेत्र के बांसमुंडी निवासी है जबकि अफसाना बिबी (35वर्ष) ,असीमा खातुन( 15वर्ष) ,अजीरा खातुन( 12 वर्ष) ,नजीरा खातुन( 10वर्ष) तथा आयान मियाँ (08 वर्ष ) लिट्टीपाड़ा थाना क्षेत्र के बिराजपुर निवासी सहित कुल आठ लोग घायल हो गया।

## चिप्स लोड हाईवा में लगी आग, चालक खलासी ने कूद कर बचाई अपनी जान



देश प्राण संवाददाता

**साहिबगंज, 05 अप्रैल :** संवाददाता साहिबगंज जिले के बोरियों तीन पहाड़ मुख्य मार्ग पर डुमरिया गांव के समीप रविवार को चिप्स लोड हाईवा में आग लग जाने से हाईवा जल गया। हालांकि हाईवा में मौजूद चालक व सह चालक कूद कर अपनी जान बचाने में सफल रहे। जानकारी के मुताबिक संबंधित हाईवा स्टोन चिप्स लोड कर बोरियों की ओर जा रहे थे, इसी दौरान केबिन से अचानक धुआं उठने लगा और देखते ही देखते आग ने पूरे हाईवा को अपनी चपेट में ले लिया। वही स्थानीय लोगों के द्वारा आग बुझाने को लेकर कई एक असफल प्रयास किए गए, परंतु प्रयास नाकाम रहा। वहीं जिसकी जानकारी अग्निशमन वाहन को दी गई, सूचना मिलने पर अग्निशमन वाहन के पहुंचने के उपरांत आग पर काबू पाया गया। उक्त घटना को लेकर जहां बोरियों तीन पहाड़ मुख्य मार्ग पर अफरा तफरी का माहौल हो गया।

## कांग्रेस का जन संवाद एवं एसआईआर प्रशिक्षण शिविर का आयोजन डॉ. विमल देव की अध्यक्षता में की गई

देश प्राण संवाददाता



**साहिबगंज, 05 अप्रैल :** मंडरो प्रखंड कांग्रेस कमेटी के द्वारा रविवार को जन संवाद कार्यक्रम सह एसआईआर प्रशिक्षण शिविर का आयोजन प्रखंड कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ. विमल देव भगत की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। मौके पर कांग्रेस जिला अध्यक्ष सह पाकुड़ विधायक प्रतिनिधि बरकतुल्लाह उर्फ बरकत खान मौजूद रहे।

इस दौरान कांग्रेस जिला अध्यक्ष बरकतुल्लाह उर्फ बरकत खान ने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आगामी झारखंड में होने वाले एसआईआर प्रक्रिया को लेकर पार्टी कार्यकताओं को जागरूक एवं प्रशिक्षित करना था। इस दौरान कांग्रेस पार्टी के प्रत्येक पंचायत स्तर पर कार्यरत बूथ लेवल एजेंट को विशेष रूप से प्रशिक्षित किया गया। प्रशिक्षण सत्र में बीएलए मास्टर ट्रेनर मुरसलीन खान एवं सरफराज आलम द्वारा उपस्थित कार्यकताओं को एस.आई.आर से संबंधित आवश्यक दिशा-निर्देश, प्रक्रिया एवं उनकी जिम्मेदारियों की विस्तृत जानकारी दी गई।अपने संबोधन में जिला अध्यक्ष बरकत खान ने कहा कि एस.आई.आर प्रक्रिया लोकतंत्र की मजबूती का अहम हिस्सा है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील किया है कि वे पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ अपने-अपने क्षेत्रों में जाकर मतदाताओं को जागरूक करें तथा उनकी हर संभव सहायता सुनिश्चित करें। उन्होंने यह भी कहा कि संगठन की मजबूती बूथ स्तर से ही तय होती है। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्रखंड अध्यक्ष डॉ. विमल देव भगत ने कहा कि इस तरह के प्रशिक्षण शिविर कार्यकताओं को सशक्त बनाने का माध्यम हैं। उन्होंने सभी बीएलए को निर्देश दिया कि वे प्रशिक्षण में प्राप्त जानकारी को गांव-गांव तक पहुंचाएं और हर जरूरतमंद व्यक्ति की मदद करें, ताकि कोई भी मतदाता अपने अधिकार से वंचित न रहे। मौके पर मुख्य रूप से अजीज अंसारी, निरंजन रॉय, नेहाल अख्तर, अब्दुल कादिर, हफीजुद्दीन अंसारी, लेविन टुडू, नासीर हुसैन, अख्तर अली,रहीम,श्याम सुन्दर सिंह, उषा देवी, सावित्री देवी, बुद्धदेव हेमब्रम, चिन्ता कुमारी, सूरजा पहाड़िया सहित अन्य मौजूद रहे।

## धूमधाम से मनाया गया बाहा पर्व, सरहुल एवं संताली साहित्य दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया

देश प्राण संवाददाता



**साहिबगंज, 05 अप्रैल :** संवाददाता साहिबगंज कॉलेज परिसर में रविवार को बाहा पर्व, सरहुल एवं संताली साहित्य दिवस का भव्य एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आदिवासी संस्कृति, परंपरा एवं साहित्य की समृद्ध विरासत की जीवंत झलक देखने को मिली, जिसने उपस्थित जनसमूह को गहराई से प्रभावित किया।कार्यक्रम का शुभारंभ पारंपरिक विधि-विधान एवं प्रकृति पूजन के साथ हुआ। इसके पश्चात विभिन्न कलाकारों द्वारा प्रस्तुत पारंपरिक संथाली लोकनृत्य, गीत एवं वाद्य यंत्रों की मनमोहक प्रस्तुति ने पूरे वातावरण को उत्सवमय बना दिया। रंग-बिरंगे पारंपरिक परिधानों में सजे कलाकारों की प्रस्तुति ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया और आदिवासी जीवनशैली की झलक प्रस्तुत की।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मॉडल कॉलेज राजमहल, साहिबगंज के प्राचार्य सह प्रसिद्ध भू-वैज्ञानिक डॉ. रणजीत कुमार सिंह रहे। उन्होंने अपने संबोधन में बाहा पर्व एवं सरहुल के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ये पर्व प्रकृति, पर्यावरण संरक्षण और सामुदायिक एकता के प्रतीक हैं। उन्होंने विशेष रूप से उल्लेख किया कि ह्लसंताली साहित्य समाज का दर्पण हैह्व, इसलिए इसके संरक्षण, संवर्धन एवं नई पीढ़ी तक इसके प्रभावी प्रसार पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है।इस अवसर पर वक्ताओं ने संताली साहित्य दिवस की प्रासंगिकता पर विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि वर्तमान समय में संताली भाषा एवं साहित्य को वैश्विक पहचान दिलाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि संताली साहित्य का विभिन्न भाषाओं में अनुवाद किया जा रहा है, जिससे इसकी व्यापक पहुँच सुनिश्चित हो रही है। साथ ही भारत सरकार के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा गया कि ओलचिकी लिपि के माध्यम से संताली भाषा को नई पहचान और मजबूती मिल रही है।कार्यक्रम में शिक्षक अतिथि के रूप में कमल किशोर जेराई भी उपस्थित रहे, जिन्होंने आयोजन की सराहना करते हुए इसे सांस्कृतिक संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल बताया। मौके पर मुख्य रूप से सचिव संदीप मुर्मू, अध्यक्ष श्रीलाल मुर्मू,मोहन हेम्ब्रम, विनोद मुर्मू, अनूप टुडू, बिट्टू टुडू, मुंशी मरांडी, तिलक हेम्ब्रम, अजय टुडू, मशी टुडू, जोसफ हेम्ब्रम, रेणु हेम्ब्रम, सिरील हेम्ब्रम, बालिका छात्रा हॉस्टल के नायकी सोनी मुर्मू, सिलू हेम्ब्रम सहित अन्य शामिल थे।

# आईपीएल 2026: लखनऊ ने दर्ज की पहली जीत, हैदराबाद को 5 विकेट से हराया



**हैदराबाद, 05 अप्रैल (हि.स.) :** इंडियन प्रीमियर लीग 2026 के 10वें मुकाबले में लखनऊ सुपर जाएंट्स ने सनराइजर्स हैदराबाद को पांच विकेट से हराकर टूनार्मेंट में अपनी पहली जीत दर्ज की।

हैदराबाद के राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में खेले गए मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए सनराइजर्स हैदराबाद ने 20 ओवर में 9 विकेट पर 156 रन बनाए। जवाब में लखनऊ ने कप्तान ऋषभ पंत की नाबाद 68 रनों की शानदार पारी की बदौलत 19.5 ओवर में 5 विकेट खोकर 160 रन बनाते हुए मैच अपने नाम कर लिया। यह लखनऊ की इस सीजन की पहली जीत है, जबकि हैदराबाद को तीन मैचों में दूसरी हार का सामना करना पड़ा।

157 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए लखनऊ को मिचेल मार्श और एडेन मार्करम ने तेज शुरूआत दिलाई। दोनों ने शुरूआती चार ओवर में 33 रन जोड़े। मार्श 14 रन बनाकर आउट हुए, जबकि मार्करम ने 27 गेंदों पर छह चौके और दो छक्कों की मदद से 45 रनों की आकर्षक पारी खेली। मध्यक्रम में आयुष बदोनी (12), निकोलस पूरन (1) और अब्दुल समद (16) जल्दी आउट हो गए, लेकिन दूसरे छोर पर पंत डटे रहे। उन्होंने 50 गेंदों में 9 चौकों की मदद से नाबाद 68 रन बनाकर टीम को जीत तक पहुंचाया। हैदराबाद की ओर से हर्ष दुबे ने दो विकेट लिए, जबकि ईशान मलिंगा और शिवांग कुमार को एक-एक विकेट मिला।

इससे पहले सनराइजर्स की शुरूआत खराब रही, लेकिन हेनरिच क्लासेन और नीतीश रेड्डी ने पांचवें विकेट के लिए 116 रनों की महत्वपूर्ण साझेदारी कर टीम को संभाला। क्लासेन ने 41 गेंदों पर 62 रन (5 चौके, 2 छक्के) बनाए, जबकि नीतीश रेड्डी ने 33 गेंदों पर 56 रन (3 चौके, 5 छक्के) की तेज पारी खेली। इनके अलावा कोई भी बल्लेबाज बड़ी पारी नहीं खेल सका। लखनऊ की ओर से मोहम्मद शमी, प्रिंस यादव और आवेश खान ने दो-दो विकेट लिए, जबकि दिग्वेश राठी और मणिरमन सिद्धार्थ को एक-एक सफलता मिली।

## सचिवालय सुपर लीग में सचिवालय विंग और सुपर किंग्स ने दर्ज की जीत



**देहरादून, 05 अप्रैल (हि.स.) :** देहरादून के रायपुर स्थित महाराणा प्रताप क्रिकेट ग्राउंड में शनिवार को सचिवालय सुपर लीग 2026 के दो मैच खेले गए। पहले मैच में सचिवालय विंग्स और दूसरे मैच में सचिवालय सुपर किंग्स ने जीत दर्ज की। सचिवालय विंग्स और सचिवालय लायंस के बीच खेले गए मैच में विंग्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 06 विकेट पर कुल 180 रन बनाए। देवेंद्र सिंह रावल ने 75 रन बनाए। मदन और प्रमोद ने 02-02 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करते हुए लायंस 4 विकेट पर 161 रन ही बना सकी। मदन ने सर्वाधिक 66 रन बनाए। संजय जोशी ने 02 विकेट लिए। इस तरह सचिवालय विंग्स ने यह मैच 19 रन से जीत लिया। मैन ऑफ द मैच देवेंद्र रावल को दिया गया। दिन का दूसरा मैच सचिवालय सुपर किंग्स और सचिवालय राइजिंग के बीच खेला गया। सचिवालय राइजिंग ने पहले बल्लेबाजी करते हुए मात्र 84 रन बनाए, अमित सतवाल ने सर्वाधिक 28 रन बनाए। नरेश ने 06 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी सुपर किंग्स की टीम ने 10 ओवर में 05 विकेट खोकर लक्ष्य प्राप्त कर लिया। अमित तोमर ने सर्वाधिक 48 रन बनाए। राकेश जोशी ने 05 विकेट लिए।

इस तरह सुपरकिंग्स ने मैच 05 विकेट से जीत लिया। मैन ऑफ द मैच नरेश को दिया गया।

## खबरकोना

### झारखंड बालक एवं बालिका मलखंब टीम ने कांस्य पदक जीतकर रचा नया इतिहास



**रांची :** प्रथम खेलों इंडिया जनजाति गेम्स-2026 में झारखंड के बालक एवं बालिका मलखंब टीम ने ओवरऑल रैंकिंग में दोहरा खिताब के साथ तृतीय स्थान यानि कांस्य पदक जीतकर नया इतिहास रचा। यह प्रतियोगिता अंबिकापुर , सरगुजा के गांधी स्टेडियम (छत्तीसगढ़) में 2 अप्रैल से 4 अप्रैल 2026 तक आयोजित हुई झारखंड बालक-बालिका मलखंब टीम दोहरा खिताब के साथ कांस्य पदक प्राप्त कर चमचमाता ट्रॉफी पर कब्जा जमा कर नया इतिहास रचा। झारखंड बालिका टीम की ओर से कप्तान हंसिका कुमारी, उपकप्तान सीमा कुमारी, भूमिका कुमारी, अदिति कुमारी, चंदना कुमारी एवं वर्षा कुमारी तथा बालक वर्ग में कप्तान रोहन कुमार, उपकप्तान आर्यन लोहरा, सत्यवीर कुमार, रणवीर कुमार, अरूण कुमार एवं अनमोल बाखला ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर झारखंड टीम ने कांस्य पदक पर कब्जा जमाया । इस शानदार उपलब्धि पर झारखंड राज्य मलखंब एसोसिएशन के अध्यक्ष जगदीश सिंह जग्गू, झारखंड राज्य मलखंब एसोसिएशन के महासचिव डॉ॰ अजय झा, राज्य संघ के उपाध्यक्ष विवेक कुमार, संयुक्त सचिव नीतीश कुमार साहू, संरक्षक सजल बनर्जी, सुपर स्पीड खो-खो राज्य संघ के कार्यकारी अध्यक्ष भरत कुमार, कोषाध्यक्ष सहजाद कुरैशी, वरीय उपाध्यक्ष आशुतोष द्विवेदी, वरीय उपाध्यक्ष श्रीमती एकता झा, उपाध्यक्ष अखिलेश्वर उपाध्याय, उपाध्यक्ष मुकेश कुमार, उपाध्यक्ष सूरज पांडे, संयुक्त सचिव चंद्रकांत लाल, संयुक्त सचिव कुश कुमार साहू, वरीय प्रशिक्षक संजय कुमार, शुभम सिंह, सरिता कुमारी, निखिल कुमार, अभिषेक कुमार, दिव्या रानी गुप्ता, वेद प्रकाश तिवारी, श्रीमती खुशबू कुमारी, प्रशिक्षक गंभीर कुमार, श्रीमती रिया कुमारी, राहुल कुमार, श्रीकांत कुमार, दीपक मराण्डी, हेमन्त मंराण्डी, उमाकान्त उराँव, विराट कच्छप एवं कई गणमान्य लोगों ने इस सफलता के लिए झारखंड टीम के सभी सदस्यों को बहुत बहुत बधाई और शुभकामनाएं दी।

### सब जूनियर महिला हॉकी: उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, पंजाब, उत्तराखंड, असम और महाराष्ट्र ने दर्ज की जीत



**रांची, 05 अप्रैल (हि.स.) :** झारखंड के रांची में आयोजित 16वीं हॉकी इंडिया सब जूनियर महिला राष्ट्रीय चैम्पियनशिप के पांचवें दिन रविवार को उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, उत्तराखंड, असम, पंजाब और महाराष्ट्र ने अपने-अपने मैचों में जीत दर्ज की। दिन की शुरूआत पूल डी, डिवीजन ए के एक मैच से हुई, जिसमें उत्तर प्रदेश हॉकी ने छत्तीसगढ़ हॉकी को 5-1 से हराया। कप्तान एरिका (7वें मिनट, 57वें मिनट) और राशि सिंह (35वें मिनट, 49वें मिनट) ने दो - दो गोल दागे। ममता कुमारी (35वें मिनट) ने एक गोल किया। छत्तीसगढ़ हॉकी की ओर से रिया खलखो (50वें मिनट) ने मैच का एकमात्र गोल दागा। इसी डिवीजन में, पूल सी के एक मैच में हॉकी मध्य प्रदेश ने मणिपुर हॉकी को 6-3 से हराया। नाज नौशीन (12वें, 33वें और 60वें मिनट) ने हैट्रिक लगाई, जबकि भाविका (15वें और 22वें मिनट) ने दो गोल दागे। हॉकी मध्य प्रदेश के लिए यादव जागृति (56वें मिनट) ने भी एक गोल किया। मणिपुर हॉकी के लिए सेराम मेनथोई चानू (23वें और 38वें मिनट) ने दो गोल किए, जबकि चानू खारिबम शखेनबी (40वें मिनट) ने तीसरा गोल दागा। दिन में बाद में, डिवीजन 'बी', पूल बी के एक मैच में हॉकी उत्तराखंड ने हॉकी गुजरात को 9-2 से हरा दिया। मीनाक्षी (5वें, 20वें, 34वें, 37वें, 47वें मिनट) ने पांच गोल करके शानदार प्रदर्शन किया, जबकि करीना (5वें, 41वें मिनट) ने दो गोल दागे। हॉकी उत्तराखंड की ओर से देवयानी (22वें) और रिया (54वें मिनट) ने भी गोल किए। हॉकी गुजरात की ओर से कप्तान परमार (29 वें मिनट) और कृष्णा घीवाला (55वें मिनट) ने गोल दागे। इसी डिवीजन में, पूल ए के एक मैच में असम हॉकी ने हॉकी बंगाल को 3-2 से हराया। असम हॉकी की ओर से एक्का ज्योत्शना (22वें और 53वें मिनट में) ने दो गोल दागे, वहीं तनु यादव (29वें मिनट में) ने भी एक गोल किया। हॉकी बंगाल की ओर से खातून कुओशीष (9वें और 12वें मिनट में) ने दोनों गोल किए। डिवीजन ए, पूल बी के एक मैच में हॉकी पंजाब ने हॉकी आंध्र प्रदेश को 2-0 से हराया। रश्मीन कौर (37वें मिनट) और जरमनप्रीत कौर (56वें मिनट) ने हॉकी पंजाब के लिए गोल किए। ए डिवीजन के दिन के अंतिम मैच में हॉकी महाराष्ट्र ने हॉकी बिहार पर 3-0 से जीत दर्ज की। पूर्वा दुपारे (8वें मिनट) ने पहला गोल किया, जबकि अवनी रावत (49वें और 59वें मिनट) ने दो गोल करके जीत को सुनिश्चित किया।

## बालक वर्ग में चंपावत और बालिका वर्ग में पिथौरागढ़ बना चैंपियन

**हरिद्वार, 05 अप्रैल (हि.स) :** उत्तराखंड बॉक्सिंग एसोसिएशन के तत्वावधान में योगस्थली स्पोटर्स स्टेडियम रोशनाबाद में चल रही राज्य स्तरीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता का रविवार को समापन हो गया। प्रतियोगिता में बालक वर्ग में चंपावत की टीम विजेता और बालिका वर्ग में पिथौरागढ़ विजेता बना। राज्य की खेल मंत्री रेखा आर्य ने विजेता और उपविजेता टीमों को ट्राफी प्रदान की। प्रतियोगिता के बेस्ट बॉक्सर का खिताब चंपावत राहुल एवं बेस्ट प्रमोशन बॉक्सर का खिताब पिथौरागढ़ के समक्षचंद ने जीता। रविवार को बॉक्सिंग प्रतियोगिता के बालक वर्ग के फाइनल में चंपावत की टीम विजेता रही और नैनीताल की टीम उपविजेता रही।इसके अलावा बालिका वर्ग में पिथौरागढ़ विजेता और स्पोर्टस हॉस्टल पिथौरागढ़ उपविजेता रहे। समापन समारोह में खेल मंत्री रेखा

आर्य ने प्रतियोगिता के विजेता और उपविजेता टीमों को ट्रॉफी सौंपी। इस मौके पर खेल मंत्री रेखा आर्य ने कहा कि प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने बेहतर प्रदर्शन किया। राज्य में लगातार आयोजित हो रहीं खेल प्रतियोगिताओं से खिलाड़ियों को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर आगे बढ़ने के अवसर मिल रहे हैं। उन्होंने कहा कि लोहाघाट में स्पोर्टस कालेज निर्माण की प्रक्रिया गतिमान है। इसके अलावा गर्ल्स स्पोर्टस कालेज का निर्माण भी किया जा रहा है। बालिकाओं के लिए खेलों में आने वाला समय बेहतर होगा। राज्य सरकार की खेलों को बढ़ावा देने की नीति के चलते हर घर में एक एथलीट होगा।

कार्यक्रम में हरिद्वार बॉक्सिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. विशाल गर्ग ने कहा कि प्रतियोगिता में राज्य के 13 जनपदों के खिलाड़ी शामिल हुए और शानदार खेल का प्रदर्शन किया।

## फिट इंडिया संडेज ऑन साइकिल में 800 से ज्यादा प्रतिभागियों ने दिखाया फिटनेस का जोश

**नई दिल्ली, 05 अप्रैल (हि.स.) :** नई दिल्ली के डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्विमिंग पूल कॉम्प्लेक्स में शनिवार को फिट इंडिया संडेज ऑन साइकिल के 68वें संस्करण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में 800 से अधिक प्रतिभागियों ने विभिन्न फिटनेस जोन्स में हिस्सा लिया। इन गतिविधि जोन्स में बैडमिंटन, टेबल टेनिस, क्रिकेट, रस्साकशी, योग, स्किपिंग चैलेंज और कैरम, लूडो व सांप-सीढ़ी जैसे पारंपरिक खेल शामिल थे।




कार्यक्रम में शामिल दिल्ली की निवासी रितु शर्मा ने कहा कि मैं यहां सिर्फ साइकिल चलाने आई थी, लेकिन यह तो एक पूरा फिटनेस फेस्टिवल जैसा लग रहा है। मेरे बच्चे बैडमिंटन और टेबल टेनिस खेल रहे हैं, जबकि मैं योग कर रही हूं। यहां हर किसी के लिए कुछ न कुछ है।

एक अन्य प्रतिभागी जस्मीत चंदोक ने कहा कि यहां का माहौल अद्भुत है। संगीत, खेल और साइक्लिंग–सब मिलकर इसे विश्व स्वास्थ्य दिवस के उत्सव जैसा बना देते हैं। इस आयोजन की खास बात यह रही कि स्वास्थ्य क्षेत्र से जुड़े लोगों ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन और इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी जैसे संगठनों ने विशेष भागीदार के रूप में हिस्सा लिया। कार्यक्रम में जुम्बा, योग और रस्सी कूद जैसे ऊर्जावान सत्रों ने वातावरण को जीवंत बना दिया। इस अवसर पर पूर्व क्रिकेटर परविंदर अवाना, पावरलिफ्टिंग गुरु मुकेश गहलोत और पैरालंपियन पुष्पेंद्र सिंह सहित कई विशिष्ट अतिथि और फिटनेस इन्फ्लुएंसर मौजूद रहे।

परविंदर अवाना ने कहा कि यह सिर्फ रविवार तक सीमित नहीं रहना चाहिए, इसे रोज की आदत बनाना चाहिए। मुकेश गहलोत ने कहा कि कई वर्षों बाद यह एक नया अनुभव रहा और मुझे बहुत अच्छा लगा। पुष्पेंद्र सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की यह पहल हमारे जीवन में अपनाने के लिए सबसे बेहतरीन है।

एक युवा डॉक्टर ने कहा कि साथियों के साथ साइक्लिंग करना अस्पताल के बाहर एक उत्सव जैसा अनुभव था, जबकि एक नर्सिंग छात्रा ने इसे याद दिलाने वाला पल बताया कि दूसरों की देखभाल से पहले खुद की देखभाल जरूरी है। इस अवसर पर रहगिरी फाउंडेशन ने एक नुक्कड़ नाटक भी प्रस्तुत किया, जिसमें सक्रिय जीवनशैली और सुरक्षित सार्वजनिक स्थानों के महत्व को दर्शाया गया।

## एमडीयू रोहतक बना चैंपियन, लवली यूनिवर्सिटी उपविजेता

**सिरसा, 05 अप्रैल (हि.स.) :** चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय सिरसा में आयोजित चार दिवसीय नॉर्थ जोन इंटर यूनिवर्सिटी महिला खो-खो प्रतियोगिता में महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक प्रथम रहा, जबकि लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी ने द्वितीय स्थान हासिल किया। प्रतियोगिता का रविवार को समापन हुआ और भारतीय शिक्षण मंडल के अखिल भारतीय संगठन मंत्री बीआर शंकरानंद ने विजेताओं को पुरस्कार भेंट किए। इस प्रतियोगिता में 33 टीमों ने भाग लिया तथा चार दिनों में 47 मुकाबले खेले गए। प्रतियोगिता के अंतिम दिन खेले गए लीग मैचों के परिणामों के आधार पर महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक ने प्रथम स्थान, लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी ने द्वितीय स्थान, पंजाब विश्वविद्यालय चंडीगढ़ ने तृतीय स्थान तथा मेजबान सीडीएलयू सिरसा की टीम ने चतुर्थ स्थान प्राप्त किया।



खिलाडिओं को संबोधित करते हुए शंकरानंद ने कहा कि खेल न केवल शारीरिक विकास का माध्यम है, बल्कि अनुशासन, टीम भावना और नेतृत्व क्षमता को भी विकसित करता है। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को खेल भावना के साथ निरंतर आगे बढ? के लिए प्रेरित किया। सीडीएलयू के कुलपति प्रो. विजय कुमार ने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और प्रतिस्पर्धात्मक भावना को बढ़ाती हैं। उन्होंने सभी विजेता एवं प्रतिभागी टीमों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस मौके पर सीडीएलयू के कुलसचिव डॉ. सुनील कुमार, डॉ. पल्लवी राय, स्पोर्ट्स काउंसिल की अध्यक्ष प्रो. मोनिका वर्मा, अंतरराष्ट्रीय खो-खो खिलाड़ी मीनू जून, ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी ऑब्जर्वर प्रो. रविंदर पाल अहलावत, प्रो. अशोक मलिक, प्रो. अशोक शर्मा, प्रो. ईश्वर मलिक, डॉ. सविता ढांडा, कोच हंसराम सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## समैस प्वाइंट बैडमिंटन एकेडमी का भव्य शुभारंभ 10 अप्रैल को

**सीवान, 05 अप्रैल (हि.स.) :** शहर के ललन कॉम्प्लेक्स स्थित यूको बैंक एटीएम के सामने समैस प्वाइंट बैडमिंटन एकेडमी का भव्य शुभारंभ 10 अप्रैल को होगा। इस कार्यक्रम का उद्घाटन दरौंदा विधायक कर्णजीत सिंह उर्फ व्यास सिंह एवं जिलाधिकारी विवेक रंजन मैत्रेय द्वारा संयुक्त रूप से किया जाएगा।

एकेडमी के डायरेक्टर पवन कुमार सिंह उर्फ गुड्डू जी ने रविवार को आयोजित प्रेस वार्ता में इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ह्खेले सीवानझबढ़े सीवानह्व के संकल्प के साथ इस आधुनिक खेल केंद्र की स्थापना की गई है, जिसका उद्देश्य स्थानीय खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर की सुविधाएं उपलब्ध कराना है।



उन्होंने कहा कि अब सीवान के खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण के लिए बड़े शहरों का रुख नहीं करना पड़ेगा। एकेडमी में विश्वस्तरीय इंफ्रास्ट्रक्चर और वैज्ञानिक प्रशिक्षण की सुविधा देकर खिलाड़ियों को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के लिए तैयार किया जाएगा।

एकेडमी में बैडमिंटन के लिए इंटरनेशनल मानक के अनुरूप क्लास मैट और सिंथेटिक कोर्ट तैयार किए गए हैं। साथ ही, नेशनल और इंटरनेशनल स्तर के अनुभवी कोचों द्वारा प्रोफेशनल ट्रेनिंग दी जाएगी। सुरक्षा के दृष्टिकोण से लड़के और लड़कियों के लिए अलग-अलग चेंजिंग रूम और बाथरूम की व्यवस्था की गई है। इसके अलावा परिसर में आधुनिक जिम, गटिंग मशीन और स्पोर्ट्स किट की सुविधा भी उपलब्ध होगी। खिलाड़ियों को जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर के टूनार्मेंट में भाग लेने का अवसर प्रदान किया जाएगा।

शुल्क के रूप में ओपनिंग ऑफर के तहत जनरल मेंबरशिप 2000 रुपये की जगह 1500 रुपये प्रति माह निर्धारित की गई है, जबकि छात्रों के लिए विशेष रियायत के साथ मात्र 1000 रुपये प्रति माह शुल्क रखा गया है।

## राजस्थान के खिलाफ हार के बाद राशिद बोले, गलतियों से सीखकर मजबूत वापसी करेंगे

**अहमदाबाद, 05 अप्रैल (हि.स.) :** गुजरात टाइटन्स के कार्यवाहक कप्तान राशिद खान ने शनिवार को राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग मुकाबले में लगातार दूसरी हार पर निराशा जताई। उन्होंने कहा कि बीच के ओवरों में लगातार विकेट गिरने से टीम की लय टूट गई। राशिद ने यह भी कहा कि टूनार्मेंट अभी शुरूआती दौर में है और टीम अपनी गलतियों से सीखकर अगले मैच में मजबूत वापसी करेगी।

नियमित कप्तान शुभमन गिल मांसपेशियों में खिंचाव के कारण इस मैच में नहीं खेल पाए, उनकी जगह राशिद खान ने टीम की कमान संभाली।

मैच के बाद राशिद ने कहा कि हमने अच्छी गेंदबाजी की, खासकर जिस तरह उन्होंने शुरूआत की थी, उसके बावजूद उन्हें लगभग 210 के अंदर रोकना एक बेहतरीन प्रयास था। फिर हमने बल्लेबाजी में भी अच्छी शुरूआत की। ऊपरी क्रम के बल्लेबाजों ने हमें बेहतरीन शुरूआत दी। लेकिन 12वें और 13वें ओवर में हमने



लगातार विकेट खो दिए। इससे हमने मैच में लय खो दिया।

मुझे लगता है कि इस तरह की विकेट पर 9-10 रन प्रति ओवर बनाना कोई बहुत मुश्किल काम नहीं है। लेकिन उस समय हम थोड़ी लय खो बैठे और लंबे समय तक आक्रामक नहीं खेल पाए। इस विकेट पर बाउंड्री आसानी से मिल रही थीं, लेकिन उस दौरान जल्दी-जल्दी विकेट गिरने से हम अंत तक लय बनाए नहीं रख सके।

आखिरी ओवर को लेकर राशिद ने कहा कि हमें बस एक बाउंड्री चाहिए थी। अगर वो मिल जाती, तो ज्यादा बाउंड्री की जरूरत नहीं रहती। लेकिन तुषार ने बहुत अच्छी गेंदबाजी की। उन्होंने कुछ बेहतरीन यॉर्कर डाले, जिससे हमें मौका नहीं मिला।

मैच की बात करें, तो अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में राजस्थान रॉयल्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 6 विकेट पर 210 रन बनाए। यशस्वी जायसवाल (55) और ध्रुव जुरेल (75) ने अर्धशतक जमाए, जबकि वैभव रघुवंशी ने 31 रन की तेज पारी खेली।

जवाब में गुजरात टाइटन्स की शुरूआत अच्छी रही। साई सुदर्शन ने 73 रनों की शानदार पारी खेली, लेकिन मध्यक्रम में ग्लेन फिलिप्स (3), वाशिंगटन सुंदर (4), राहुल तेवतिया (12) और शाहरुख खान (11) के विकेट जल्दी गिर गए।

अंत में राशिद खान (24) और कगिसो रबाडा (नाबाद 23) ने तेज रन बनाकर मैच को रोमांचक बना दिया। आखिरी ओवर में गुजरात को जीत के लिए 11 रन बनाने थे, लेकिन वह 4 रन ही बना सकी। इस तरह टीम 20 ओवर में 8 विकेट पर 204 रन तक ही पहुंच पाई और 6 रन से मुकाबला हार गई। गुजरात का अगला मैच दिल्ली केपिटल्स से होगा।

## बेन स्टोक्स का खिलाड़ियों को संदेश- काउंटी में प्रदर्शन से बनाएं चयन का रास्ता

**नई दिल्ली, 05 अप्रैल (हि.स.) :** इंग्लैंड टेस्ट टीम के कप्तान बेन स्टोक्स ने खिलाड़ियों से चल रहे काउंटी चैंपियनशिप सीजन में इंग्लैंड टीम में जगह पाने के लिए अपना दावा मजबूत करने का आग्रह किया है।

इंग्लैंड की टीम एक बहुप्रतीक्षित घरेलू सीजन की तैयारी कर रही है। ऐसे में टेस्ट कप्तान बेन स्टोक्स ने कहा है कि मौजूदा घरेलू रेड-बॉल सीजन खिलाड़ियों के लिए राष्ट्रीय टीम में चयन का रास्ता है।

आईसीसी के अनुसार स्टोक्स ने काउंटी चैंपियनशिप के बारे में कहा कि मुझे लगता है कि यह देश भर के खिलाड़ियों के लिए एक शानदार मौका है। उन्होंने कहा कि जब हम ऑस्ट्रेलिया में थे, उसी समय लायंस टीम भी वहां थी, तो आप देख सकते हैं कि उस सिस्टम से कौन-कौन से खिलाड़ी उभरकर आ रहे हैं। स्टोक्स ने कहा कि इंग्लैंड में जो प्रतिभा है,



उस पर कोई सवाल नहीं उठाया जा सकता है। हमारे पास खिलाड़ियों का जो पूल है, जो प्रतिभा है, वह शायद लंबे समय में सबसे मजबूत है।

स्टोक्स के काउंटी चैम्पियनशिप में डरहम के लिए खेलने की उम्मीद थी, लेकिन वह फिलहाल टूटी हुई गाल की हड्डी से उबर रहे हैं, जो उन्हें फरवरी में नेट प्रैक्टिस के दौरान लगी थी। इंग्लैंड के इस ऑलराउंडर के मई तक मैदान पर वापसी करने की उम्मीद है। उन्होंने आगे कहा कि चैंपियनशिप के पहले छह-सात हफ्ते बहुत महत्वपूर्ण होने वाले हैं। खिलाड़ियों को इसे एक अवसर के रूप में लेना चाहिए और चयन के लिए अपना दावा जितना मजबूत हो सके, उतना मजबूत करना चाहिए। जब हम चयन के लिए बैठें, तब तक वे खुद को सबसे अच्छे मौके की स्थिति में रखें। 34 वर्षीय स्टोक्स ने आखिरी बार जनवरी में इंग्लैंड के लिए खेला था, जब टीम को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एशेज सीरीज में 4-1 से हार का सामना करना पड़ा था। घरेलू मैदान पर इंग्लैंड जून में न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन मैचों की टेस्ट श्रृंखला खेलेगी।

**संक्षिप्त समाचार**

### एलपीजी आपूर्ति पर प्रशासन सख्त, 24 गैस एजेंसियों की जांच

**सुपौल :** जिले में एलपीजी स की आपूर्ति व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। शनिवार तक जिले की कुल 51 गैस एजेंसियों में से 24 एजेंसियों की जांच की गई, जबकि 23 होटलों व अन्य प्रतिष्ठानों पर भी छापेमारी की गई। जिलाधिकारी सावन कुमार ने किशनपुर स्थित देवन एच.पी. गैस एजेंसी की वितरण व्यवस्था का निरीक्षण किया और शत-प्रतिशत होम डिलीवरी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। वहीं विभिन्न प्रखंडों के प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारियों ने माँ शारदा एच.पी. गैस एजेंसी सरायगढ़-भपटियाही, सुमित्रा एच.पी. त्रिवेणीगंज और गणपति एच.पी. सिमराही की वितरण व्यवस्था का भी निरीक्षण किया। प्रशासन के अनुसार होम डिलीवरी सेवा शुरू होने के बाद उपभोक्ताओं को काफी राहत मिली है और अब सभी 51 एजेंसियों के लाभुकों को घर तक गैस सिलेंडर उपलब्ध कराया जा रहा है। बताया गया कि पश्चिम एशिया में चल रहे युद्ध के कारण एलपीजी और अन्य पेट्रोलियम पदार्थों की आपूर्ति प्रभावित होने की आशंका को देखते हुए प्रशासन सतर्क है।

**मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने विकास कार्यों का किया निरीक्षण, आवश्यक दिशा - निर्देश दिए**

# सीएम ने वाल्मीकिनगर में योजनाओं का किया उद्घाटन

**✦निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को बताया कि दोन नहर शाखा सेवा पथ के पुनर्स्थापन का कार्य लगभग 80 प्रतिशत पूरा हो गया**

देश प्राण संववाददाता



**पटना, 05 अप्रैल :** नीतीश कुमार ने आज पश्चिम चम्पारण जिले के वाल्मीकिनगर में विभिन्न योजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। साथ ही कई विकास कार्यों का निरीक्षण किया और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिया।

मुख्यमंत्री ने वाल्मीकिनगर के दोन नहर शाखा सेवा पथ के पुनर्स्थापन कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को बताया कि दोन नहर शाखा सेवा पथ के पुनर्स्थापन का कार्य लगभग 80 प्रतिशत पूरा हो गया है। नहर के तटबंध पर बने सड़क का पक्कीकरण कराया गया है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुये कहा कि इसे जल्द पूर्ण करें। सिंचाई हेतु यह नहर काफी उपयोगी है।

इस नहर से बड़ी संख्या में किसानों को लाभ होगा। सरकार किसानों के हित में लगातार काम कर रही है। मुख्यमंत्री ने गंडक बांध जलाशय के सामने लव-कुश ईको टुरिज्म पार्क के निर्माण कार्य का जायजा लिया और वहां उपलब्ध करायी जा रही सुविधाओं की जानकारी ली। साइट प्लान के माध्यम से अधिकारियों ने लव-कुश ईको टुरिज्म पार्क में निर्माण कराये जा रहे विभिन्न भागों के संबंध में मुख्यमंत्री को जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने जल संसाधन विभाग के अतिथि भवन तथा वाल्मीकिनगर ईको पार्क का भी भ्रमण किया। मुख्यमंत्री ने गंडक बराज पहुंचकर वहां की स्थिति का जायजा लिया। मुख्यमंत्री ने वाल्मीकि सभागार परिसर से 'ईको पर्यटन केन्द्र वाल्मीकिनगर, प्रमण्डल दो, वाल्मीकि व्याघ्र आरक्ष्य का शिलापट्ट अनावरण कर शिलान्यास किया।

साथ ही मुख्यमंत्री ने गिद्ध संरक्षण केन्द्र, गोनौली एवं चिउटाहां का उद्घाटन किया। इसके पश्चात मुख्यमंत्री ने जंगल सफारी वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि इससे यहां आने वाले पर्यटकों को जंगल भ्रमण में काफी सुविधा होगी। वाल्मीकिनगर को ईको पर्यटक स्थल के रूप में विकसित किया जा रहा है। पर्यटन को बढ़ावा देने के लिये सरकार द्वारा कई विकासात्मक कार्य कराये गये हैं।

कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी, जल संसाधन मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी, सांसद श्री सुनील कुमार, कुमार, विधायक श्री नंदकिशोर राम, विधायक श्री राम सिंह, विधायक श्री विनय बिहारी, विधायक श्री समृद्ध वर्मा, विधान पार्षद श्री भीष्म सहनी, पूर्व विधायक श्री धीरेन्द्र प्रताप सिंह उर्फ रिंकू सिंह, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के अपर मुख्य सचिव श्री आनंद किशोर, जल संसाधन विभाग के प्रधान सचिव श्री संतोष कुमार मल्ल, मुख्यमंत्री के सचिव श्री कुमार रवि, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह, सचिव श्री नीलेश रामचन्द्र देवरे आदि मौजूद रहे।

## नवादा में सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने वाली घटना में प्रशासन की विफलता उजागर हुई : राजद

देश प्राण संवाददाता



**पटना, 05 अप्रैल :** प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल के द्वारा नवादा जिला के रोह में सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने वाले अप्रत्याशित घटना की जांच हेतु नौ सदस्यीय जांच समिति ने जांच समिति के अध्यक्ष पूर्व मंत्री इसराइल मंसूरी के नेतृत्व में घटना स्थल के निरीक्षण के बाद जांच समिति के सदस्य प्रदेश प्रवक्ता एजाज अहमद, मधु मंजरी और युवा राजद के प्रदेश महासचिव विमल कुमार राय की उपस्थिति में प्रदेश अध्यक्ष श्री मंगनी लाल मंडल जी को जांच रिपोर्ट समर्पित किया। जांच समिति के सदस्यों में विधान पार्षद डॉ उर्मिला ठाकुर, पूर्व विधान पार्षद सलमान रागीब, पूर्व विधायक श्री सतीश दास,बबलू मालाकार एवं नवादा जिला अध्यक्ष उदय यादव भी स्थल निरीक्षण में साथ थे। प्रदेश प्रवक्ता एजाज अहमद ने बताया कि पूर्व मंत्री इसराइल मंसूरी के साथ सभी सदस्यों ने दोनों पक्षों से बात तथा सारे मामलों और घटनाओं की जानकारी प्राप्त की। जांच समिति ने यह पाया कि जो घटना घटित हुई है ,वो प्रशासनिक विफलता का परिणाम है। यदि पहले से ही नवादा जिला प्रशासन और रोह थाना डीजे को जप्त कर लिया होता और जुलूस के समय सीमा का पालन सुनिश्चित कराया होता तो इस तरह की घटना को टाला जा सकता था। समिति का स्पष्ट मानना है कि लोगों में भय को समाप्त करने के लिए निदोर्षों को फंसाने वाली कार्रवाई चल रही है।

## नीतीश ने बिहार को चौपट कानून व्यवस्था से निजात दिलाया: उमेश सिंह कुशवाहा

देश प्राण संवाददाता


**पटना, 05 अप्रैल :** जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने रविवार को कहा कि बिहार की बागडोर सम्हालते समय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को जंगलराज मिला था,लेकिन पिछले दो दशकों में उन्होंने प्रदेश में सुशासन का प्रतिमान स्थापित किया और जनता को उस चौपट कानून व्यवस्था से निजात दिलाया।

श्री कुशवाहा ने आज यहां कहा कि मुख्यमंत्री श्री कुमार ने वर्ष 2005 में बिहार की बागडोर सम्हाली थी और उसके बाद राज्य को धीरे धीरे जंगलराज से मुक्त कर सुदृढ़ कानून-व्यवस्था की तरफ ले जाया गया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के कार्यकाल में जो बिहार बदहाल, चैपट और ध्वस्त कानून-व्यवस्था के कारण देश-दुनिया में बदनाम था, उसी बिहार को श्री कुमार ने अपनी दूरदर्शी नीतियों से सुशासन के प्रतिमान के रूप में स्थापित किया है।जदयू के प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि वर्ष 2005 में राज्य में मात्र 817 पुलिस थाने थे, जिनकी स्थिति जर्जर थी। आज आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित थानों की संख्या बढ़कर 1380 से अधिक हो चुकी है। पुलिस वाहनों की संख्या लगभग 4 हजार से बढ़कर 12 हजार से अधिक हो गई है, वहीं 2005 में पुलिस बल की संख्या 42 हजार थी, जो आज बढ़कर एक लाख 40 हजार से अधिक हो चुकी है। श्री कुशवाहा ने कहा कि कि जुलाई 2022 में श्री कुमार ने 'डायल 112' सेवा को प्रारंभ कर कानून-व्यवस्था के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की। उन्होंने कहा कि यह गर्व का विषय है कि 'डायल 112' का रिस्पान्स टाइम देशभर में दूसरे स्थान पर है। उन्होंने कहा कि बीते तीन वर्षों में इस सेवा के माध्यम से 50 लाख से अधिक लोगों को त्वरित सहायता उपलब्ध कराई जा चुकी है। विशेष रूप से प्रदेश में महिलाओं की सुरक्षा को सुदृढ़ करने में इस सेवा की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। जदयू के प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए राज्यभर में 1800 से अधिक डायल 112 वाहन तैनात किए गए हैं।

## मिथिला को मिली सपनों की उड़ान दरभंगा से बेंगलुरु के लिए सीधी हवाई सेवा शुरू

**✦दरभंगा से सीधे बेंगलुरु के लिए हवाई सेवा मिथिलांचल के लिए हर्ष का पल: संजय सरावगी**

देश प्राण संवाददाता



**पटना, 05 अप्रैल :** मिथिला को सपनो की उड़ान में आज से दरभंगा से बंगलूरू के बीच सीधी हवाई सेवा शुरू हो गई है। आकासा एयरलाइंस की इस उड़ान से मिथिलांचल का कर्नाटक से निकट का रिश्ता कायम हो गया है।

प्रदेश भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और दरभंगा नगर के विधायक संजय सरावगी ने दरभंगा से बेंगलुरु के लिए सीधी हवाई सेवा शुरू होने का स्वागत किया है। उन्होंने इसे मिथिलांचल के विकास, व्यापार और शिक्षा के लिए बड़ी सौगात बताते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि इससे लोगों के लिए बेंगलुरु की यात्रा अब आसान हो गई।

उन्होंने कहा कि दरभंगा से सीधे बेंगलुरु के लिए हवाई सेवा शुरू होना पूरे मिथिलांचल और बिहार के लिए अत्यंत हर्ष एवं गर्व का विषय है। इससे क्षेत्र के लोगों को आवागमन में बड़ी सुविधा मिलेगी तथा व्यापार, शिक्षा और रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे।

श्री सरावगी ने कहा कि मिथिला के लिए आज प्रसन्नता का दिन है। उन्होंने कहा कि दरभंगा से सीधे बेंगलुरु के लिए आकासा एयरलाइंस ने सेवा प्रारंभ की है। पूरे मिथिला क्षेत्र में बेंगलुरु के लिए सीधी हवाई सेवा का लगातार आग्रह भी किया जा रहा था। पूर्व में सीधी सेवा थी लेकिन पिछले छह महीने से स्पाइस जेट ने यह सेवा बंद कर दी थी, जिससे लोगों को तकलीफ हो रही थी। उन्होंने कहा कि आज से आकासा एयरलाइंस ने यह सेवा प्रारंभ की है। उन्होंने इसके लिए आकासा एयरलाइंस के अधिकारियों और कर्मचारियों को धन्यवाद भी दिया।

### मोदी के नेतृत्व में महिला सशक्तिकरण की दिशा में ऐतिहासिक कदम उठाए गए हैं : सुमन

**पटना, 05 अप्रैल :** आवाम मोर्चा (से.) के राष्ट्रीय अध्यक्ष और लघु जल संसाधन मंत्री डॉ. संतोष कुमार सुमन ने रविवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में महिला सशक्तीकरण की दिशा में अभूतपूर्व और ऐतिहासिक कदम उठाए गए हैं। श्री सुमन ने कहा कि केंद्र सरकार ने नारी शक्ति को सशक्त बनाने के लिए अनेक नीतिगत फैसले लिए हैं, जिनका व्यापक सकारात्मक प्रभाव समाज के हर वर्ग पर पड़ा है।उन्होंने कहा कि महिलाओं को सेना, सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) एवं केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में अवसर प्रदान कर उन्हें राष्ट्रनिर्माण की मुख्यधारा में लाने का कार्य किया गया है।

## सीएम ने स्व जगजीवन राम की जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित किया

देश प्राण संवाददाता



**पटना, 05 अप्रैल :** आज पूर्व उप प्रधानमंत्री स्व जगजीवन राम जी की जयंती के अवसर पर आयोजित राजकीय समारोह में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) श्री सैयद अता हसनैन एवं मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने सर्कुलर रोड, अणे मार्ग एवं कौटिल्य मार्ग के चौराहे पर अवस्थित स्व जगजीवन राम की आदमकद प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी, जल संसाधन सह संसदीय कार्य मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी, ग्रामीण कार्य मंत्री श्री अशोक चौधरी, सांसद श्री कौशलेन्द्र कुमार, विधायक श्री श्याम रजक, विधान पार्षद श्री संजय कुमार सिंह उर्फ गांधी जी, विधान पार्षद श्रीमती कुमुद वर्मा, विधान पार्षद श्री रवीन्द्र प्रसाद सिंह, बिहार राज्य नागरिक परिषद् के महासचिव श्री अरविंद कुमार, राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के पूर्व सदस्य श्री शिवशंकर निषाद सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, गणमान्य व्यक्ति एवं सामाजिक कार्यकताओं ने भी स्व० जगजीवन राम जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर सूचना एवं जन-सम्पर्क विभाग के कलाकारों द्वारा आरती पूजन, भजन कीर्तन, बिहार गीत एवं देशभक्ति गीत के कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये।

## भाजपा ने देश की राजनीति को दी सकारात्मक दिशा: प्रभाकर

देश प्राण संवाददाता



**पटना, 05 अप्रैल :** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं प्रदेश प्रवक्ता प्रभाकर कुमार मिश्र ने भाजपा के स्थापना दिवस पर पार्टी कार्यकताओं और देश-प्रदेश के लोगों को हार्दिक बधाई दी और कहा कि भारतवासियों को भाजपा पर भरोसा है। यह भरोसा ही भाजपा को विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बनाया है। भाजपा की ओर से भी जनता के इस अटूट भरोसे को कायम रखने में कोई कमी नहीं की गयी। भाजपा और जनता के बीच विश्वास और भरोसे का अटूट संबंध है। श्री मिश्र ने रविवार को यहां कहा कि भाजपा आज 46वां स्थापना दिवस मना रही है। भाजपा आज 45 वर्ष की हो गयी। इस स्वर्णिम दिवस पर बिहार सहित पूरे देश में उत्सवी माहौल है। शहर से लेकर कस्बों और गांवों में भी भाजपा कार्यकर्ता के साथ-साथ आमजन भी उत्साहित हैं। यह बताता है भाजपा जन-जन की पार्टी बन चुकी है। श्री मिश्र ने कहा कि अपनी स्थापना के 45 वर्षों में भाजपा ने कई कीर्तिमान स्थापित किये। भाजपा ने सरकार बनाकर देश और अनेक प्रदेशों की दशा ही नहीं बदली, अपितु देश की राजनीति की दिशा भी बदली दी है। बिहार में लाठी में तेल पिलाकर राजनीति करनेवालों के दिन लद गये। विकास की बात किये बगैर कोई भी दल सत्ता की कुर्सी पर टिक ही नहीं सकता, यह भाजपा और सहयोगी दलों की देन है। बिहार के लोगों में विकास के प्रति एक नयी चेतना जागृत हुई है। इसमें भी भाजपा और एनडीए के घटक दलों की बड़ी भूमिका है। भाजपा को आज सभी वर्गों का समर्थन प्राप्त है।

## भाजपा पटना महानगर के चारों विधानसभा में दो दिवसीय पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण अभियान का समापन

देश प्राण संवाददाता




**पटना, 05 अप्रैल:** महानगर के चारों विधानसभा क्षेत्रों में दो दिवसीय पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान का आज सफलतापूर्वक समापन हुआ। इस अभियान में बड़ी संख्या में कार्यकताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और संगठनात्मक प्रशिक्षण प्राप्त कर स्वयं को वैचारिक एवं कार्यात्मक रूप से सशक्त किया।

समापन समारोह की शुरूआत पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर की गई। इस अवसर पर वक्ताओं ने उनके एकात्म मानववाद के सिद्धांतों को भारतीय जनता पार्टी की मूल प्रेरणा बताते हुए कार्यकताओं से उसे अपने दैनिक जीवन एवं संगठनात्मक कार्यों में अपनाने का आह्वान किया। दो दिनों तक चले इस प्रशिक्षण अभियान में कार्यकताओं को संगठन की कार्यप्रणाली, बूथ स्तर तक संगठन की मजबूती, सोशल मीडिया के प्रभावी उपयोग, केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार तथा आमजन से संवाद स्थापित करने की रणनीतियों पर विस्तृत जानकारी दी गई। इसके साथ ही कार्यकताओं को आगामी कार्यक्रमों एवं संगठनात्मक लक्ष्यों के प्रति सजग और सक्रिय रहने का संदेश भी दिया गया। समापन अवसर पर उपस्थित पटना साहिब कब सांसद श्री रविशंकर प्रसाद ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी एक विचार आधारित संगठन है, जहां प्रशिक्षण की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। इस प्रकार के प्रशिक्षण अभियानों से कार्यकताओं में न केवल वैचारिक स्पष्टता आती है, बल्कि संगठन के प्रति उनकी प्रतिबद्धता भी और मजबूत होती है कार्यक्रम में भाग लेने वाले कार्यकताओं ने प्रशिक्षण सत्रों को अत्यंत उपयोगी बताते हुए कहा कि इससे उन्हें जमीनी स्तर पर कार्य करने की नई दिशा एवं ऊर्जा प्राप्त हुई है। सभी विधानसभा के मंडलों में एक साथ आयोजित इस अभियान ने संगठन की एकजुटता और मजबूती को और अधिक सुदृढ़ किया है।

## खबर कोना

### जांच घर का सामान चोरी, जांच में जुटी पुलिस



**भागलपुर, 05 अप्रैल :** जिले के तिलकामांझी थाना क्षेत्र स्थित नवाब बाग कॉलोनी में बीते रात चोरी की एक गंभीर घटना सामने आई है। बताया जा रहा है कि एक बच्ची द्वारा संचालित पैथोलैब, जिसका सेटअप हाल ही में किया जा रहा था, को चोरों ने निशाना बनाया। चोर यहां से भारी मात्रा में महंगे उपकरण और अन्य जरूरी सामान लेकर फरार हो गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और पूरे मामले का जायजा लिया। सिटी डीएसपी अजय चौधरी ने बताया कि पुलिस टीम ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया है और परिजन से पूछताछ की गई है। साथ ही आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही है, ताकि आरोपियों की पहचान की जा सके। उन्होंने कहा कि मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच तेज कर दी गई है और जल्द ही घटना का खुलासा कर लिया जाएगा। तिलकामांझी थाना अध्यक्ष ने बताया कि अब तक पीड़ित पक्ष की ओर से कोई लिखित आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है। आवेदन मिलने के बाद ही आगे की विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पुलिस सभी संभावित पहलुओं पर जांच कर रही है। स्थानीय लोगों में इस घटना को लेकर चिंता का माहौल है। लोगों ने क्षेत्र में पुलिस गश्त बढ़ाने और सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं पर रोक लग सके।

### अपराध की योजना बना रहे दो आरोपी गिरफ्तार

**कटिहार, 06 अप्रैल :** जिले के कोढ़ा थाना पुलिस ने अपराध की योजना बना रहे दो अपराधियों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से एक देशी कट्टा और दो मोटरसाइकिल बरामद की गई हैं। गिरफ्तार अपराधियों की पहचान नीरज कुमार पिता राकेश ऋषि ग्राम चेथरियापीर थाना कोढ़ा और मोनू कुमार पिता हरेकृष्ण पासवान ग्राम नया टोला गंगेली थाना मरंगा जिला पूर्णिया के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर कोढ़ा थानाध्यक्ष ने पुलिस बल के साथ परमानंदपुर, वार्ड नं.-05 में छापेमारी की थी, जिसमें दोनों अपराधी पकड़े गए। पुलिस के अनुसार दोनों अपराधी किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की योजना बना रहे थे। गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ आगे की कार्रवाई की जा रही है।गाई जा सके।

### नाबालिग से दुष्कर्म के आरोप में एसएसबी जवान गिरफ्तार

**किशनगंज, 05 अप्रैल :** जिले के ठाकुरगंज थाना क्षेत्र में एक नाबालिग लड़की से दुष्कर्म के आरोप में सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) के एक जवान को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। घटना सामने आने के बाद पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए आरोपित को हिरासत में ले लिया। जानकारी के अनुसार, पीड़िता पक्ष की शिकायत के आधार पर ठाकुरगंज थाना में मामला दर्ज किया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तत्काल जांच शुरू कर दी। जांच के दौरान पुलिस को सूचना मिली कि आरोपित जलेबिया मोड़ के समीप एक किराए के मकान में रह रहा है। ठाकुरगंज थानाध्यक्ष मो. मकसूद आलम अशरफी ने बताया कि सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने छापेमारी की और आरोपित जवान को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपित से पूछताछ की जा रही है तथा मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। पुलिस ने पीड़िता को मेडिकल जांच के लिए भेज दिया है। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस पूरे घटनाक्रम की गहन जांच में जुटी हुई है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि दोषी पाए जाने पर आरोपी के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### त्रिवेणीगंज में हत्या के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार



**सुपौल, 05 अप्रैल जिले :** त्रिवेणीगंज पुलिस ने थाना कांड संख्या 133/26 के तहत दर्ज मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए दो नामजद आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जानकारी देते थानाध्यक्ष राकेश कुमार ने बताया कि यह मामला भारतीय न्याय संहिता बीएनएस की धारा 304(2), 134 एवं 3(5) के अंतर्गत दर्ज किया गया है। पुलिस के अनुसार यह गंभीर आपराधिक मामला है, जिसकी जांच जारी है। बताया कि गिरफ्तार आरोपी सोनू कुमार, पिता उमेश राम, निवासी महेशुवा गांव, पिंटू कुमार, पिता रामकृष्ण राम, निवासी जनता रोड त्रिवेणीगंज हैं। उन्होंने बताया कि पुलिस ने आरोपियों के पास से छापेमारी के दौरान एक मोबाइल फोन तथा एक अपाचे मोटरसाइकिल बरामद की है। बताया कि गिरफ्तारी के बाद दोनों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेजते हुए जेल भेज दिया गया है। पुलिस मामले की आगे की जांच में जुटी हुई है।

### पूर्वी चंपारण में जहरीली शराब से मौत का आंकड़ा 10 पहुंचा, 1300 लीटर मिथाइल अल्कोहल बरामद

**पटना, 05 अप्रैल:** पूर्वी चंपारण जिले में जहरीली शराब कांड के पांच दिन बाद मृतकों की संख्या बढ़कर 10 हो गई है, जबकि छह अंधेपन के शिकार लोगों के साथ करीब डेढ़ दर्जन लोगों का इलाज चल रहा है। फॉरेंसिक जांच से यह स्पष्ट हुआ है कि अवैध शराब के कारोबारियों द्वारा लोगों को मिथाइल अल्कोहल (मेथनॉल) युक्त जहरीली शराब परोसी गयी, जिसके सेवन से यह हादसा हुआ। घटना में प्रयुक्त 1300 लीटर मिथाइल अल्कोहल बरामद किया गया है। इस हादसे में जयसिंहपुर पुलवाघाट के चंदू प्रसाद, परसौना के प्रमोद यादव और परिक्षण मांझी, बालगंगा के सम्पत साह, हरदिया के हरी भगत, लालकिशोर राय, विनोद साह, मुसहरी टोला के लड्डू साह तथा शंकरसरैया के मोहम्मद इलियास एवं योद्धा मांझी की मौत हो चुकी है। विनोद साह और योद्धा मांझी की मौत रविवार को हुई। पुलिस और मद्यनिषेध विभाग ने संयुक्त कार्रवाई में बड़ी सफलता हासिल करते हुए 50 डब्बों में बंद करीब 1300 लीटर मिथाइल अल्कोहल बरामद किया है। प्रत्येक डब्बे में लगभग 26 लीटर रसायन भरा हुआ था। फॉरेंसिक जांच में यह पुष्टि हुई है कि बरामद रसायन और पीड़ितों द्वारा सेवन की गई शराब एक ही प्रकार की है। विशेषज्ञों के अनुसार, मेथनॉल एक अत्यंत विषैला रसायन है, जिसमें सायनाइट की तरह के गुण होते हैं। इसका उपयोग पेंट थिनर, एंटीफ्रीज और अन्य औद्योगिक उत्पादों में किया जाता है। यह रंगहीन होता है और इसकी गंध सामान्य शराब जैसी होती है, जिससे इसे पहचानना मुश्किल हो जाता है। जानकारी के अनुसार महज 25 मिलीलीटर मेथनॉल का सेवन भी जानलेवा साबित हो सकता है। इसके प्रभाव से मतली, उल्टी, पेट दर्द, सांस लेने में कठिनाई, अंधापन और अंततः मृत्यु हो सकती है।

### गरखा हत्याकांड का नामजद अभियुक्त गिरफ्तार

**सारण, 05 अप्रैल :** पुलिस ने अपराधियों के विरुद्ध जारी विशेष अभियान के तहत एक सफलता हासिल की है। पुलिस ने गरखा थाना क्षेत्र के एक चर्चित हत्याकांड में संलिप्त मुख्य आरोपी को गिरफ्तार करने में कामयाबी पाई है। वरीय पुलिस अधीक्षक विनीत कुमार के निदेर्शानुसार जिले में वांछित और फरार अपराधियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे निरंतर अभियान के दौरान गरखा पुलिस को यह सफलता मिली। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि हत्याकांड का नामजद अभियुक्त क्षेत्र में ही छिपा हुआ है।

# पश्चिम बंगाल में पीएम ने घुसपैठ, कानून व्यवस्था और भ्रष्टाचार को बताया समस्या, बोले-परिवर्तन तय

**नई दिल्ली, 05 अप्रैल (हि.स.):** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पश्चिम बंगाल के कूचबिहार में आयोजित एक चुनावी रैली में तृणमूल कांग्रेस पर भ्रष्टाचार, तुष्टीकरण और भय की राजनीति करने का आरोप लगाया। उन्होंने भाजपा को विकास और सुशासन का विकल्प बताते हुए कहा कि राज्य में बदलाव अब तय है।



कूचबिहार के ब्रिगेड ग्राउंड में रविवार को आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि राज्य में बन रहा माहौल केवल एक राजनीतिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि बंगाल के भविष्य को बदलने की जनभावना का संकेत है। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य में अवैध घुसपैठ गंभीर समस्या बन चुकी है और तृणमूल कांग्रेस घुसपैठियों को संरक्षण देकर उन्हें वोट बैंक के रूप में इस्तेमाल कर रही है, जिससे सुरक्षा और सामाजिक संतुलन प्रभावित हो रहा है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार घुसपैठ रोकने के लिए प्रतिबद्ध है और इस दिशा में लगातार कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने तुष्टीकरण की राजनीति को राज्य की पहचान के लिए खतरा बताते हुए कहा कि बंगाल की सांस्कृतिक और ऐतिहासिक विरासत को बनाए रखने के लिए मजबूत नेतृत्व जरूरी है।

कानून-व्यवस्था के मुद्दे पर उन्होंने मालदा की घटना का जिक्र करते हुए कहा कि न्यायिक अधिकारियों को बंधक बनाए जाने जैसी घटनाएं चिंताजनक हैं। उन्होंने कहा कि जब न्यायिक प्रक्रिया ही सुरक्षित नहीं है, तो आम नागरिक की सुरक्षा पर सवाल उठना स्वाभाविक है। उनके अनुसार राज्य में 'महा जंगलराज' जैसी स्थिति बन गई है और कानून-व्यवस्था पूरी तरह चरमराई हुई है।

किसानों के मुद्दे पर प्रधानमंत्री ने कहा कि राज्य में किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य नहीं मिल रहा है। कोल्ड स्टोरेज की कमी के कारण विशेषकर आलू उत्पादक किसानों को नुकसान उठाना पड़ रहा है। उन्होंने आश्वासन दिया कि भाजपा की सरकार बनने पर कृषि क्षेत्र को मजबूत किया जाएगा और किसानों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी।

उन्होंने कहा कि यह चुनाव पश्चिम बंगाल के भविष्य का चुनाव है और मतदाताओं से अपील की कि वे अपने बच्चों के भविष्य, किसानों के हित, महिलाओं की सुरक्षा और राज्य के विकास को ध्यान में रखते हुए मतदान करें। उन्होंने विश्वास जताया कि भाजपा की जीत के बाद राज्य में नई सरकार बनेगी और उत्तर बंगाल सहित पूरे प्रदेश के साथ हो रहे अन्याय का अंत होगा।

## मुख्यमंत्री के खिलाफ होगी कानूनी कार्रवाई, एक दिन जनता से मांगेंगे माफी : राहुल गांधी

**बिश्वनाथ (असम) :** लोकसभा सांसद व नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने रविवार को असम के बिश्वनाथ में आयोजित एक जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्व सरमा पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी और एक दिन ऐसा आएगा जब उन्हें असम की जनता के सामने हाथ जोड़कर माफी मांगनी पड़ेगी। अपने भाषण की शुरूआत में राहुल गांधी ने असम की सांस्कृतिक विरासत का उल्लेख करते हुए कहा कि यह भूमि श्रीमंत शंकरदेव, अजान फकीर, जुबीन गर्ग और तरुण गोगोई की है। उन्होंने कहा कि जुबीन गर्ग ने हमेशा समाज को जोड़ने का काम किया और कभी किसी की भावनाओं को ठेस नहीं पहुंचाई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्र सरकार पर भी निशाना साधते हुए उन्होंने आरोप लगाया कि असम को एटीएम की तरह इस्तेमाल किया जा रहा है। राज्य की जमीन उद्योगपतियों जैसे गौतम अडानी और बाबा रामदेव को दी जा रही है, जबकि यह जमीन असम के लोगों और किसानों की है। उन्होंने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प जब चाहें प्रधानमंत्री मोदी का राजनीतिक करियर खत्म कर सकते हैं। इसके साथ ही उन्होंने नरेन्द्र मोदी और अमित शाह पर भ्रष्टाचार के आरोप भी लगाए। राहुल गांधी ने भाजपा पर छह समुदायों को अनुसूचित जनजाति (एसटी) का दर्जा देने के वादे को पूरा न करने का भी आरोप लगाया। कहा कि कांग्रेस सत्ता में आने पर इस वादे को पूरा करेगी। सभा में कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई ने स्वागत भाषण दिया। राहुल गांधी ने महिलाओं के लिए आर्थिक सहायता, छोटे व्यवसायों के लिए 50 हजार रुपये की एकमुश्त मदद, 10 लाख परिवारों की जमीन का नियमितीकरण और 25 लाख रुपये तक का स्वास्थ्य बीमा देने का वादा किया। अंत में उन्होंने मतदाताओं से कांग्रेस और विपक्षी गठबंधन का समर्थन करने की अपील करते हुए कहा कि उनकी सोच असम की सांस्कृतिक विरासत और एकता को मजबूत करने की है।

## देश के बंदरगाहों ने रचा इतिहास

# 915.17 मिलियन टन कार्गो हैंडलिंग के साथ निर्धारित लक्ष्य को किया पार

**नई दिल्ली, 05 अप्रैल (हि.स.):** देश के बंदरगाहों ने वित्त वर्ष 2025-26 में 915.17 मिलियन टन कार्गो का आदान-प्रदान कर नया कीर्तिमान स्थापित किया है। यह पिछले वर्ष के 854.86 मिलियन टन के मुकाबले 7.06 प्रतिशत अधिक है। खास बात यह है कि केंद्र सरकार द्वारा निर्धारित 904 मिलियन टन के लक्ष्य को भी पार कर लिया गया है। यह उपलब्धि बंदरगाहों की बढ़ती क्षमता, परिचालन दक्षता, बेहतर लॉजिस्टिक्स और आधुनिक बुनियादी ढांचे का परिणाम मानी जा रही है। इससे भारत के समुद्री क्षेत्र की मजबूती और वैश्विक व्यापार में उसकी बढ़ती भूमिका स्पष्ट होती है। केंद्रीय पत्तन, पोत परिवहन एवं जलमार्ग मंत्रालय के अनुसार, यह वृद्धि सरकार की पोर्ट-आधारित विकास नीति, मल्टीमॉडल कनेक्टिविटी और डिजिटल पहलों के कारण संभव हुई है। मंत्रालय ने बताया कि कार्गो हैंडलिंग क्षमता में सुधार और आधुनिक तकनीकों के इस्तेमाल से बंदरगाहों का प्रदर्शन बेहतर हुआ है।

केंद्रीय मंत्री सबार्नंद सोनोवाल ने इस उपलब्धि को सरकार के निरंतर प्रयासों का परिणाम बताया। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पोर्ट इंफ्रास्ट्रक्चर और लॉजिस्टिक्स सेक्टर में व्यापक सुधार किए जा रहे हैं। मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, दीनदयाल उपाध्याय बंदरगाह 160.11 मिलियन टन कार्गो के साथ शीर्ष स्थान पर रहा। इसके बाद पारादीप बंदरगाह (156.45 मिलियन टन) और जवाहरलाल नेहरू पोर्ट प्राधिकरण (102.01 मिलियन टन) का स्थान रहा। अन्य प्रमुख बंदरगाहों में विशाखापट्टनम बंदरगाह (91.16 मिलियन टन), मुंबई बंदरगाह (75.14 मिलियन टन), चेन्नई बंदरगाह (57.90 मिलियन टन) और न्यू मंगलौर बंदरगाह (50.04 मिलियन टन) शामिल हैं। कोलकाता बंदरगाह का कुल कार्गो 70.87 मिलियन टन रहा, जिसमें कोलकाता डॉक सिस्टम (19.01 मिलियन टन) और हल्दिया डॉक कॉम्प्लेक्स (51.85 मिलियन टन) शामिल हैं। इसके अलावा कामराजार बंदरगाह (49.08 मिलियन टन), वीओ चिदंबरनार बंदरगाह (43.31 मिलियन टन) और कोचीन बंदरगाह (38.06 मिलियन टन) का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा। वृद्धि दर के लिहाज से मोरमुगाओ बंदरगाह ने 15.91 प्रतिशत की सर्वाधिक वृद्धि दर्ज की।

# ऑस्ट्रिया किसी भी सैन्य टकराव का हिस्सा नहीं बनेगा : उप-चांसलर

**वियना, 05 अप्रैल (हि.स.):** ऑस्ट्रिया के उप-चांसलर आंद्रेयास बाबलेर ने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की 'अराजक नीति' की आलोचना करते हुए कहा कि ऑस्ट्रिया न तो किसी सैन्य टकराव का हिस्सा बनेगा और न ही अपने हवाई क्षेत्र का उपयोग बिना सख्त जांच के होने देगा। साथ ही उन्होंने अमेरिका की मौजूदा विदेश नीति से दूरी बनाते हुए स्पष्ट किया है कि उनका देश अपनी ऐतिहासिक तटस्थता से कोई समझौता नहीं करेगा।

पश्चिम एशिया में अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच एक माह से जारी युद्ध और उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) के भीतर उभरते मतभेदों के बीच वियना का यह रुख यूरोप में रणनीतिक असहमति और बदलते वैश्विक समीकरणों की ओर इशारा करता है।

तुर्किए की सरकारी समाचार संस्था अनाडोलू एजेंसी (एए) के अनुसार ऑस्ट्रिया के उप चांसलर ने जोर देकर कहा कि उनका देश अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की अराजक नीति का हिस्सा नहीं हैं और इस मामले में हमें एक इंच भी पीछे नहीं हटना चाहिए। उन्होंने कहा कि वियना की तटस्थता 'गैर-समझौता योग्य' है और एक ऐसा सिद्धांत जो अमेरिकी सैन्य विमानों की उड़ान पर भी लागू होता है।

एंड्रियास बैबलर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा कि ऑस्ट्रियाई हवाई क्षेत्र से अमेरिकी सैन्य विमानों की उड़ानों को देखते हुए एक स्पष्ट सीमा तय करना जरूरी है। हमारी तटस्थता गैर-समझौता योग्य है और इसे लगातार बनाए रखा जाना चाहिए, वह भी अभी। उन्होंने कहा कि ऐसी उड़ानों के मामले में, यहां तक कि वे मिशन भी जो सीधे तौर पर संघर्ष क्षेत्रों में प्रवेश नहीं करते, बल्कि सैन्य कार्रवाइयों में सहायता करते हैं, उनकी भी गहन जाँच होनी चाहिए।

ऑस्ट्रिया 1955 से ही तटस्थता की एक पुरानी नीति का पालन करता आ रहा है, जिसके तहत वह किसी भी सैन्य गठबंधन में शामिल होने या अपनी धरती पर विदेशी सैन्य अड्डे बनाने की अनुमति नहीं देता है।

ये टिप्पणियां ईरान के साथ अमेरिका-इजरायल युद्ध के दूसरे महीने में सामने आईं। 28 फरवरी से शुरू हुए इस युद्ध में अब तक 1,340 से ज्यादा लोगों की मौत हुई हैं, जिनमें ईरान के सर्वोच्च नेता अली खामेनेई भी शामिल हैं। ईरान ने इसके जवाब में ड्रोन और मिसाइल हमले किए हैं, जिनमें इजरायल, जॉर्डन, इराक और उन खाड़ी देशों को निशाना बनाया गया है जहाँ अमेरिकी सेनाएँ तैनात हैं।

# बरेली में बाईपास पर खड़े टैंकर से टकराई बोलेरो, चार की मौत

**बरेली, 5 अप्रैल (हि.स.):** नगर के सीबीगंज थाना क्षेत्र के परधौली गांव के पास रविवार दोपहर एक तेज रफ्तार बोलेरो सड़क किनारे खड़े टैंकर में पीछे से घुस गई। हादसा इतना भीषण था कि बोलेरो के अगले हिस्से के परखच्चे उड़ गए और उसमें सवार चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। कई अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बोलेरो लखनऊ की ओर से आ रही थी। वाहन की रफ्तार काफी तेज थी। परधौली के पास चालक अचानक वाहन से नियंत्रण खो बैठा और बोलेरो सीधे सड़क किनारे खड़े टैंकर से टकरा गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बोलेरो में बैठे लोग अंदर ही फंस गए। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस और एंबुलेंस को सूचना दी। सूचना मिलते ही सीबीगंज थाना पुलिस मौके पर पहुंची और राहत एवं बचाव कार्य शुरू कराया। पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से घायलों को बाहर निकालकर अस्पताल भिजवाया। भीषण दुर्घटना में चार लोगों की मौत हो गई। खबर लिखे जाने तक मृतकों की पहचान नहीं हो सकी। बताया गया कि हादसे में एक युवक बोलेरो के अंदर बुरी तरह फंस गया। उसे निकालने के लिए पुलिस को काफी मशक्कत करनी पड़ी। कटर और अन्य उपकरणों की मदद से बोलेरो का हिस्सा काटकर युवक को बाहर निकाला गया। सीबीगंज इंस्पेक्टर प्रदीप कुमार चतुर्वेदी ने बताया कि घायलों को तुरंत इलाज के लिए अस्पताल भेज दिया गया है।

# कांग्रेस का हिमंता की पत्नी पर तीन देशों के पासपोर्ट रखने और विदेशों में संपत्ति छिपाने का आरोप

**नई दिल्ली, 05 अप्रैल (हि.स.):** असम विधानसभा चुनाव की सरगर्मी के बीच कांग्रेस ने मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा की पत्नी रिंकी भुइयां सरमा के पास तीन अलग-अलग देशों के पासपोर्ट होने का दावा किया है। पार्टी ने असम के मुख्यमंत्री की पत्नी के पास विदेशों में संपत्तियां होने और इनका विवरण चुनावी हलफनामे में नहीं देने का आरोप भी लगाया है।

कांग्रेस मीडिया विभाग के अध्यक्ष पवन खेड़ा ने रविवार को यहां पार्टी मुख्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में कथित दस्तावेजों की फोटोकॉपी दिखाते हुए कहा कि रिंकी भुइयां सरमा के पास संयुक्त अरब अमीरात, एंटीगुआ-बारबुडा और मिस्र के पासपोर्ट हैं। यूएई का पासपोर्ट 14 मार्च 2022 को जारी हुआ और 13 मार्च 2027 तक वैध है, एंटीगुआ-बारबुडा का पासपोर्ट 26 अगस्त 2021 को जारी हुआ और 25 अगस्त 2031 तक वैध है, जबकि मिस्र का पासपोर्ट 13 फरवरी 2022 को जारी हुआ और 12 फरवरी 2029 तक वैध है। भारत में दोहरी नागरिकता की अनुमति नहीं है, ऐसे में यह मामला गंभीर जांच का विषय बनता है।

पवन खेड़ा ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री की राजनीति एक ओर जहां धार्मिक ध्रुवीकरण पर आधारित बताई जाती है, वहीं दूसरी ओर उनकी पत्नी के पास कथित तौर पर विदेशी पासपोर्ट होना कई सवाल खड़े करता है। इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए, जिससे कि सच्चाई सामने आ सके।

पवन खेड़ा ने दावा किया कि रिंकी भुइयां सरमा के नाम पर दुबई में दो संपत्तियां हैं, जिनका पूरा रिकॉर्ड उपलब्ध है, लेकिन मुख्यमंत्री के चुनावी हलफनामे में इनका कोई उल्लेख नहीं किया गया। चुनाव लड़ने वाले किसी भी उम्मीदवार के लिए यह अनिवार्य है कि वह अपनी और अपने परिवार की चल-अचल संपत्तियों का पूरा ब्योरा हलफनामे में दे। ऐसे में इन संपत्तियों का जिक्र न होना गंभीर सवाल खड़े करता है।

खेड़ा ने कहा कि अमेरिका के वायोमिंग में रिंकी भुइयां सरमा से जुड़ी एक कंपनी संचालित है, जिसमें मुख्यमंत्री और उनके परिवार के अन्य सदस्यों के नाम भी जुड़े हैं। इस कंपनी का बजट 3,467 करोड़ अमेरिकी डॉलर है और इसमें परिवार के सदस्यों के बीच लगभग 52,000 करोड़ रुपये के हिस्से का उल्लेख किया गया है। पवन खेड़ा ने यह भी आरोप लगाया कि वायोमिंग जैसे स्थान का चयन इसलिए किया गया क्योंकि वहां कर संबंधी नियम अपेक्षाकृत सरल हैं और संपत्तियों को छिपाने के आरोप भी अक्सर लगते रहे हैं।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने इन दस्तावेजों को सार्वजनिक करने से पहले दो दिन तक उनका सत्यापन किया है। उन्होंने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से इस पूरे मामले में विशेष जांच दल (एसआईटी) गठित कर जांच कराने की मांग की। साथ ही उन्होंने चुनाव आयोग से भी इस मामले में संज्ञान लेने और हलफनामे में कथित जानकारी छिपाने के आरोपों की जांच करने की अपील की।

## खबरकोना

### आचार संहिता लागू होने के बाद से पांच राज्यों में 651.51 करोड़ की नकदी जब्त: चुनाव आयोग

**नई दिल्ली :** चुनाव आयोग ने आगामी विधानसभा चुनावों और उपचुनाव के मद्देनजर लागू आदर्श आचार संहिता के तहत कार्रवाई करते हुए अब तक 651.51 करोड़ रुपये मूल्य की नकदी और अवैध सामग्री जब्त की है। आयोग ने स्पष्ट किया कि यह कार्रवाई निष्पक्ष, पारदर्शी और स्वतंत्र चुनाव सुनिश्चित करने के उद्देश्य से की जा रही है। चुनाव आयोग के अनुसार, चार राज्यों और एक केंद्रशासित प्रदेश में चुनावी तैयारियों के बीच आचार संहिता के प्रभावी पालन के लिए व्यापक निगरानी व्यवस्था लागू की गई है। इसके तहत 5,173 से अधिक फ्लाइंग स्क्वॉड और 5,200 से ज्यादा स्टैटिक सर्विलांस टीमें तैनात की गई हैं। ये टीमें विभिन्न क्षेत्रों में लगातार जांच, तलाशी और नाकाबंदी अभियान चला रही हैं, ताकि अवैध गतिविधियों पर तुरंत अंकुश लगाया जा सके। आयोग की ओर से बताया गया कि इलेक्ट्रॉनिक सीजर मैनेजमेंट सिस्टम (ईएसएमएस) के माध्यम से 26 फरवरी से अब तक बड़ी मात्रा में अवैध वस्तुओं की जब्ती दर्ज की गई है। इसमें 53.2 करोड़ रुपये नकद, 79.3 करोड़ रुपये की शराब, 230 करोड़ रुपये के मादक पदार्थ, 58 करोड़ रुपये की कीमती धातु और 231.01 करोड़ रुपये के अन्य मुफ्त उपहार शामिल हैं। राज्यवार आंकड़ों पर नजर डालें तो सबसे अधिक जब्ती पश्चिम बंगाल में 319 करोड़ रुपये की हुई है। इसके बाद तमिलनाडु में 170 करोड़ रुपये, असम में 97 करोड़ रुपये, केरल में 58 करोड़ रुपये और पुडुचेरी में 7 करोड़ रुपये की जब्ती दर्ज की गई है।

### प्रभावित राज्यों के कृषि मंत्रियों के साथ होगी बैठक : शिवराज सिंह चौहान

**नई दिल्ली :** देश के कई राज्यों में हाल ही में हुई भारी बारिश और ओलावृष्टि से फसलों को हुए नुकसान को लेकर केंद्र सरकार सक्रिय हो गई है। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने इस स्थिति का संज्ञान लेते हुए अधिकारियों को तत्काल समीक्षा करने के निर्देश दिए हैं। कृषि मंत्रालय के अनुसार, मंत्री शिवराज सिंह चौहीन ने संबंधित राज्यों के अधिकारियों से संपर्क कर विस्तृत रिपोर्ट तैयार करने को कहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि फसलों को हुए नुकसान का सही आकलन जरूरी है, ताकि प्रभावित किसानों को समय पर राहत प्रदान की जा सके। मंत्री ने भरोसा दिलाया कि इस कठिन समय में केंद्र सरकार किसानों के साथ मजबूती से खड़ी है और उन्हें किसी भी प्रकार की चिंता करने की आवश्यकता नहीं है। सरकार हर संभव सहायता उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। इसके साथ ही, शिवराज सिंह चौहान ने बताया कि प्रभावित राज्यों के कृषि मंत्रियों के साथ आज बैठक आयोजित की जाएगी। इस बैठक में फसल क्षति का विस्तृत आकलन कर राहत और मुआवजे के उपायों पर निर्णय लिया जाएगा।

### नेपाल सरकार ने ऑनलाइन सट्टेबाजी कराने वाली 7 हजार वेबसाइट बंद कीं

**काठमांडू :** नेपाल में अवैध रूप से बढ़ रहे ऑनलाइन सट्टेबाजी (बेटिंग) के खिलाफ सरकार ने बड़ा डिजिटल अभियान शुरू किया है। नेपाल दूरसंचार प्राधिकरण ने इंटरनेट सेवा प्रदाताओं (आईएसपी) के साथ तकनीकी समन्वय करते हुए अब तक 7 हजार से अधिक सट्टेबाजी से जुड़े ऐप्लिकेशन और वेबसाइट (यूआरएल) को पूरी तरह बंद कर दिया है। मंत्रिपरिषद की बैठक में स्वीकृत 100 बिंदुओं वाले 'शासकीय सुधार' कार्यसूची के बिंदु संख्या 42 को लागू करने के क्रम में प्राधिकरण ने यह कड़ा कदम उठाया है। इस निर्णय में सट्टेबाजी से संबंधित सभी डिजिटल प्लेटफॉर्म को 24 घंटे के भीतर पहचान कर बंद करने का प्रावधान था। उसी निर्देश के अनुसार प्राधिकरण ने अपने तकनीकी तंत्र को सक्रिय कर संदिग्ध यूआरएल और ऐप्स की पहचान और ब्लॉकिंग प्रक्रिया को तेज किया है। नेपाल दूरसंचार प्राधिकरण के उपनिदेशक सूर्यप्रसाद लामिछाने के अनुसार, पिछले एक सप्ताह में ही ईमेल, टेलीफोन और मैसेज के माध्यम से ऑनलाइन सट्टेबाजी से संबंधित 50 से अधिक शिकायतें प्राप्त हुई थीं। इन सभी शिकायतों को संबोधित करते हुए प्राधिकरण ने अवैध सट्टेबाजी के नेटवर्क पर डिजिटल रोक लगाने की प्रक्रिया आगे बढ़ाई है। नेपाल के कानून में ऑनलाइन सट्टेबाजी को गंभीर अपराध माना गया है। अपराध संहिता की धारा 125 (4) के अनुसार कोई भी व्यक्ति सट्टेबाजी करने या करवाने का अधिकार नहीं रखता। यदि इस कानून का उल्लंघन होता है, तो सट्टेबाजी में उपयोग की गई पूरी रकम जब्त की जाएगी तथा एक वर्ष तक की कैद और 10 हजार रुपये तक का जुमार्ना लगाया जा सकता है।

### राष्ट्रीय समुद्री दिवस पर अमित शाह ने दी शुभकामनाएं, कहा- समुद्री क्षेत्र के कर्मियों की भूमिका अहम

**नई दिल्ली :** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने राष्ट्रीय समुद्री दिवस के अवसर पर देश के समुद्री क्षेत्र से जुड़े सभी कर्मियों को शुभकामनाएं दी है। उन्होंने कहा कि इन कर्मियों की पेशेवर क्षमता, साहस और समर्पण ने भारत की प्रगति को नई दिशा देने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर अपने संदेश में अमित शाह ने समुद्री कर्मियों के अदम्य साहस की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने हर परिस्थिति, चाहे शांतिकाल हो या संकट का समय राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए अपने कर्तव्यों का निर्वहन किया है। उन्होंने कहा कि पूरा देश उनके सेवा भाव और समर्पण को नमन करता है। अमित शाह ने अपने संदेश में यह भी रेखांकित किया कि भारत के समुद्री क्षेत्र की मजबूती देश की आर्थिक प्रगति के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि वैश्विक व्यापार में भारत की बढ़ती भागीदारी में समुद्री मार्गों की अहम भूमिका है, जो देश की अर्थव्यवस्था को गति प्रदान करते हैं। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय समुद्री दिवस हर वर्ष 5 अप्रैल को मनाया जाता है।

# ध्यान आंतरिक परिवर्तन की शुरूआत, बेहतर सोच से बेहतर बनेगी दुनिया : उपराष्ट्रपति

**नई दिल्ली, 05 अप्रैल (हि.स.):** उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन ने कहा कि ध्यान (मेडिटेशन) आंतरिक परिवर्तन की शुरूआत है और सकारात्मक सोच के माध्यम से ही एक बेहतर दुनिया का निर्माण किया जा सकता है। ध्यान व्यक्ति को मानसिक शांति, स्पष्टता और सकारात्मक दृष्टिकोण प्रदान करता है। नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में रविवार को आयोजित 'ग्लोबल कॉन्फ्रेंस ऑफ मेडिटेशन लीडर्स-मेडिटेशन फॉर होलिस्टिक लिविंग एंड ए पीसफुल वर्ल्ड' को संबोधित करते हुए उपराष्ट्रपति ने ये बातें कही।




पिरामिड स्पिरिचुअल सोसाइटीज मूवमेंट और बुद्धा-सीईओ क्वांटम फाउंडेशन की ओर से आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि ध्यान मनुष्य के भीतर एक दीपक जलाने जैसा है, जो अज्ञानता को समाप्त कर व्यक्ति को सत्य और शांति के मार्ग पर ले जाता है। उन्होंने तमिल संत तिरुमूलर की शिक्षाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि मानव शरीर एक मंदिर के समान है और ध्यान के माध्यम से व्यक्ति अपने भीतर स्थित दिव्यता को पहचान सकता है।

उन्होंने वर्तमान वैश्विक परिस्थितियों का उल्लेख करते हुए कहा कि आज दुनिया कई प्रकार की चुनौतियों का सामना कर रही है। संघर्ष केवल बाहरी नहीं बल्कि व्यक्ति के भीतर भी चलता रहता है। ऐसे समय में ध्यान शांति और संतुलन स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यह तनाव को कम करता है, एकाग्रता को बढ़ाता है और भावनात्मक संतुलन को मजबूत बनाता है।

उपराष्ट्रपति ने स्पष्ट किया कि ध्यान केवल आध्यात्मिक साधकों के लिए ही नहीं, बल्कि हर व्यक्ति के लिए उपयोगी है। यह सामान्य व्यक्ति को भी उच्च चेतना की ओर ले जाने में सहायक है। उन्होंने कहा कि भौतिक सफलता की अंधाधुंध दौड़ में जीवन के मूल्यों को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए और ध्यान इस संतुलन को बनाए रखने में मदद करता है। ह्यविकसित भारत-2047ह्न के लक्ष्य का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि देश के आर्थिक विकास के साथ-साथ मानसिक स्वास्थ्य को भी प्राथमिकता देना आवश्यक है। इस दिशा में ध्यान एक प्रभावी माध्यम साबित हो सकता है।

कार्यक्रम में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के पूर्व महानिदेशक डीआर कार्तिकेयन, परमार्थ निकेतन आश्रम ऋषिकेश के अध्यक्ष स्वामी चिदानंद सरस्वती, क्वांटम लाइफ यूनिवर्सिटी के अध्यक्ष डॉ. न्यूटन कोंडावेटी, बुद्धा-सीईओ क्वांटम फाउंडेशन के संस्थापक चंद्र पुलामारसेट्टी और पिरामिड स्पिरिचुअल ट्रस्ट के अध्यक्ष विजय भास्कर रेड्डी सहित कई अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

### नेपाल में अब हफ्ते में दो दिन सार्वजनिक अवकाश

**काठमांडू :** नेपाल सरकार ने रविवार को दो महत्वपूर्ण लिए हैं, जिसके तहत अब सरकारी कार्यालयों के लिए शनिवार और रविवार को दो दिन साप्ताहिक अवकाश घोषित किया है। नए फैसले में सरकारी दफ्तरों के खुलने का समय सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक निर्धारित किया गया है। सरकार के प्रवक्ता सस्मित पोखरेल ने बताया कि सरकारी कार्यालयों और शैक्षिक संस्थानों में अब शनिवार और रविवार को छुट्टी रहेगी। उन्होंने बताया कि पेट्रोलियम आपूर्ति में उत्पन्न असहज स्थिति के कारण यह निर्णय लिया गया है। प्रवक्ता पोखरेल के अनुसार यह व्यवस्था कल सोमवार से लागू होगी। सरकार ने सरकारी कार्यालयों का समय सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक निर्धारित करने का भी निर्णय लिया है। मंत्रिपरिषद की बैठक ने शैक्षिक संस्थानों को छोड़कर अन्य सरकारी कार्यालयों का समय 9 से 5 बजे तक बनाए रखने का निर्णय किया है।यह समय-सीमा शैक्षिक संस्थानों को छोड़कर अन्य सरकारी कार्यालयों पर लागू होगी।

# यूक्रेन पर रूस के रात भर चले ड्रोन हमलों में पांच लोगों की मौत, 30 घायल

**कीव, 05 अप्रैल (हि.स.):** यूक्रेन पर रूसी हमलों ने एक बार फिर हालात को तनावपूर्ण बना दिया है। रात भर चले ड्रोन हमलों में कम से कम पांच लोगों की मौत हो गई और 30 से अधिक लोग घायल हुए हैं। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की की तुर्की यात्रा के दौरान हुए इन हमलों में कई शहरों को निशाना बनाया गया, जिनमें निकोपोल और सूमी शामिल हैं। हमलों से रिहायशी इलाकों, बाजारों और इमारतों को भारी नुकसान पहुंचा है, जिससे क्षेत्र में सुरक्षा स्थिति और गंभीर हो गई है।



अंतरराष्ट्रीय मीडिया एनबीसी के अनुसार यूक्रेनी वायु सेना ने एक ऑनलाइन बयान में बताया कि रूस ने रात भर में यूक्रेन पर 286 ड्रोन दागे, जिनमें से 260 को मार गिराया गया। क्षेत्रीय सैन्य प्रशासन के प्रमुख ओलेक्जेंडर हंझा ने बताया कि निप्रोपेट्रोव्स्क क्षेत्र के निकोपोल शहर में तीन महिलाओं और दो पुरुषों की मौत हो गई। इसके अलावा 19 अन्य लोग घायल हुए, जिनमें एक 14 साल की लड़की भी है। इस हमले में बाजार के स्टॉल और एक दुकान को नुकसान पहुंचा।

ये हमले तब हुए जब यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगन के साथ बातचीत के लिए इस्तांबुल गए हुए थे। वह पूर्वी ऑर्थोडॉक्स ईसाइयों के आध्यात्मिक गुरु एक्यूमेनिकल पैट्रिआर्क बाथोलीम्यू से भी मुलाकात करेंगे। राष्ट्रीय पुलिस ने बताया कि रूस की सीमा से सटे सुमी शहर में हुए एक हमले में 11 लोग घायल हो गए, जिनमें एक 15 साल का किशोर भी शामिल है। इस हमले में रिहायशी इलाकों को निशाना बनाया गया, और घरों, कारों तथा उपयोगिता नेटवर्क को नुकसान पहुंचा। राज्य आपातकालीन सेवा ने बताया कि राजधानी कीव में हुए एक ड्रोन हमले के कारण तीन मंज़िला दफ़्तर और गोदाम वाली एक इमारत की पहली मंज़िल पर आग लग गई। इसमें किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं है। क्षेत्रीय गवर्नर यूरी स्ल्यूसर के अनुसार यूक्रेन की सीमा पर स्थित रूस के रोस्तोव क्षेत्र में एक व्यक्ति की मौत हो गई और चार अन्य घायल हो गए।

स्ल्युसर ने बताया कि इस हमले के कारण एक अज्ञात लॉजिस्टिक्स कंपनी के गोदाम में आग लग गई और तट से कई किलोमीटर दूर किसी विदेशी देश का झंडा लगे एक ड्राई-कार्गो जहाज पर भी आग लग गई। गवर्नर व्याचेस्लाव फेडोरिशचेव ने बताया कि समारा क्षेत्र के शहर तोल्यात्ती में एक व्यक्ति घायल हो गया। उन्होंने कहा कि एक रिहायशी इमारत की छत को नुकसान पहुंचाऔर कई अपार्टमेंट की खिड़कियां टूट गईं।